सुविचार

सहनशीलता ऐसी हो जो कभी न घटे, स्पर्श ऐसा हो जो कभी चोट न पहुंचाए।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

कुल पृष्ठ 16, मूल्य ₹6.00 | वर्ष 19, अंक 24

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,623.26 | ↑ | +79.27 |
| डॉलर | 87.58 | ↓ | -0.14 |

देश में मानसून औसत बारिश 519.3 मिमी

आपके शहर में अब तक 366.4 मिमी | कम/ज्यादा +70 मिमी

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, 2080 | 12 राज्य | 61 संस्करण


## पॉजिटिव न्यूज़

### केरल में कमजोर छात्रों को पुलिस वाले पढ़ा रहे

तिरुवनंतपुरम | केरल के कोच्चि स्थित एक स्कूल में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की आत्मकथा 'विंग्स ऑफ फायर' से प्रेरित होकर 2021 में 'अग्नि पराकाल' अभियान की शुरुआत हुई थी। इसमें पुलिस वाले स्कूल के बाद पढ़ाई में कमजोर और गरीब छात्रों की पहचान करके उन्हें पढ़ाते हैं। इसके लिए 100 दिन का विशेष सत्र होता है। इसमें 5 दिन का आवासीय शिविर होता है। इसका नतीजा काफी उत्साहित करने वाला रहा। इसे देखते हुए यह कार्यक्रम अब पूरे राज्य में शुरू करने की तैयारी है।

### ग्वालियर: घर-घर मांगी किताबें, खोली लाइब्रेरी

ग्वालियर | मप्र के ग्वालियर के अंकित शर्मा को रद्दी में बिकती किताबें देख दुख होता था। वे ऐसे कई जरूरतमंद



छात्रों को जानते थे, जो जरूरी किताबें तक नहीं खरीद पाते थे। उन्होंने घर-घर घूमकर 3 हजार किताबें जुटाईं। इनसे एक लाइब्रेरी खोली। यहां इंटरनेट, और वाईफाई भी लगवाया। यहां पढ़ने का कोई शुल्क नहीं देना होता। यहां आने वाले छात्रों का सेना और पटवारी परीक्षा में चयन होने के बाद उन्होंने दूसरी लाइब्रेरी भी खोल दी। अब तीसरी की तैयारी में हैं।

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में वोटों की गड़बड़ी का खुलासा किया, कर्नाटक की केस स्टडी दिखाई

# राहुल का दावा: आयोग-भाजपा वोट चुरा रहे, नए सबूत दिए; भाजपा बोली- ये साजिश

### कर्नाटक और महाराष्ट्र के सीईओ ने दस्तखत संग राहुल से शपथ पत्र मांगा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग पर भाजपा के साथ मिलकर देशभर में चुनावों में आपराधिक धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया। गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट की पड़ताल सबूत के तौर पर दिखाई। उन्होंने दावा किया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बेंगलोर सेंट्रल सीट के महादेवपुरा विधानसभा खंड में 1 लाख से ज्यादा वोटों में हेराफेरी हुई थी। साथ ही कहा कि वोट चोरी का यह मॉडल देशभर में लागू हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली अब अस्तित्व में नहीं है। न्यायपालिका इस पर संज्ञान ले।

इसके बाद कर्नाटक व महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने राहुल से उन वोटर्स की सूची मांगी, जिनके नाम गलत तरीके से जोड़े या हटाए गए। एक हस्ताक्षरित शपथ पत्र भी मांगा, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। शपथ पत्र की मांग पर पलटवार करते हुए राहुल ने कहा, 'मैंने ये बातें सार्वजनिक रूप से कही हैं। यही मेरी शपथ है।' उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग मुझे दंडित करने से डर रहा है, क्योंकि मैं सच बोल रहा हूं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल के आरोपों को लोकतंत्र और संविधान के खिलाफ साजिश करार दिया। शेष पेज 10 पर



### बेंगलोर सेंट्रल: महादेवपुरा विस में एक लाख वोटों की हेराफेरी मिली

राहुल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस कर्नाटक की 28 में से 9 सीटें ही जीती। पार्टी ने बेंगलोर सेंट्रल में मिली हार की जांच की। यहां भाजपा 32,707 वोटों से जीती थी। विधानसभा वार पड़ताल पर पता चला कि महादेवपुरा के अलावा बाकी क्षेत्रों में कांग्रेस करीब 82 हजार वोटों से आगे थी। महादेवपुरा में भाजपा को 2,29,632 और कांग्रेस को 1,15,586 वोट मिले। यानी यहां से भाजपा को 1,14,046 वोटों की लीड मिल गई। इसलिए पार्टी ने महादेवपुरा में गहन पड़ताल की। जांच में इस क्षेत्र में 1,00,250 वोटों की गड़बड़ी मिली। कांग्रेस ने वोट चोरी के पांच तरीके पकड़ने का दावा किया है।

## कांग्रेस का दावा- इन 5 तरीकों से हो रही 'वोट चोरी'

### 1 डुप्लीकेट वोटर • ऐसे 11,965 केस सामने आए




**केस-1:** गुरकिरत सिंह डांग का वोट 4 जगह मिला। बूथ नंबर 116, 124, 125 व 126 पर अलग-अलग एपिक नं. से वोट। **केस-2:** आदित्य श्रीवास्तव के 2 वोट महादेवपुरा, 1 मुंबई व 1 लखनऊ में। विशाल के 2 वोट महादेवपुरा और 1 वाराणसी में।

### 2 एक ही पते पर अनेक वोटर • 10,452 केस मिले



- बूथ नं. 470 के मकान नं. 35 में एक कमरा है। यहां 80 वोट हैं। बूथ नं. 366 के मकान नं. 791 में 46 वोट हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठान 153 बियर क्लब में भी 68 वोट रजिस्टर्ड मिले हैं।

### 3 फॉर्म-6 का गलत प्रयोग • ऐसे 33,692 केस




- पहली बार के वोटर के फॉर्म से 70 वर्षीय शकुन 2 माह में 2 बार वोटर बनीं। दोनों वोट डले।

### 4 फर्जी और अमान्य पते




- **ऐसे 40,009 केस।** बूथ नं. 432 पर कई वोटों का मकान नं. 0 लिखा है। पता नहीं है। पते में 0, -, # जैसे चिह्न हैं। ऐसे पते हैं, जिनकी जांच नहीं हो सकती।

### 5 अमान्य तस्वीरें




- **ऐसे 4,132 केस हैं।** बूथ नं. 5 और 274 के उदाहरण दिए हैं। इनमें मतदाता सूची में वोटर की फोटो या तो बहुत छोटी लगी है या स्पष्ट नहीं है।

### महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनाव पर भी सवाल उठाए

- **हरियाणा:** राज्य में कुछ वोटों से चुनाव पलटा। 2024 में कांग्रेस 8 सीटों से हारी। इन पर वोटों का अंतर सिर्फ 22,799 है।
- **महाराष्ट्र:** राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में 40 लाख संदिग्ध वोट हैं। 5 महीने में ज्यादा वोट जुड़े। शाम 5 बजे के बाद वोटिंग अचानक बढ़ गई थी।

- राहुल ने कहा कि वोटर लिस्ट में लाखों एंट्रीज की जांच एक-एक करके की गई। आयोग जानबूझकर ऐसे कागज देता है, जिन्हें कंप्यूटर पढ़ नहीं सकता। 7 फीट ऊंचा कागजों का पहाड़ खंगालकर सच्चाई निकाली।

## विवाद छिड़ा

### आप ने कहा- देश और दिल्ली का चुनाव रद्द करो

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, 'मोदी ने पूरे देश का चुनाव चोरी से जीता है। चुनाव का कोई मतलब नहीं। दिल्ली में हमने शिकायत की थी, पर सुनवाई नहीं हुई। दिल्ली और दिल्ली का चुनाव रद्द करो।'

### फडणवीस ने चुनाव चुराने के आरोप सिरे से नकारे

महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राहुल के आरोप नकार दिए। कटाक्ष करते हुए कहा, 'उन्हें अपने दिमाग की जांच करवानी चाहिए। या तो दिमाग चुरा लिया गया है, या दिमाग की चिप गायब है।'

### आज वोट अधिकार रैली, 17 को बिहार में यात्रा की शुरुआत

कांग्रेस शुक्रवार को बेंगलुरु में वोट अधिकार रैली करेगी। राज्य से मतदाता अधिकार आंदोलन शुरू होगा। राहुल 17 अगस्त से बिहार में दो सप्ताह की मतदाता अधिकार यात्रा की भी शुरुआत करेंगे।

साइबर सुरक्षा • सरकार ने हाई रिस्क अलर्ट जारी किया

# एपल के आईफोन, आईपैड, मैक में गंभीर सुरक्षा खतरा

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी सर्ट-इन ने एपल डिवाइस यूजर्स के लिए एक नया अलर्ट जारी किया है। एजेंसी ने आईफोन, आईपैड, मैक, एपल वॉच, एपल टीवी और विजन प्रो जैसे डिवाइसेज में कई गंभीर सुरक्षा खामियों की पहचान की है। इन खामियों का फायदा उठाकर हैकर्स डिवाइस को कंट्रोल कर सकते हैं या यूजर का डेटा चुरा सकते हैं। ये हमले रिमोटली यानी दूर से भेजी गई खास रिक्वेस्ट या फाइल के जरिए किए जा सकते हैं। दुनिया भर में 220 करोड़ सक्रिय एपल डिवाइस हैं। वहीं, सितंबर 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत में लगभग 1 करोड़ लोगों के पास आईफोन है। इससे पहले, मई में एपल ने दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में अपने यूजर्स को स्पाईवेयर का अलर्ट भेजा था। - शेष पेज 10

### असर... पुराना सॉफ्टवेयर चला रहे डिवाइस खतरे में

जिन डिवाइसेज में पुराना सॉफ्टवेयर चल रहा है, वे सबसे ज्यादा खतरे में हैं। इनमें शामिल हैं:

- **आईफोन:** आईओएस 18.6 से पहले के वर्जन।
- **आईपैड:** आईपैडओएस 17.7.9 या 18.6 से पहले।
- **मैक:** मैकओएस सिक्वोइया 15.6, सोनोमा 14.7.7 या वेंचुरा 13.7.7 से पुराने वर्जन।
- **एपल वॉच:** वॉचओएस 11.6 से पहले।
- **एपल टीवी और विजन प्रो:** टीवीओएस या विजनओएस 18.6 / 2.6 से पहले के वर्जन में।

# जस्टिस वर्मा की याचिका खारिज, कोर्ट ने कहा- उनका आचरण भरोसा नहीं जगाता

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें उन्होंने अपने खिलाफ हुई इन-हाउस जांच रिपोर्ट को रद्द करने की मांग की थी। इस रिपोर्ट में उन्हें आधिकारिक आवास में आग लगने के बाद मिली अधजली नकदी के मामले में दोषी ठहराया गया था। कोर्ट ने कहा कि जस्टिस वर्मा का आचरण भरोसा नहीं जगाता, इसलिए उनकी याचिका पर विचार नहीं किया जा सकता। जस्टिस दीपांकर दत्ता व जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा कि जांच पूरी तरह नियमों के अनुसार हुई है। हालांकि, 'फायर ऑपरेशन' की फोटो और वीडियो सुप्रीम कोर्ट वेबसाइट पर अपलोड नहीं की जानी चाहिए थी। पर यह कोई गंभीर चूक नहीं है। - शेष पेज 10 पर

### मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं हुआ: कोर्ट

बेंच ने कहा कि जस्टिस वर्मा के मौलिक अधिकारों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है। हालांकि, अगर उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू होती है, तो वे उसमें अपनी बात रख सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वकील मैथ्यूज जे नेदुमपारा की वह याचिका भी खारिज कर दी, जिसमें जस्टिस वर्मा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।







**तापमान / मौसम**

दिन 36.0° अधिकतम | रात 26.0° न्यूनतम

आमतौर पर बादल छाए रहेंगे। गरज/बिजली के साथ हल्की से बहुत हल्की बारिश हो सकती है।

**शहर में आज**

- रंगमंच खुशी, समाधान! ए हिंग्लिश नाटक
  कहां: द थिएटर, लोधी रोड, 7.30 बजे से
- नृत्यः अन्विता जैन का भरतनाट्यम अरंगनेत्री
  कहां: चिन्मय मिशन, लोधी रोड, 6.30 बजे से

## आईपी यूनिवर्सिटी : एमएड की सीयूईटी स्कोर से काउंसलिंग आज

**नई दिल्ली** | आईपी यूनिवर्सिटी (आईपीयू) के एमएड प्रोग्राम की काउंसलिंग सीयूईटी स्कोर से ऑफलाइन मोड में द्वारका कैंपस में शुक्रवार को आयोजित की जाएगी। सीयूईटी स्कोर से इस प्रोग्राम के सभी आवेदक को काउंसलिंग के दिन कुलसचिव के नाम निर्गत 1,23,500 रुपए का बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाने हैं। इस प्रोग्राम में दाखिले के लिए सीयूईटी स्कोर से ऑनलाइन आवेदन करने वाले सभी आवेदक इस काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। यह प्रोग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारका कैंपस स्थित यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन में उपलब्ध है। इस प्रोग्राम में ईडब्ल्यूएस कोटा मिलाकर कुल 55 सीटें उपलब्ध हैं।

## स्वच्छता अभियान के तहत रिंग रोड, नारायणा में प्लानिंग ड्राइव

**नई दिल्ली** | दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के करोल बाग जोन ने गुरुवार को 'दिल्ली को कूड़े से आजादी-स्वच्छता अभियान' के तहत रिंग रोड, नारायणा में एक प्लानिंग ड्राइव का आयोजन किया। यह ड्राइव न केवल क्षेत्र की सफाई में सहायक रही, बल्कि नागरिकों में स्वच्छता बनाए रखने और प्लास्टिक कचरे को कम करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी मददगार रही। इस अभियान में मुख्य सचिव धर्मेंद्र, महापौर राजा इकबाल सिंह, एमसीडी आयुक्त अश्वनी कुमार, अपर आयुक्त जितेंद्र यादव, करोल बाग जोन की उपायुक्त श्वेतिका सचान और अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासी शामिल हुए।

**विधानसभा** • मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के संबोधन पर विपक्ष ने काटा सदन में बवाल

# कैग रिपोर्ट पर हंगामा, आप विधायक मार्शल आउट

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा के मानसून सत्र के चौथे दिन गुरुवार को सदन के पटल पर वित्त विभाग की कैग रिपोर्ट को चर्चा के लिए रखा गया। जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता वर्ष 2023-24 की कैग रिपोर्ट पर अपना संबोधन देने लगीं तो विपक्ष ने विरोध जताते हुए शोर-शराबा शुरू कर दिया। लगातार विरोध और हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) के कई विधायकों को मार्शल आउट कर दिया। आप के जिन विधायकों को मार्शल आउट किया गया उनमें अनिल झा, कुलदीप कुमार, प्रेम चौहान, सोमदत्त और जरनैल सिंह भी शामिल रहे। आप के कई विधायकों के मार्शल आउट की वजह से हंगामा और बढ़ गया। वहीं, भाजपा विधायक एवं विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने कहा, यह परंपरा है कि सीएम या मंत्री के बोलने के दौरान कोई भी सदस्य हंगामा नहीं करता है, अन्यथा उस पर तुरंत कार्रवाई होती है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कैग रिपोर्ट पर कहा, कुल 4840 करोड़ रुपए की ग्रांट दी गई, लेकिन पानी और बिजली पर फ्री योजनाओं के लिए पैसा खर्च कर दिया गया। उन्होंने पूर्ववर्ती आप सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने स्कूल नहीं बनवाए और कैग रिपोर्ट साफ कहती है कि फ्री योजनाओं पर पैसा खर्च कर दिया गया। फ्री की योजनाओं पर पैसा खर्ज होने की वजह से राजस्व अधिशेष घाटे में बदल गया और 24 अस्पताल अधूरे पड़े रहे, सड़कें और स्कूल नहीं बन पाए। सरकार केवल विज्ञापन करती रही। केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली को बार-बार पैसे भेजे गए, लेकिन राज्य सरकार ने पीएम के नाम पर खर्च करने से इनकार कर दिया।

### स्पीकर ने फांसी घर की जांच विशेषाधिकार समिति को सौंपी

'फांसी घर' को लेकर हंगामेदार बहस के बीच स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने चर्चा में सदस्यों के विचार को ध्यान में रखते हुए फांसी घर को तोड़ने का आदेश देते हुए वर्ष 1912 निर्मित दिल्ली विधानभवन के नक्शे को पुनः लागू करने की बात कही। साथ ही उन्होंने फांसी घर की जांच का मामला विधानसभा की विशेषाधिकार समिति को सौंप दिया।

### दो साल में 8600 करोड़ का घाटा

सीएम ने पूर्व सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जनता की मेहनत की कमाई को मुफ्त योजनाओं में खर्च कर दिया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-23 में दिल्ली सरकार का राजस्व अधिशेष 4566 करोड़ था, लेकिन यह पूरा पैसा खर्च कर दिया गया। परिणामस्वरूप वर्ष 2023-24 में सरकार 3934 करोड़ रुपए के घाटे में पहुंच गई। इस तरह दो वर्षों को मिलाकर लगभग 8600 करोड़ का घाटा हुआ। सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में 50% की गिरावट हुई। जिन 24 अस्पतालों की आधारशिला रखी गई थी, वे आज तक अधूरे हैं। शिक्षा और खेल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में 42% की कमी आई, जबकि सड़क निर्माण और लोक निर्माण विभाग के कार्यों में 40% तक की गिरावट दर्ज की गई।

### इधर... बच्चों के बीच सीएम ने मनाया राखी का त्योहार



**नई दिल्ली** | मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों ने गुरुवार को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों से प्यार से राखी बंधवाई और इस मौके की तस्वीरें भी उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर साझा कीं। मुख्यमंत्री ने अपनी पोस्ट में कहा, "आज सुबह मुख्यमंत्री जनसेवा सदन कुछ अलग ही रंग में था। सरकारी स्कूलों से नन्हें बच्चे जब रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में राखियां लेकर आए तो यह रस्म हमारे रिश्ते की नई परिभाषा थी। उनके छोटे-छोटे हाथों से बांधे गए धागे एक ऐसे कल का वादा थे, जहां हर बच्चा बिना डर, बिना भेद, अपने सपनों की उड़ान भर सके।

**एमसीडी** • तदर्थ व वैधानिक समितियों के चुनाव

## भाजपा 9 में से 8 समितियों पर जीती, 1 के चुनाव टले

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की 7 तदर्थ (एड-हॉक) समितियों और 2 वैधानिक समितियों के गुरुवार को अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों के लिए चुनाव हुए। इनमें से 6 तदर्थ समितियों और दोनों वैधानिक समितियों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर भाजपा के उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। अनुसूचित जाति (एससी) के मामलों से जुड़ी तदर्थ समिति के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पदों पर चुनाव के दौरान विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने वोटिंग के दौरान विरोध किया। इस पर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके कारण धक्का-मुक्की हो गई। इसकी वजह से निगम सचिव कार्यालय के प्रतिनिधियों ने चुनाव को थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया। मेयर राजा इकबाल सिंह ने कहा, आप ने लगातार तदर्थ समिति के चुनाव में व्यवधान उत्पन्न किया, बेल्ट पेपर्स छीन लिया, मतदान बॉक्स को तोड़ने की कोशिश की और वहां उपस्थित सुरक्षा कर्मियों के साथ हाथापाई की। इस वजह से दो बार कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। उसके बाद जब दोबारा से चुनाव करवाने की कोशिश की गई तो फिर से आप ने अराजकता की स्थिति पैदा की, जिसकी वजह से समिति के चुनाव को स्थगित करना पड़ा। उधर, निगम में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने भाजपा सरकार को दलित विरोधी बताया। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान आप पार्षदों ने दलितों के अधिकारों के लिए एससी कमेटी का चुनाव रद्द कराया। भाजपा ने तदर्थ समिति में दलितों की एससी कमेटी को 35 सदस्यों की जगह 21 सदस्यों की बना दी।

### 6 तदर्थ और 2 वैधानिक समितियों के नतीजे

| तदर्थ समितियां | अध्यक्ष | उपाध्यक्ष |
|---|---|---|
| लाभकारी परियोजना समिति | प्रमोद गुप्ता | रितेश सुजी |
| लाइसेंसिंग एवं तहबाजारी समिति | संजीव कुमार | नीतू |
| सामुदायिक सेवा | नीलम | सोनाली |
| महिला कल्याण एवं बाल विकास | रेखा रानी | शिल्पा कौर |
| मलेरिया रोधी उपाय समिति | नीता बिष्ट | मनोज करण |
| शिकायत निवारण समिति | जयवीर राना | प्रवीण कुमार |
| **वैधानिक समितियां** | **अध्यक्ष** | **उपाध्यक्ष** |
| शिक्षा समिति | योगेश वर्मा | अमित खरखरी |
| ग्रामीण क्षेत्र समिति | योगेश वर्मा | शशि यादव |




### इलाके में वर्चस्व को लेकर दो गुटों में चाकूबाजी

**नई दिल्ली** | उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में देर रात इलाके में वर्चस्व को लेकर चल रहे पुराने विवाद में एक गुट ने दूसरे गुट के युवक समीर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में गंभीर रूप से घायल समीर को तत्काल जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने घायल के दोस्त मोहम्मद फरहान के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

## टेलीकॉम केबल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, पांच दबोचे

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एमटीएनएल, एयरटेल और अन्य टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं की भूमिगत कॉपर केबल्स की बड़े पैमाने पर चोरी करने वाले पांच प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में लगभग 1400 किलोग्राम कॉपर वायर, एक ट्रक और एक जेसीबी मशीन बरामद की गई है। गिरोह के सदस्यों की पहचान समीर (लोनी), अमित (लोनी, ट्रक ड्राइवर), आरिफ (नजफगढ़), शकील (लोनी) और अमजद के रूप में हुई है। इनकी गिरफ्तारी से दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में दर्ज एक दर्जन से अधिक मामलों का खुलासा हुआ है। डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया 28 जुलाई की सुबह क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम ने सीआर पार्क क्षेत्र में गश्त के दौरान संदिग्ध गतिविधियां देखीं। टीम ने कुछ व्यक्तियों को अवैध रूप से खुदाई करते हुए पकड़ा। पुलिस को देखते ही कई संदिग्ध भाग गए, लेकिन अमित और समीर को मौके पर धर दबोचा। दोनों ने खुद को एमटीएनएल कांट्रेक्टर बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन पूछताछ में उन्होंने कॉपर केबल चोरी की बात कबूल ली। एमटीएनएल के एक अधिकारी ने मौके पर पुष्टि की कि कोई अधिकृत कार्य नहीं हो रहा था। इसके बाद क्राइम ब्रांच थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। 2 अगस्त को तीन अन्य आरोपियों आरिफ (चोरी का सामान खरीदने वाला), शकील और अमजद को गिरफ्तार किया गया। आरिफ और शकील पहले भी इसी तरह की वारदातों में शामिल रहे हैं और इन्हें हरियाणा के भिवानी जिले से पकड़ा गया। दो साल से सक्रिय था गिरोह जांच में पता चला कि यह गिरोह पिछले दो साल से लोनी, गाजियाबाद को अपना अड्डा बनाकर कॉपर केबल चोरी में सक्रिय था।



क्विज़ - 96
दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
आज अखबार में चांदी के कितने सिक्के छपे हैं?
A:9 B:7 C:5
क्विज़ 94 का सही जवाब A है।
विजेताओं के नाम अंदर देखें।
जीतो सोना चांदी में भाग लें
रोजाना 100 विजेता जीतेंगे
हर हफ्ते 10 विजेता जीतेंगे
10 ग्राम चांदी का सिक्का
01 ग्राम सोने का सिक्का
जवाब देने के लिए QR कोड स्कैन करें।

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

नई दिल्ली, शुक्रवार 8 अगस्त, 2025 | श्रावण, शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, 2080

12 राज्य | 61 संस्करण

**आज का दिन**

**भारत छोड़ो आंदोलन शुरू**
1942. मुंबई के गोवालिया मैदान में भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत हुई। आंदोलन के दौरान पुलिस की गोलीबारी में सैकड़ों लोग मारे गए।

## टैरिफ वॉर: मैं जानता हूं व्यक्तिगत रूप से बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, पर मैं तैयार: मोदी



भास्कर न्यूज, नई दिल्ली | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि हमारे लिए अपने किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश किसानों, पशु-पालकों, मछुआरों के हितों के साथ कभी समझौता नहीं करेगा। 'भारत अपने किसान, पशुपालक और मछुआरा भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा।' उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं।

**किसानों के लिए आज भारत तैयार है**
पीएम ने कहा, 'मेरे देश के किसानों के लिए, मछुआरों, पशुपालकों के लिए आज भारत तैयार है।' वे दिवंगत कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी के अवसर पर वैश्विक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

**दोहरी नीति** • रूस से तेल लेने के नाम पर हमसे पैनल्टी, सबसे ज्यादा खरीदार पर खामोशी

# सवाल... चीन पर टैरिफ कम क्यों? ट्रम्प का कुटिल जवाब... इट्स ओके

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर और प्रतिबंध लगाने की धमकी दी है। ओवल ऑफिस में पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने कहा, आपको और भी बहुत कुछ देखने को मिलेगा। जब उनसे पूछा गया कि चीन भी रूस से तेल खरीद रहा है, उस पर टैरिफ कम क्यों? इस पर ट्रम्प ने सिर्फ 'कोई बात नहीं (इट्स ओके)' कहा। मालूम हो, अमेरिका ने चीन पर 30% और भारत पर 50% टैरिफ लगाया है।



जब ट्रम्प से पूछा गया कि रूस-यूक्रेन से समझौता कर लेते हैं तो भारत से अतिरिक्त टैरिफ हटा लेंगे? इस पर ट्रम्प ने कहा- 'यह बाद में तय करेंगे।' इस बीच, टैरिफ के खिलाफ ब्रिक्स देश साझा बयान जारी कर सकते हैं। ट्रम्प की आलोचना करने में मुखर रहे ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा ने गुरुवार को पीएम मोदी से फोन पर बात की। उन्होंने टैरिफ, ब्रिक्स और द्विपक्षीय मुद्दों पर बात की।

### घरेलू खपत बढ़ाएं, मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस कर लागत घटाएं

**भास्कर एक्सपर्ट**

**विजय कुप्पा,** डायरेक्टर, बॉन्ड कंपनी बिड

टैरिफ लगातार इसी स्तर पर रहता है तो हमें इसके उपाय और विकल्प खोजने होंगे। दुनिया के देश अपने-अपने ढंग से मुकाबला कर रहे हैं। भारत घरेलू खपत आधारित इकोनॉमी है। इसलिए हमें घरेलू खपत बढ़ानी होगी। स्वदेशी पर जोर देना होगा। मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए नीति बनानी होगी। इससे लागत घटेगी। तभी हम ताइवान, वियतनाम जैसे देशों का मुकाबला कर सकेंगे। निर्यात आधारित उद्योगों को सब्सिडी देने पर विचार करना होगा, जिससे लागत घट सके।

**किन देशों ने क्या कदम उठाए**

**चीन: वैश्विक मोर्चे पर...** रूस, तुर्की और दूसरे एशियाई देशों से व्यापारिक संबंध मजबूत किए। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद रूस को दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं की आपूर्ति बढ़ाई। इंडोनेशिया में अपना निवेश बढ़ाया।
- **घरेलू मार्चे पर...** अर्थव्यवस्था के डायवर्सिफिकेशन पर जोर। घरेलू तकनीकी, आत्मनिर्भरता पर फोकस।

**ब्राजील: वैश्विक मोर्चे पर...** ब्रिक्स जैसे समूहों के जरिए वैकल्पिक व्यापार गठबंधनों को मजबूत करने की कोशिश। कृषि और कच्चे माल के निर्यात की क्षमता बढ़ाकर यूरोपीय संघ, एशियाई देशों से व्यापार बढ़ा रहा।
- **घरेलू मोर्चे पर...** आंतरिक नीतियों में सुधार किया। निर्यात केंद्रित उद्योगों की मदद दी जा रही है।

### डोभाल से मिले पुतिन, ट्रम्प से यूक्रेन युद्ध के समाधान पर अगले हफ्ते यूएई में मिलेंगे



**मॉस्को** | रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को क्रेमलिन में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, डोभाल ने बाहरी दबाव के बावजूद रूस के साथ सभी मोर्चों पर सहयोग जारी रखने की देश की प्रतिबद्धता दोहराई। दूसरी तरफ, पुतिन अगले हफ्ते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से संयुक्त अरब अमीरात में मिलेंगे। बैठक की तारीख अभी घोषित नहीं की गई है। -शेष पेज 10

### हमारे बाजार ने ट्रम्प को दिखाई भारत की ताकत




- सेंसेक्स 733 अंक गिरा, लेकिन फिर बाजार बंद होने तक 812 अंक चढ़ा।
- आईटी और बैंकिंग शेयरों में खरीदी।

**उत्तराखंड त्रासदी** • 60 घंटे बाद भी मशीनें नहीं पहुंचीं, रेस्क्यू में अड़चन

# धराली: मलबे में उम्मीदें टूट रहीं, मदद पहुंचने में 4 दिन और लगेंगे

### 80 एकड़ में फैला 20 से 50 फीट का मलबा, मौके पर सिर्फ 3 जेसीबी

मनमीत | देहरादून

उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में प्राकृतिक आपदा को आए 60 घंटे से ज्यादा बीत चुके हैं, लेकिन मलबे में दबे लोगों की तलाश अब तक शुरू नहीं हो पाई है, क्योंकि मौके पर तीसरे दिन भी संसाधन नहीं पहुंच सके। सिर्फ 3 जेसीबी मशीनें हैं, जो करीब 80 एकड़ में फैले 20 से 50 फीट मलबे को हटाने की कोशिश कर रही हैं।

दरअसल, उत्तरकाशी से 100 किमी दूर गंगोत्री तक एक ही सड़क है, जो धराली से गुजरती है। हर्षिल से धराली की 3 किमी की सड़क 4 जगह पर 100 से 150 मी. तक खत्म हो चुकी है। भटवाड़ी से हर्षिल तक हुए तीन बड़े भूस्खलन और गंगनानी से आगे नाग मंदिर के पास 30 मीटर का पुल टूटा है। यहीं वैलीब्रिज बनना है। लेकिन इसका काम गुरुवार को भी शुरू नहीं हो पाया। मलबा हटाने और उसके नीचे लोगों की तलाश के लिए हाईटेक थर्मल सेंसिंग उपकरण और बड़ी मशीनें चाहिए, लेकिन ये सब सामान 60 किमी दूर भटवाड़ी में दो दिन से अटका हुआ है। गुरुवार को एक जनरेटर देहरादून से चिनूक हेलीकॉप्टर के जरिए हर्षिल पहुंचाया गया। धराली में मशीनों का इंतजार कर रहे सेना की 2 इंजीनियर रेजिमेंट के कैप्टन गुरप्रीत सिंह ने बताया कि 5 अगस्त को बादल फटने के बाद जवान 15 से 20 मिनट में यहां पहुंच गए थे। सभी तकनीकी विशेषज्ञ हैं, लेकिन मशीनें नहीं हैं। हम मौजूदा संसाधनों से ही काम चला रहे हैं। 250 से 300 सैन्यकर्मी और अन्य जवान रेस्क्यू में जुटे हैं। हमारा लक्ष्य एक हफ्ते में हर फंसे हुए व्यक्ति को बचाना है।

### 4 जगह भूस्खलन, एक पुल टूटा, दूसरा बहा... सभी दुरुस्त कर रहे



मलबे में लोगों को खोजती टीम।

- एसडीआरएफ कमांडर अर्पण यदुवंशी ने बताया कि मलबे में फंसे लोगों को निकालने का अभियान शुरू नहीं हो पाया है। हर्षिल घाटी में मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी बहाल कर दी है।
- एसडीआरएफ आईजी अरुण मोहन जोशी ने बताया कि धराली में 20 से 60 फीट ऊंचा मलबा है और इसके नीचे भी भी 60 से ज्यादा लोग दबे हो सकते हैं।
- बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन के डायरेक्टर ले. जनरल रघु श्रीनिवासन ने बताया कि 4 बड़े भूस्खलन और एक टूटे पुल को दुरुस्त कर धराली तक सड़क खोलने में 3-4 दिन और लग सकते हैं।
- प्रोजेक्ट शिवालिक के मुख्य अभियंता केबी नागराजा कुमार ने बताया कि एक छोटा पुल बह गया है। शुक्रवार शाम तक नया पुल शुरू कर पाएंगे। फिर भी धराली तक पहुंचने में 4 दिन लग जाएंगे।

### गंगोत्री के रास्ते में फंसे 307 पर्यटकों को निकाला

धराली में दो दिन पहले जब आपदा आई, उस वक्त हर्षिल से गंगोत्री तक करीब 500 पर्यटक थे। बीते दो दिन में सेना और एनडीआरएफ ने बड़े अभियान के तहत 307 पर्यटकों को हेलीकॉप्टर के जरिए निकाला। इनमें 131 गुजरात, 123 महाराष्ट्र, 21 मप्र, 12 यूपी, 6 राजस्थान, 28 केरल, 5 कर्नाटक, 3 तेलंगाना के हैं। सभी को मातली पहुंचाया जा रहा है।

### एहतियाती कदम... बद्रीनाथ के लिए पंजीकरण रोके, केदारनाथ यात्रा भी रुकी

इस बीच, उत्तराखंड सरकार ने धराली आपदा और मानसून के सक्रिय होने के चलते बद्रीनाथ धाम यात्रा के पंजीकरण गुरुवार को रोक दिए गए। वहीं, केदारनाथ यात्रा तीसरे दिन भी शुरू नहीं हो सकी। करीब पांच हजार यात्री फाटा से सोनप्रयाग के बीच रुके हुए हैं। मध्यमहेश्वर यात्रा भी गौड़ार के पास रोक दी गई है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### एनसीईआरटी: नई किताबों की जांच के लिए पैनल

नई दिल्ली | एनसीईआरटी ने नई शिक्षा नीति के तहत तैयार की गई किताबों की सामग्री को लेकर मिली प्रतिक्रियाओं की जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई है। कमेटी साक्ष्यों के आधार पर अपनी रिपोर्ट जल्द सौंपेगी। वहीं, सीबीएसई ने गुरुवार को छात्रों के लिए करियर गाइडेंस डैशबोर्ड और काउंसलिंग मॉडल लॉन्च किया।

### 2016 से अब तक केंद्र में 4.8 लाख पद भरे गए

नई दिल्ली | केंद्र सरकार के विभागों और सेवाओं में 2016 से अब तक करीब 4.8 लाख बैकलॉग पद भरे जा चुके हैं। यह जानकारी केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने राज्यसभा में दी। उन्होंने बताया कि सभी मंत्रालयों और विभागों को बैकलॉग आरक्षित पदों की पहचान के लिए इन-हाउस समिति बनाने का निर्देश दिया गया है।

### सोशल मीडिया पर प्रचार न करें वकील: बार काउंसिल

नई दिल्ली | दिल्ली बार काउंसिल ने वकीलों को सोशल मीडिया पर कानूनी सेवाओं के प्रचार पर चेतावनी जारी की है। काउंसिल ने कहा है कि कुछ वकील वीडियो-पोस्ट से अपने केस, इंटरव्यू और तस्वीरों के जरिए प्रचार कर रहे हैं। यह न केवल पेशेवर आचरण के खिलाफ है, बल्कि आम लोगों को भ्रमित भी करता है।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने 25 किताबों पर लगाया बैन

श्रीनगर | जम्मू-कश्मीर सरकार ने 25 किताबों पर बैन लगा दिया है। सरकार का कहना है कि ये किताबें झूठा नैरेटिव फैलाने, आतंकवाद को महिमामंडित करने और युवाओं को गुमराह करने का काम कर रही थीं। इनमें मौलाना मौदूदी, अरुंधति रॉय, एजी नूरानी, विक्टोरिया स्कोफील्ड और डेविड देवदास जैसे लेखकों की किताबें शामिल हैं। गृह विभाग ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में युवाओं के हिंसा और आतंकवाद की ओर बढ़ने के पीछे इन किताबों का बड़ा हाथ है।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
चांदी का कूपन
90
कूपन काटकर फॉर्मेट में चिपकाएं

**दिल्ली** • यमुना 204.99 मीटर तक पहुंची

# जलस्तर चेतावनी स्तर के पार, मंत्री बोले- स्थिति नियंत्रण में



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली में गुरुवार को पुराने रेलवे पुल पर यमुना नदी का जलस्तर 204.99 मीटर दर्ज किया गया, जो कि चेतावनी स्तर 204.50 मीटर से ऊपर है। यमुना के जलस्तर में यह वृद्धि हरियाणा स्थित हथिनीकुंड बैराज से छोड़े गए पानी के कारण हुई है। हालांकि, दिल्ली के सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री प्रवेश वर्मा ने स्पष्ट किया कि यह मौसमी और सामान्य स्थिति है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

मंत्री प्रवेश वर्मा ने गुरुवार को यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर का निरीक्षण किया। वे 12 नंबर रेगुलेटर तक पहुंचे और नदी किनारे के संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, विभाग पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस बार आईटीओ बैराज के सभी गेट खुले हुए हैं। वर्ष 2023 की तरह इस बार कोई गेट बंद नहीं है, जिससे जलप्रवाह में कोई रुकावट नहीं आ रही है। स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। वर्मा ने यह भी बताया कि निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को पहले ही सतर्क कर दिया गया है और संबंधित एसडीएम लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। जरूरी होने पर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने की पूरी योजना तैयार है। बाढ़ नियंत्रण विभाग की टीमें और राहतकर्मी मैदान में हैं। सभी बैराजों, रेगुलेटरों, पंपिंग स्टेशनों और जल निकासी प्रणालियों की निगरानी की जा रही है।

### उपराष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया शुरू

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली।

उपराष्ट्रपति पद के लिए 9 सितंबर को होने वाले चुनाव की प्रक्रिया गुरुवार से शुरू हो गई। निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। नामांकन की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 22 को इनकी जांच होगी और 25 अगस्त तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक इस्तीफे के बाद यह पद खाली हुआ था।

वहीं एनडीए ने उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार के चयन का अधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंप दिया है। यह फैसला गुरुवार को एनडीए की बैठक में लिया गया।

### कनाडा में कपिल शर्मा के कैफे पर फायरिंग, लॉरेंस गैंग ने ली जिम्मेदारी

**सरे** | भारतीय कॉमेडियन और एक्टर कपिल शर्मा के कनाडा के सरे शहर में स्थित कैफे पर एक महीने के अंदर दूसरी बार फायरिंग हुई है। इंडो-कैनेडियन वॉयस की रिपोर्ट के मुताबिक, फायरिंग की जिम्मेदारी गैंगस्टर गोल्डी ढिल्लों और लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में जल्द मुंबई में हमले की धमकी भी दी गई है। हालांकि, इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। इससे पहले जुलाई के दूसरे हफ्ते में भी इसी कैफे पर फायरिंग हुई थी। उस वक्त रात 1:50 बजे कई गोलियां चलाई गई थीं। यह कैफे जुलाई में ही शुरू हुआ था।

पीएमएलए में गिरफ्तारी की शक्ति की समीक्षा, 5 साल में 5 हजार मामलों में 10% से भी कम में सजा

# सुप्रीम कोर्ट का सख्त लहजा, कहा- ईडी ठगों की तरह बर्ताव नहीं कर सकती, कानून के दायरे में काम करे

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सख्त लहजे में कहा है कि वह 'ठग' की तरह काम नहीं कर सकती। उसे कानून की सीमा में रहकर ही कार्रवाई करनी होगी। कोर्ट ने यह टिप्पणी मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत ईडी को गिरफ्तारी की शक्ति देने वाले 2022 के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान की।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उज्जल भुइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा कि ईडी की छवि को लेकर भी चिंता है। जस्टिस भुइयां ने कहा कि पिछले पांच साल में ईडी ने करीब 5 हजार मामले दर्ज किए, लेकिन इनमें सजा की दर 10% से भी कम है। उन्होंने कहा, "आप कानून के दायरे में रहकर काम करें। जब लोग 5-6 साल जेल में रहने के बाद बरी हो जाते हैं, तो इसकी भरपाई कौन करेगा?' इस पर केंद्र और ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने कहा कि प्रभावशाली आरोपी जानबूझकर जांच में देरी करते हैं। वे कई वकीलों की टीम लगाकर अलग-अलग स्तरों पर बार-बार याचिकाएं दायर करते हैं, जिससे जांच अधिकारी को बार-बार कोर्ट जाना पड़ता है और जांच प्रभावित होती है। सुनवाई अगले हफ्ते भी जारी रहेगी।

### अब समय आ गया कि सख्ती की जाए: कोर्ट

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि पीएमएलए के लिए टाडा और पोटा की तरह अलग कोर्ट बनाई जाएं, जहां रोजाना सुनवाई हो। इससे मामलों का जल्द निपटारा होगा। उन्होंने कहा, 'प्रभावशाली आरोपी फिर भी याचिकाएं दायर करेंगे, लेकिन उन्हें पता होगा कि अगली ही तारीख पर फैसला हो जाएगा। अब वक्त आ गया है कि ऐसे लोगों पर सख्ती की जाए।'

### क्रिप्टोकरेंसी को लेकर कानून पर गंभीरता से हो विचार

एएसजी राजू ने बताया कि कई आरोपी देश छोड़कर केमैन आइलैंड जैसे देशों में चले जाते हैं और क्रिप्टोकरेंसी जैसे आधुनिक तरीकों से जांच को प्रभावित करते हैं। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि सरकार को क्रिप्टोकरेंसी को रेगुलेट करने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

### आसाराम को हाई कोर्ट से राहत, 21 अगस्त तक बढ़ी जमानत की अवधि

**अहमदाबाद** | सूरत दुष्कर्म केस में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात हाई कोर्ट से फिर राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी जमानत अवधि 21 अगस्त तक बढ़ा दी है। आसाराम ने खराब सेहत का हवाला देते हुए तीसरी बार एक महीने की जमानत बढ़ाने की अर्जी दी थी। इसके साथ मेडिकल सर्टिफिकेट भी लगाए गए थे। सरकार ने कोर्ट से इन सर्टिफिकेट की जांच के लिए समय मांगा। कोर्ट ने सरकार को 21 अगस्त तक का समय दिया। इसी अवधि तक आसाराम को भी राहत दी गई। मार्च 2025 में उसे 12 साल बाद पहली बार अस्थायी जमानत मिली थी।

# विमान हादसे के 60 पीड़ित परिवार जाएंगे अमेरिकी कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के 60 परिवारों ने अमेरिका की कोर्ट जाने का फैसला किया है। इन परिवारों ने दुर्घटनाग्रस्त विमान की निर्माता कंपनी बोइंग के खिलाफ मुकदमा दायर करने की तैयारी की है। इसके लिए अमेरिकी विशेषज्ञ वकील माइक एंड्रयूज को नियुक्त किया गया है। इन परिवारों ने दुर्घटना की जांच पर सवाल उठाए हैं। परिवार की मांग है कि उन्हें कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर का कच्चा डेटा दिया जाए, ताकि वे स्वतंत्र जांच करवा सकें।

हादसे में परिवार के तीन सदस्यों को गंवा चुकी तृप्ति सोनी के मुताबिक, आशंका है कि दुर्घटना की निष्पक्ष जांच नहीं होगी। पीड़ित परिवारों को भी जांच में शामिल किया जाना चाहिए। तृप्ति ने बताया, 'अब तक जो रिपोर्ट जारी की गई है, वह सवालों के जवाब देने के बजाए नए सवाल खड़े करती है। एअर इंडिया और बोइंग कंपनी का इसमें बहुत बड़ा आर्थिक हित है।' एंड्रयूज, गंभीर चोट और अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों के विशेषज्ञ हैं। इससे पहले वे फोर्ड और वोक्सवैगन समेत कई विमान, ट्रक और कार बनाने वाली कंपनियों के खिलाफ भी कई केस लड़ चुके हैं।

**भास्कर खास** एक्सपर्ट का मत- हर बार सोचते हैं कि लोग आपसे नाराज हैं, तो यह चिंता नहीं... आदत है, इसे बदलना जरूरी

# फॉनिंग... दूसरों को खुश करने की दौड़ में खुद को भूल रहे हैं, यह आदत रिश्तों को बर्बाद कर रही; हर बात के लिए खुद को दोषी न मानें, अपनी भावनाओं को महत्व दें

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**न्यूयॉर्क** | सैन फ्रांसिस्को की थेरेपिस्ट मेग जोसेफसन के पास एक महिला आईं, जो हर सोशल इवेंट के बाद यह सोचती थी कि वहां मौजूद सभी लोग उससे नफरत करते हैं। हालांकि इसका कोई सबूत नहीं होता, फिर भी वह खुद को दोष देती थीं। मेग कहती हैं, 'इस समस्या से कई लोग जूझ रहे हैं। जैसे किसी बिना एक्सक्लेमेशन मार्क के दोस्त का मैसेज आए, तो लगता है कि वह नाराज है। पड़ोसी हैलो न बोले, तो लगता है कि कुछ गड़बड़ है...। ऐसे में सामने वाले व्यक्ति को खुश करने में जुट जाते हैं। इस व्यवहार को 'फॉनिंग' कहते हैं।' यह एक तरह का स्ट्रेस रिस्पॉन्स है। इस व्यवहार की वजह क्या है और इससे कैसे बचें, बता रहे हैं एक्सपर्ट...

**समस्या की जड़:** व्यक्ति संभावित खतरे को टालने के लिए 'फॉनिंग' के जरिए सामने वाले को खुश करने की कोशिश करता है। मेग कहती हैं,'यह व्यवहार अक्सर बचपन के ट्रॉमा से जुड़ा होता है। जैसे कोई बच्चा ऐसे माहौल में बड़ा होता है जहां अक्सर गुस्सैल पैरेंट्स को शांत करना पड़ता है, तो वह यह आदत विकसित कर लेता है। यह एक तरह की सुरक्षा रणनीति बन जाती है। मेग खुद भी ऐसे ही माहौल में पली-बढ़ीं। वह कहती हैं, 'फॉनिंग कभी-कभी जरूरी होती है, जैसे नौकरी बचाने के लिए। पर, जब यह आदत बन जाती है, तो व्यक्ति हर समय अलर्ट रहता है, भले ही वह सुरक्षित हो। अक्सर लगता है कि खतरा है, जबकि असल में ऐसा नहीं होता। इस व्यवहार से रिश्ते बिगड़ने लगते हैं।

**पहले से राय न बनाएं:** आपको लगता है कि कोई आपसे नाराज है, तो तुरंत खुद को दोषी न मानें। मनोवैज्ञानिक इंग्रिड क्लेटन कहती हैं,'खुद से पूछें- क्या हम जो सोच रहे हैं, वह सच है? क्या सामने वाले का व्यवहार असामान्य है या वह हमेशा ऐसा ही होता है? दूरी की कोई और वजह है? उदाहरण के लिए, अगर दोस्त जवाब नहीं देता, तो जरूरी नहीं कि वह नाराज हो। हो सकता है वह मीटिंग में हो या भूल गया हो। हर बार अपनी गलती मान लेना एक झूठ है, जो चिंतित दिमाग आपको बार-बार बताता है।

**बदलाव धीरे-धीरे लाएं:** फॉनिंग की आदत में फंसे लोगों के लिए 'ना' कहना या अपनी सीमाएं तय करना मुश्किल होता है। मेग कहती हैं कि शुरुआत छोटे कदमों से करें। जैसे- समस्या होने पर भी 'नो प्रॉब्लम' कहते हैं। असल में समस्या है तो रुकें। कोई माफी मांग रहा है, तो तुरंत यह न कहें कि कोई बात नहीं, बल्कि कहें, 'धन्यवाद, अच्छा लगा कि आपने बात की। अगर कोई कहता है कि वह नाराज नहीं है, तो उस पर भरोसा करें। बार-बार यह सोचने की जरूरत नहीं कि उसके मन में क्या चल रहा होगा। मेग कहती हैं,'खुद को ऐसा दिखाने पर लोग आपको वास्तविक नहीं समझते, जिससे मजबूत रिश्ते बनाना मुश्किल हो जाता है। अपनी भावनाओं को महत्व दें।



**मदद मांग लें:** फॉनिंग में व्यक्ति झूठी शांति को असली रिश्ते से ऊपर रखता है। थेरेपिस्ट पीट वॉकर मानते हैं कि किसी भी रिश्ते में ईमानदार व स्पष्ट संवाद जरूरी है। इससे दूसरों की बातों के बीच छिपे अर्थ नहीं ढूंढ़ने पड़ते। जिस व्यक्ति पर भरोसा करते हैं, उसे बताएं कि ईमानदारी से बात करने की कोशिश कर रहे हैं और मदद चाहते हैं।

**ईमानदार बनें:** जब भी लगे कि फॉनिंग कर रहे हैं, तो खुद से पूछें- मैं जो कहने जा रहा हूं, वह सच है? किसी को खुश करने के लिए कुछ ऐसा कह रहा हूं, जो महसूस नहीं करता? मेग कहती हैं,'किसी और को खुश रखना आपके नियंत्रण में नहीं है। आप सिर्फ इतना देख सकते हैं कि समय, ऊर्जा व ध्यान कहां लगाना है। दूसरों को खुश करना अच्छा है, लेकिन खुद को खोकर नहीं।'

# डंकी रूट से युवाओं की तस्करी करने वाले दो लोग गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

एनआईए ने गुरुवार को दो लोगों को अमेरिका में अवैध तरीके से युवाओं को भेजने के मामले में गिरफ्तार किया है। ये लोग डंकी रूट के जरिए युवाओं की तस्करी कर रहे थे। डंकी रूट वह अवैध रास्ता है, जिससे बिना वैध दस्तावेजों के लोग अमेरिका जैसे देशों में घुसने की कोशिश करते हैं। एनआईए ने करनाल निवासी रवि कुमार और गोपाल सिंह को हरियाणा और पंजाब के चार ठिकानों पर छापेमारी के बाद पकड़ा। हरियाणा के करनाल जिले में दो जगह, यमुनानगर में एक और पंजाब के गुरदासपुर में एक जगह छापे मारे गए। एनआईए ने बताया कि तलाशी के दौरान डिजिटल डिवाइस और अन्य सामग्री जब्त की गई है। दोनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हिस्सा हैं।

**असुविधा** • आयुष्मान योजना के तहत इलाज की राशि का भुगतान नहीं, नोटिस चस्पा किया

# जिले के 26 निजी अस्पतालों ने बंद किया इलाज, मरीजों के नहीं हुए ऑपरेशन, बैरंग लौटे

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज करने पर राशि का भुगतान नहीं होने पर निजी अस्पतालों ने गुरुवार से इलाज बंद कर दिया। पहले दिन अस्पतालों से करीब डेढ़ सौ मरीजों को बिना इलाज के लौटा दिया गया। अस्पतालों ने अपने प्रवेश द्वार एवं रिसेप्शन पर सरकार द्वारा राशि भुगतान नहीं किए जाने से इलाज बंद करने का नोटिस चस्पा कर रखा है। जिले में करीब 10.50 लाख आयुष्मान लाभार्थी हैं। इनके उपचार के लिए 26 अस्पताल पैनल पर हैं। इन अस्पतालों का करोड़ों रुपया बकाया है। जो लंबे समय से भुगतान नहीं किया जा रहा। इससे निजी अस्पतालों ने आईएमए के आह्वान पर मरीजों का इलाज बंद कर दिया। सबसे अधिक परेशानी उन लोगों हो हुई जिन्हें डाक्टरों ने ऑपरेशन की गुरुवार की तारीख दी थी। गुरुवार को करीब 25 आपरेशन होने थे, जो नहीं हुए।

एनआईटी पांच स्थित सूर्या ऑर्थो अस्पताल के प्रवेश द्वार व रिसेप्शन पर आयुष्मान लाभार्थियों का इलाज नहीं किए जाने का नोटिस चस्पा था। लोग अपनी संतुष्टि के लिए अंदर जाकर डाक्टरों से भी पूछ रहे थे। रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारी लोगों को उत्तर देकर थक चुके थे। हड्डी का ऑपरेशन कराने पहुंचे भारत कालोनी निवासी वासुदेव ने कहाकि उनका सड़क दुर्घटना में पैर में फ्रैक्चर हो गया था। उसे जोड़ने के लिए रॉड डाली जानी है। आयुष्मान योजना के तहत इलाज करवा रहा हूं।

गुरुवार को ऑपरेशन के लिए अस्पताल पहुंचा तो वहां से लौटा दिया गया। इस समस्या के समाधान के समाप्त होने तक इंतजार करना पड़ेगा। गुरुवार को करीब 25 आपरेशन होने थे, जो नहीं हुए। पर्वतीया कालोनी की कमलेश ने कहाकि उन्हें कुछ दिन से हड्डी संबंधी परेशानी है। उनका आयुष्मान योजना के तहत इलाज चल रहा है। ऑपरेशन के लिए भर्ती किया जाना था, लेकिन लौटा दिया गया। डॉक्टर ने देख लिया, लेकिन ऑपरेशन के लिए मना कर दिया। आयुष्मान की पेमेंट आने के बाद ऑपरेशन करेंगे। जवाहर कालोनी की हेमलता ने कहाकि बेटी को कुछ समय से शारीरिक दिक्कत है। उसका इलाज आयुष्मान योजन के तहत चल रहा है। डॉक्टर ने अस्पतालों व सरकार के बीच सहमति के बाद फोन करने की बात कहकर लौटा दिया।




इलाज बंद करने पर अस्पताल के रिसेप्शन पर पूछताछ करते मरीजों के परिजन। **(इनसेट में अस्पताल के बाहर इलाज बंद करने का लगा नोटिस)**

### निजी अस्पतालों ने क्यों बंद किया इलाज

प्रदेश सरकार पर निजी अस्पतालों का करीब 700 करोड़ रुपया आयुष्मान योजना के तहत किए गए इलाज का बकाया है। सरकार द्वारा भुगतान नहीं किए जाने से निजी अस्पताल प्रबंधकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने में परेशानी आ रही है। सरकार से कई दौर की बातचीत के बाद भी निजी अस्पतालों को भुगतान नहीं किया गया। प्रदेश आईएमए द्वारा सात अगस्त से इलाज बंद किए जाने की चेतावनी दिए जाने के बाद सरकार ने आनन फानन में 300 करोड़ रुपए जारी कर दिए। उसके बाद अभी भी 400 करोड़ रुपया बकाया है। निजी अस्पताल समय से भुगतान सहित अन्य कई मांग कर रहे हैं। जिन पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। इससे इन्होंने गुरुवार से आयुष्मान लाभार्थियों का इलाज बंद कर दिया।

### बीके अस्पताल के चक्कर लगाते रहे

निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान लाभार्थियों को लौटाए जाने पर परेशान लोग बीके अस्पताल पहुंचे। वहां आयुष्मान केंद्र पर लोगों की भीड़ रही। वह केंद्र के कर्मचारियों से पूछताछ करते रहे। अस्पताल के कर्मचारियों के पास आयुष्मान लाभार्थियों के प्रश्नों का कोई उत्तर नहीं था। वहीं आयुष्मान लाभार्थी मुख्य चिकित्सा अधिकारी के पास भी गए। कहीं से भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिलने पर वह निराश होकर घर लौट गए। आयुष्मान योजना के नोडल अधिकारी डा. हरीश आर्य का कहना है कि सरकार व निजी अस्पतालों के बीच एमओयू होता है। इसमें हमारा कोई हस्तक्षेप नहीं होता। हम चाहते हैं कि जनहित को देखते हुए जल्द निजी अस्पताल इलाज शुरू करें।

*निजी अस्पतालों के पास सीमित साधन होते हैं। उन्हीं साधनों से प्राप्त होने वाली आय से अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा दे पाते हैं। आयुष्मान योजना अच्छी है, लेकिन समय पर भुगतान न मिलने से आयुष्मान लाभार्थी का उपचार कर पाना संभव नहीं है। समय पर भुगतान सहित अन्य मांगें पूरी होने के बाद ही आयुष्मान से संबंधित सुविधाएं बहाल होंगी।*
**-सुरेश अरोड़ा,** चेयरमैन, आईएमए आयुष्मान कमेटी

# अश्लील वीडियो के आधार पर ब्लैकमेल कर युवती से दुष्कर्म करने वाले दो अरेस्ट

शादी के पहले भी किया दुष्कर्म, बाद में घर पहुंच गए दो युवक पकड़ लिए गए

भास्कर न्यूज़ | पलवल

कुछ युवकों ने शादी से पहले एक युवती के साथ दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बना ली। इसी के दम पर वे उसके साथ दुष्कर्म करते रहे। इस दौरान युवती की शादी हो गई तो भी आरोपियों ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। उसे ब्लैकमेल करते हुए आरोपी रात को उसकी ससुराल पहुंच उसे घर से उठा ले गए। इसके बाद दुष्कर्म की कोशिश करने लगे। उसने विरोध किया तो घर और पड़ोसी इकट्ठा हो गए। उन्होंने दो आरोपियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। बहीन थाना पुलिस ने भाई की शिकायत पर तीन नामजद सहित चार के खिलाफ केस दर्ज किया।

थाना प्रभारी यशवीर के अनुसार मथुरा जिला निवासी युवक ने दी शिकायत में कहा कि उन्होंने बहन की शादी बहीन थाना क्षेत्र के एक गांव में की है। आरोप है युवती के मायके के गांव के मुनासिब उर्फ काला, रोहित, मुस्तकीम व एक अन्य युवक उनकी बहन को शादी के पहले से ही परेशान कर रहे थे। आरोपियों ने इस दौरान बहन की अश्लील वीडियो भी बना ली थी। उसी के बल पर वे उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करते थे। वीडियो के कारण बहन चुप रही। पांच अगस्त की रात करीब दो बजे आरोपी बहन की ससुराल पहुंच गए। घर में सो रही बहन का मुंह दबा उसे उठा ले गए और दुष्कर्म करने लगे। विरोध करने पर वीडियो उसके पति को दिखाने व जान से मारने की धमकी दी। लेकिन बहन के चिल्लाने से परिजन व पड़ोसी जाग गए। इसके बाद ग्रामीणों ने मुनासिब उर्फ काला व रोहित को मौके पर ही पकड़ लिया। जबकि दो आरोपी भाग निकले। ग्रामीणों ने पुलिस बुलाकर दोनों को उसके हवाले कर दिया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

# स्टेट ऑफ द आर्ट ई लाइब्रेरी नए साल में खुलेंगे

एचएसआईआईडीसी व एचएसवीपी के अधिकारियों संग डीसी ने अहम बैठक की

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

सेक्टर-12 के टाउन पार्क में बन रही अत्याधुनिक "स्टेट ऑफ द आर्ट" ई-लाइब्रेरी को लेकर डीसी विक्रम सिंह ने गुरुवार को एचएसआईआईडीसी एवं एचएसवीपी के अधिकारियों के साथ समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान कहा कि यह प्रदेश की पहली ऐसी ई-लाइब्रेरी होगी जो आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगी। इसका लाभ पाठकों को मिलेगा। डीसी ने कहा इस हाईटेक ई-लाइब्रेरी में एयर कंडीशन, हाई स्पीड इंटरनेट, फायर फाइटिंग सिस्टम, सुंदर फर्नीचर से युक्त विस्तृत बैठक क्षेत्र जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं होंगी। यह ई-लाइब्रेरी सेक्टर 12 स्थित टाउन पार्क में 10 हजार वर्ग फुट पर बनी एचएसवीपी की बिल्डिंग में एचएसआईआईडीसी द्वारा सीएसआर पहल के तहत करीब 2 करोड़ से से बन रही है। उन्होंने बताया नए साल तक यह ई-लाइब्रेरी आमजन के लिए खोल दी जाएगी। डीसी के अनुसार लाइब्रेरी की बिल्डिंग का निर्माण कार्य एचएसवीपी पहले ही पूरा कर चुका है। अब इसके आधुनिकीकरण का कार्य अब एचएसआईआईडीसी द्वारा किया जाएगा। बैठक में एचएसवीपी के एसई मनोज सैनी, एचएसआईआईडीसी के सीनियर मैनेजर पुरुषोत्तम कुमार, एचएसवीपी के जेई आजाद सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सूदखोरों की धमकियों से परेशान होकर युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

भास्कर न्यूज़ | पलवल

जनौली गांव में एक युवक ने सूदखोरों की धमकियों से परेशान होकर घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गदपुरी थाना पुलिस ने भाई की शिकायत पर आठ आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। थाना प्रभारी अश्वनी कुमार के अनुसार जनौली निवासी अमर सिंह ने दी शिकायत में कहाकि उनके छोटे भाई 24 वर्षीय योगेश ने बताया था कि वह सूदखोरों से परेशान है। उन्हें जान से मारने व झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उनके परिवार पर पहले से ही झूठा केस चल रहा है।



मृतक योगेश

आरोपियों के नाम जनौली गांव निवासी आरोपी गौरव, प्रमोद, अवतार, अनिल, कुलदीप, प्रह्लाद, विनेश व पानीपत निवासी सचिन वर्मा हैं। उन्होंने शिकायत में कहा कि विनेश कुमार ब्याज पर पैसे देता और फिर पैसे वापस न मिलने पर जान से मारने की धमकी देता है। वहीं सचिन वर्मा कुछ दिन पहले योगेश के घर पहुंचा और धोखे से योगेश से चार लाख रुपए खाते में व डेढ़ लाख रुपए कैश ले लिए।

आरोपी लगातार उनके भाई को परेशान कर रहे थे। इससे योगेश ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने अमर सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मोटा मुनाफा कमाने का लालच दे 8.97 लाख की ठगी में आरोपी गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

शेयर मार्केट में मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर 8.97 लाख की ठगी में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सेंट्रल में सेक्टर-30 निवासी ने दी शिकायत में कहा कि उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक विज्ञापन देखा जो शेयर मार्केट से पैसे कमाने के संबंध में था। उन्होंने लिंक पर क्लिक किया तो उन्हें व्हाट्सएप से जोड़ लिया गया। ग्रुप में शेयर मार्केट में पैसे निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने की चैट आती थीं। इसके बाद ठगों ने निवेश के नाम पर उनसे 8.97 लाख रुपए ले लिए।

# डिजिटल अरेस्ट कर 1.3 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी में खाताधारक अरेस्ट

इस मामले में 18 आरोपियों को पहले ही जेल भेजे जा चुका है

भास्कर न्यूज़ | फरीदाबाद

डिजिटल अरेस्ट कर 1.3 करोड़ से अधिक की ठगी में खाताधारक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का नाम सज्जन है और वह हरियाणा के हिसार जिले के दौलतपुर गांव का रहने वाला है। आरोपी बीकाम पास है और गांव में सूअर फार्म चलाता है। उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में 18 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

साइबर थाना एनआईटी में सेक्टर-46 निवासी महिला ने दी शिकायत में कहा कि वह एक कंपनी की मालिक हैं। 29 सितंबर को उनके फोन पर एक कॉल आई। फोन पर एक-एक कर कई लोगों ने बात की। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी के खाते से अवैध पैसे का लेन-देन हुआ है। उन्होंने उनके व्हाट्सएप पर अवैध पैसे के लेन-देन के बारे में एक नोटिस भेजा। इसे पढ़ने के बाद वह परेशान हो गईं। इसके बाद ठग लगातार उन्हें वीडियो कॉल कर धमकी देते कि वह किसी को भी कुछ न बताएं। न ही अपना कमरा छोड़ें। नौकरों को भी बाहर निकाल दें। ठग लगातार वीडियो कॉल से उन पर निगरानी करते रहे। ठगों ने उन्हें डराकर 1,03,70,000 रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करा लिए।

### फॉलोअप: ऑटो के ऊपर कैंटर पलटने से घायल 13 सवारियों में से दो की मौत

भास्कर न्यूज़ | पलवल

नेशनल हाईवे-19 पर सवारियों से भरे ऑटो पर कैंटर के पलटने से घायल 13 सवारियों में से इलाज के दौरान बुधवार देर रात ऑटो चालक सहित दो की मौत हो गई। जबकि दो महिलाओं की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शहर थाने की भवनकुंड चौकी प्रभारी वीरेंद्र के अनुसार सीकरी गांव की साईं कंपनी से ड्यूटी कर ऑटो से पलवल लौट रहीं शिव कॉलोनी निवासी इंद्रेश, रसूलपुर गांव निवासी बीना, जनौली गांव निवासी पूनम, कासीपुर गांव निवासी काशीराम, पलवल निवासी सचिन व भारत, खजूरका गांव निवासी सुभाष ऑटो चालक, इस्लामाबाद निवासी रचना, कैलाश नगर निवासी श्यामवती, सल्लागढ़ निवासी सरोज, बामनीखेड़ा गांव निवासी सावित्री व गीता, रीना, सीमा व रानी देवी आदि इस हादसे में घायल हो गए थे।

## गुरुग्राम

सुशांत लोक, डीएलएफ, गोल्फ कोर्स रोड समेत कई सड़कें गड्ढों से अछूती नहीं

# एक साल में सड़कों की मरम्मत पर 200 करोड़ खर्च, फिर भी मानसून में बिगड़ी सूरत

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में मानसून की बारिश को शुरू हुए करीब सवा महीना हुआ है, लेकिन बारिश के कारण शहर की सड़कों की बदहाल हो चुकी हैं। जबकि पिछले एक साल में गुरुग्राम की सड़कों के रखरखाव व मरम्मत पर करीब 200 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन गड्ढों से मुक्ति नहीं मिल पाई। सोशल मीडिया पर लगातार सड़कों के गड्ढों व जलभराव को लेकर गुरुग्राम सुर्खियों है। इस मानसून में शहर की 40 सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। यही नहीं सड़कों के गड्ढों व क्षतिग्रस्त होने को लेकर सैंकड़ों शिकायतें नगर निगम व जीएमडीए के अधिकारियों को भेजी जा चुकी हैं। इन शिकायतों को देखते हुए अधिकारियों ने गुरुग्राम की सड़कों पर 300 से ज़्यादा गड्ढों की पहचान की है, जिनमें पॉश क्षेत्र की सड़कें भी शामिल हैं। गुरुग्राम की सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी जीएमडीए, नगर निगम व पीडब्ल्यूडी के अलावा एनएचएआई के पास है।

सेक्टर 77 निवासी दिव्यांशी का कहना है कि वे करोड़ों का फ्लैट लेकर रहती हैं, लेकिन मानसून के दौरान बारिश में बाहर निकलना सुरक्षित नहीं है। हालात ये हैं कि जरुरी सामान की डिलीवरी भी समय पर नहीं मिल पाती। सेक्टरों की बदहाल स्थिति के कारण डिलीवरी ब्वाय तक सेक्टर की तरफ आने से कतराते हैं। इसी तरह सेक्टर-93 के रहने वाले देवेश कहते हैं कि थोड़ी सी बारिश में ही सड़कों पर जलभराव होने व दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर रात के समय गुरुग्राम की सड़कों पर चलना मतलब दुर्घटना को न्यौता देना है। लेकिन शिकायतों के बावजूद भी कोई सुधार नहीं होता।

### बारिश के बाद शुरू होगी सड़कों की मरम्मत



गुरुग्राम शहर की सड़कों की हालत बदतर हो चुकी है। यहां तक की पॉश एरिया की सड़कों में भी गहरे गड्ढे बन चुके हैं। सुशांत लोक, सेक्टर-43, सेक्टर-46, सेक्टर-47, सेक्टर-56 के अलावा ओल्ड गुरुग्राम के सेक्टर-10, सेक्टर-37, पेस सिटी, सेक्टर-9, सेक्टर-4 व 7 की सड़कों से पैदल चलना भी बारिश में मुश्किल हो जाता है। सुशांत लोक की मुख्य सड़क के गेट पर ही गहरा गड्ढा बना हुआ है, जहां पर मलबा डालकर लोगों को निकलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। नगर निगम के कमिश्नर प्रदीप दहिया ने कहा कि गुरुग्राम की सड़कों की मरम्मत बारिश के बाद शुरू होगी। हमें शिकायतें मिली हैं और हम अपना सर्वे करा रहे हैं। गुणवत्तापूर्ण काम नही करने वाले ठेकेदारों पर जुर्माना लगाया जाएगा। इसके अलावा ऐसे ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट भी करेंगे।

### पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1.63 लाख रुपए ठगे

**गुरुग्राम** | साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने कंपनी से सामान खरीदकर पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1,62,886 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।सेक्टर-9 निवासी केसर देव गुप्ता ने पुलिस को शिकायत दी कि वह गुरुग्राम के कादीपुर स्थित मंगलम सेफ पैक इंडस्ट्री में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती 24 जुलाई को उसके पास एक कॉल आई, जिसने अपना नाम कुलदीप चौधरी बताया था।

# एचएसवीपी का मार्केट क्षेत्र व रिहायशी पॉकेट्स नगर निगम को किया हस्तांतरण

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने अपने विकसित मार्केट क्षेत्रों, वाणिज्यिक स्थलों एवं आवासीय पॉकेट्स का रखरखाव और सेवाओं की जिम्मेदारी नगर निगम गुरुग्राम को सौंप दी है। यह महत्वपूर्ण स्थानांतरण गुरुवार को मेयर राजरानी मल्होत्रा की उपस्थिति में निगमायुक्त प्रदीप दहिया एवं एचएसवीपी की प्रशासक वैशाली सिंह द्वारा औपचारिक रूप से पूरा किया गया।

इस हस्तांतरण के तहत कुल 20 मार्केट क्षेत्र, एक इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र एवं 20 रिहायशी पॉकेट्स को नगर निगम को सौंपा गया है। जिन मार्केट क्षेत्रों का स्थानांतरण हुआ है, उनमें सेक्टर-21, 22, 23, 31, 32, 38, 39, 40, 45, 46, 4, 7, 7 एक्सटेंशन, 10ए, 14, 15 पार्ट-1 और पार्ट-2, 17, 56 तथा ओल्ड जेल लैंड स्थित मार्केट शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सेक्टर-44 के इंस्टीट्यूशनल क्षेत्र के प्लॉट नंबर 6 से 12 को भी नगर निगम को सौंपा गया। रिहायशी पॉकेट्स में सेक्टर-22, 52, 57 पार्ट-1 और पार्ट-2, सेक्टर-40, 49, 50, 43, 9ए और सेक्टर-10 के वे क्षेत्र शामिल हैं, जो पहले एचएसवीपी ने अपने पास रख हुए थे क्योंकि विकास कार्य वहां पूर्ण नहीं हो पाए थे। अब इन क्षेत्रों की देखभाल भी नगर निगम की जिम्मेदारी होगी।

# पीड़ित भाई को देखने दौड़े कांस्टेबल की पिस्टल से चली गोली सिर में लगने से मौत, भाई की भी मौत

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

बिलासपुर थाना एरिया में चचेरे भाई के सीने में दर्द उठने पर उसे देखने के लिए दौड़े पिस्टल साफ कर रहे जज के गनमैन कांस्टेबल का पैर फिसल गया। इस दौरान पिस्टल से चली गोली कांस्टेबल के सिर में लगने से उसकी मौत हो गई। वहीं उसके भाई की अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया और जांच शुरू कर दी है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव लांगड़ा निवासी कांस्टेबल शक्ति सिंह (30 वर्ष) नूंह में जज के गनमैन के तौर पर तैनात था। वह सुबह ड्यूटी पर जाता था और शाम को वापस घर लौट जाता था। बुधवार को शक्ति सिंह दोपहर 2 बजे ड्यूटी पर गया था। रात को वह साढ़े 9 बजे घर पहुंचा। देर रात वह अपनी सरकारी पिस्टल साफ कर रहा था। अचानक उसके चचेरे भाई नवीन के सीने में दर्द होने की जानकारी उसे मिली। वह उसे देखने के लिए दौड़ा तो उनका पैरा फिसल गया। नीचे गिरते ही हाथ में पकड़ी पिस्टल से गोली चल गई और शक्ति सिंह के सिर में लगी। आनन-फानन में दोनों भाइयों को अलग-अलग अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### सेक्टर 9 पावर हाउस से कई कॉलोनी में बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**गुरुग्राम** | बिजली निगम के सेक्टर 9 पावर हाउस के पास गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा लीकेज को बंद करने के दौरान शुक्रवार 8 अगस्त को बिजली आपूर्ति प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रभावित होगी। इस दौरान सेक्टर-10, विकास नगर, बसई रोड, बसई इंडस्ट्रियल एरिया, न्यू कॉलोनी, गीता भवन, ज्योति पार्क, गुरुद्वारा, रवि नगर, फिरोज गांधी आदि जगहों पर कट लगेंगे।

# रील बनाने के लिए चलती थॉर में युवती का स्टंट, पुलिस जांच जारी

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

नेशनल हाईवे- 48 पर रील बनाने के लिए चलती थॉर में युवती का स्टंट करने वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक युवती रील बनाने के लिए चलती थॉर की छत पर बैठ गई। इस दौरान वह अलग-अलग तरह से पोज बनाकर रिकॉर्डिंग कर रही है। वहीं इस वीडियो को थॉर के पीछे चल रहे किसी व्यक्ति ने रिकॉर्ड कर लिया। जिसके बाद इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। वहीं गुरुग्राम पुलिस भी एक्टिव हो गई और गाड़ी का नंबर ट्रेस करना शुरू कर दिया है।

पुलिस ने थॉर गाड़ी का नंबर ट्रेस करके उसके मालिक के बारे में पता लगा लिया है। पुलिस के अनुसार यह वीडियो 02 अगस्त का है। बारिश के दौरान मौसम का आनंद लेती युवती के थॉर गाड़ी पर बैठने का 33 सेकंड का वीडियो है। एनएच-48 पर चल रही थॉर की छत पर बैठी यह युवती अपने



मोबाइल को घुमा-घुमा के हाईवे के चारों ओर के नजारे शूट कर रही है। वह कभी मोबाइल के कैमरे में रोड के ट्रैफिक को शूट करती है तो कभी खुद को मोबाइल के कैमरे में देखकर पोज देने लगती है।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने कमेंट्स करके ट्रैफिक नियमों को तोड़ने और हाईवे पर अपने साथ अन्य लोगों की जान खतरे में डालने की बात कही गई। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार का कहना है कि वीडियो 02 अगस्त का है। थॉर गाड़ी का नंबर ट्रेस करके सेक्टर-29 थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। जल्द ही थार गाड़ी चलाने वाले और युवती को जांच में शामिल करके पूछताछ की जाएगी।

### डेंगू के तीन नए मरीजों की पहचान, संदिग्ध 77 मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम में डेंगू का खतरा रोजाना बढ़ने लगा है। बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वहीं डेंगू के मरीजों की संख्या में इजाफा हो गया है। गुरुवार को गुरुग्राम में डेंगू के तीन नए मरीजों की पहचान हुई, जिससे कुल मरीजों का आंकड़ा बढ़कर 39 हो गया। जबकि बुखार के 77 संदिग्ध मरीजों के सैंपल डेंगू की जांच के लिए भेजे गए हैं। पिछले पांच दिन में ही डेंगू के 14 मरीज सामने आ चुके हैं।

ऐसे में लोगों को डेंगू से बचाव के लिए सचेत रहना होगा। जिला में डेंगू व मलेरिया के मरीज तेजी से मिलने से स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप है। गुरवार को मिले तीन मरीजों में से किसी को भी अस्पताल में एडमिट नहीं किया गया है। केवल दो मरीज नागरिक अस्पताल में एडमिट हैं। मलेरिया के भी आठ मरीजों की पहचान हो चुकी है। गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों की जांच में 142 मकानों में लार्वा मिला।

# गुरुग्राम को स्वच्छ बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करें: आयुक्त



भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

गुरुग्राम मंडल के आयुक्त आरसी बिढ़ान ने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए तीन बातों पर विशेष ध्यान देना होगा, पहली सभी एरिया में ट्रैक्टर ट्राली के समीप कूड़ा नहीं पड़ा होना चाहिए, साथ ही कोई बाहर डालने का प्रयास करें तो पहले उसे समझाएं अगर फिर भी ऐसा करें तो उसका चालान किया जाए तथा तीसरी बात पॉलीथिन के इस्तेमाल पर सख्ती से रोक लगाओ। उन्होंने यह बात गुरुवार की को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में स्वच्छता को लेकर प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए कही। डीसी अजय कुमार व नगर निगम के कमिश्नर प्रदीप दहिया भी बैठक में मौजूद रहे।

मंडल आयुक्त ने बैठक में प्रभारी अधिकारियों से वार्डवार स्वच्छता से संबंधित कार्यों की रिपोर्ट लेते हुए समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रभारी अधिकारी शुक्रवार की सुबह अपने अपने एरिया में स्वच्छता से संबंधित कार्यों का निरीक्षण करेंगे। साथ ही कचरा संवेदनशील केंद्रों (जीवीपी) का गूगल लोकेशन के साथ ग्रुप में फोटो शेयर करेंगे। यह कार्य सात बजे तक हो जाना चाहिए, इसके उपरांत सभी ट्राली पर एक-एक स्वच्छता कर्मी होना चाहिए जोकि लोगों को कचरा ट्राली में डालने के लिए प्रेरित करे।

### पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1.63 लाख ठगे, जांच जारी

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने कंपनी से सामान खरीदकर पेमेंट करने के नाम पर कंपनी मैनेजर से 1,62,886 रुपए की ठगी कर ली। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गुड़गांव के सेक्टर-9 निवासी केसर देव गुप्ता ने कहा कि वह गुड़गांव के कादीपुर स्थित मंगलम सेफ पैक इंडस्ट्री में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। बीती 24 जुलाई को उसके पास एक कॉल आई। जिसने अपना नाम कुलदीप चौधरी बताते हुए कहा कि वह सीआईएसएफ में काम करता है।

उसने पैकिंग मैटिरियल की डिमांड की तो केसर ने उससे पर्चेज ऑर्डर मांगा। जिसके देने के बाद 50976 रुपए का मटेरियल इन्वाइस व गाड़ी के साथ भेज दिया गया। कुलदीप ने दो अकाउंट नंबर देते हुए गेट पास के लिए पांच रुपए ट्रांसफर करने को कहा था।

# स्वतंत्रता दिवस: डीसीपी ने ली सुरक्षा को लेकर अहम बैठक

यातायात पुलिसकर्मियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश

भास्कर न्यूज़ | गुरुग्राम

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों और सुरक्षा को लेकर पुलिस उपायुक्त (यातायात) डॉ. राजेश मोहन ने बृहस्पतिवार को आयोजित बैठक में यातायात पुलिसकर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की।

पुलिस उपायुक्त डॉ. राजेश मोहन ने बैठक में बताया कि 15 अगस्त को आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रमों की रिर्हसल और मुख्य आयोजन के दौरान भारी माल वाहक वाहनों का दिल्ली में प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा। 12 अगस्त की शाम पांच बजे से 13 अगस्त की दोपहर 12 बजे प्रतिबंध रहेगा। वहीं, 14 अगस्त को शाम पांच बजे से 15 अगस्त दोपहर 12 बजे तक दिल्ली की सीमा में प्रवेश वर्जित रहेगा। केवल आवश्यक सामग्री वाले वाहन जैसे दूध, फल, सब्जी, एंबुलेंस फायर ब्रिगेड आदि वाहनों का दिल्ली की ओर जाते समय कोई प्रतिबंध नहीं होगा। एयरपोर्ट पर जाने वाले यात्री वाहनों का एनएच-48 से दिल्ली की ओर जाते समय कोई प्रतिबंध नहीं होगा। इसके अलावा एयरपोर्ट के लिए यात्री अपने वाहनों से द्वारका एक्सप्रेसवे का भी इस्तेमाल करके जा सकेंगे। गुरुग्राम से अन्य जिलों पलवल, नूंह, फरीदाबाद, झज्जर, रेवाड़ी और राजस्थान जाने वाले वाहनों पर किसी भी प्रकार का कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा। भारी माल वाहक वाहनों पर दिल्ली-जयपुर हाईवे (एनएच-48) व अन्य राष्ट्रों से दिल्ली में प्रवेश करने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं, पुलिस उपायुक्त ने यातायात पुलिस के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सजगता से ड्यूटी करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।


Rajdhani®
"प्रथमं धनं आरोग्यम्"
Rajdhani
Sooji
सूजी
READY TO COOK
WHEAT PRODUCT
Rajdhani
POHA
Khao kabhi bhi ..
Kaise Bhi ..
Rajdhani
Dal
दाल
Rajdhani
FULL FIBRE WHEAT FLOUR
chakki
Atta
Rajdhani
DURUM WHEAT SEMOLINA
PASTA
JUST PURE GOODNESS
Rajdhani
Roasted
Dalia
WHEAT DALIA
500 g
Rajdhani
SELECT
MAIDA
REFINED WHEAT FLOUR
SINCE
1966
Rajdhani
Roasted
Seviyan
Short Cut
We love to see your smile... Break into a healthy laughter!
VICTORIA FOODS PVT. LTD.
www.rajdhanigroup.com
/rajdhaniworld
/rajdhaniworld

**कोर्ट ने नाराजगी जताई, पूछा** • किसानों-खेती मजदूरों का क्या होगा, कोई शिकायत निवारण तंत्र भी नहीं

# लैंड पूलिंग नीति वापस लेने से सरकार का इनकार, हाईकोर्ट ने लगाई रोक

भास्कर न्यूज़ | चंडीगढ़

*"हम नीति पर रोक लगाएंगे और सरकार को चिंताओं को दूर करने का समय देंगे।" -हाईकोर्ट*

पंजाब लैंड पूलिंग पॉलिसी पर वीरवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई। पॉलिसी वापस लेने से पंजाब सरकार के इनकार के बाद हाईकोर्ट ने इस पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी। जस्टिस अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि अगर सरकार इस पॉलिसी को वापस नहीं लेती तो कोर्ट इस पर रोक लगाएगी। खंडपीठ ने पॉलिसी के तहत किसानों, वहां काम करने वाले मजदूरों और भूमि मालिकों के लिए कोई ठोस प्रावधान न होने पर चिंता जताई, जिनके भूमि विहीन होने की आशंका है। कोर्ट ने यह भी कहा कि पॉलिसी में परियोजना की समाप्ति की कोई समय-सीमा नहीं है, और न ही कोई शिकायत निवारण तंत्र उपलब्ध कराया गया है। ऐसे में कोर्ट इन खामियों को दूर करने के लिए पंजाब सरकार को समय देगी और इस दौरान पॉलिसी पर रोक रहेगी। मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को होगी।

कोर्ट ने यह भी पूछा कि सामाजिक प्रभाव आकलन क्यों नहीं कराया गया। अदालत के सहयोगी वकील शैलेन्द्र जैन ने दलील दी कि यह आकलन सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार अनिवार्य है और बिना इसके नीति लागू करना 2013 भूमि अधिग्रहण कानून के तहत अनुचित है। इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि यह अधिग्रहण राइट टू फेयर कंपनसेशन एंड ट्रांसपरेंसी इन लैंड एक्यूजीशन, रिहैबिलिटेशन एंड रिसेटलमेंट एक्ट, 2013 के तहत नहीं हो रहा है। अभी विकास कार्य शुरू नहीं हुए हैं इसलिए असेसमेंट की आवश्यकता नहीं है। पंजाब सरकार की ओर से एडवोकेट जनरल मनिंदरजीत सिंह बेदी और वरिष्ठ वकील गुरमिंदर सिंह ने कोर्ट को बताया कि यह नीति स्वैच्छिक है। उन्हीं जमीन मालिकों की जमीन ली जाएगी जो स्वयं इस योजना के लिए सहमत होंगे। इसके बदले उन्हें मकान अथवा जमीन दी जाएगी।

## मान व केजरीवाल के दौरे से पहले आईईडी बरामद

**पंडोरी तरनतारन** | पंजाब की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स व तरनतारन पुलिस ने मिलकर वीरवार को बड़ी आतंकी साजिश नाकाम कर दी। खुफिया इनपुट के आधार पर वीरवार दोपहर 12 बजे सर्च ऑपरेशन के दौरान तरनतारन के कस्बा नौशहरा पन्नुआं के पास आईईडी (इम्प्रूवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद की गई। यह थाना सरहाली से डेढ़ किमी की दूरी पर थी। एजीटीएफ ने बम निरोधक दस्ते को मौके पर बुलाया और आईईडी को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय किया। आतंकियों की स्वतंत्रता दिवस से पहले धमाका करने की प्लानिंग थी। यह साजिश ऐसे समय पर रची जब 2 दिन के बाद सीएम भगवंत मान और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल तरनतारन पहुंच रहे हैं। आतंकी गुरपंतवंत सिंह पन्नू की ओर से वीडियो डालकर सीएम भगवंत सिंह मान को जान से मारने की धमकी दी है। उसी दिन आईईडी का मिलना किसी बड़ी साजिश की ओर संकेत कर रहा है। एसएसपी पारीक ने जिले में हाई अलर्ट जारी कर दिया है। संदिग्ध लोगों और वाहनों की चेकिंग की जा रही है।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरु करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

## हिमाचलः स्कूल और कॉलेजों में जल्द भरेंगे शिक्षकों के पद



बैठक लेते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

**शिमला** | हिमाचल प्रदेश के स्कूलों और कॉलेजों में लंबे समय से खाली चल रहे शिक्षकों के पद जल्द ही भरे जाएंगे। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने वीरवार को शिमला में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने की प्रक्रिया पूरी की जाए ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो। बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति और अहम मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक में स्कूलों में बागवानी को व्यावसायिक विषय के रूप में शामिल करने का निर्णय लिया गया है। शिक्षा मंत्री ने स्कूल शिक्षा बोर्ड को दो सप्ताह के भीतर पाठ्यक्रम का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही, कॉलेजों में लोक प्रशासन जैसे विषयों को पुनः शुरू करने पर भी बल दिया गया।

**रोहतक पीजीआई में फर्जीवाड़ा**

## इंटर्न डॉक्टर की जगह ड्यूटी करता 12वीं पास दोस्त अरेस्ट

भास्कर न्यूज़ | रोहतक

रोहतक स्थित पीजीआईएमएस में गुरुवार दोपहर को ऑर्थो विभाग की ओपीडी के कमरा नंबर-36 में मुन्ना भाई एमएमबीबीएस फिल्म वाले अंदाज में बीमारों का इलाज करता 12वीं पास युवक पकड़ा गया। वह अपने इंटर्न दोस्त के स्थान पर ड्यूटी कर रहा था। आरोपी की पहचान सोनीपत के निजामपुर माजरा गांव निवासी साद के रूप में हुई है। आरोपी साद और इंटर्न दोस्त कंसाला निवासी कृष्ण गहलावत के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपी साद पीजीआईएमएस में इंटर्नशिप कर रहे कृष्ण गहलावत की जगह ऑर्थो विभाग में मरीज को पट्टी कर रहा था। वहां मौजूद स्वास्थ्य कर्मचारी और डॉक्टरों को उस पर शक हुआ। उन्होंने आरोपी से आईकार्ड मांगा तो वह नहीं दिखा सका। इसके बाद पीजीआईएमएस थाना पुलिस को बुलाया गया। पुलिस आरोपी साद को हिरासत में लेकर थाने ले गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह 12वीं पास है। इंटर्नशिप कर रहा डॉक्टर कृष्ण गहलावत उसका दोस्त है।

## किसान अब 25 को दिल्ली में करेंगे रैली

**लुधियाना** | पंजाब संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में लुधियाना जिले के गांव जोधा की अनाज मंडी में वीरवार को 'जमीन बचाओ रैली' का आयोजन किया गया। यह रैली सरकार की 'लैंड पूलिंग पॉलिसी' के खिलाफ की गई। पंजाब के किसान झुकने को तैयार नहीं हैं। किसान नेताओं ने एलान किया कि 16 अगस्त को अमृतसर के बाबा बकाला में प्रदर्शन होगा। 25 को दिल्ली में प्रदर्शन कर केंद्र का भ्रम दूर करेंगे।

## मेडिकल कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदा युवक, मौत

**करनाल** | घरेलू कलह के चलते कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की तीसरी मंजिल से कूदे गांव रांवर के रजत की गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। रजत (27) की शादी एक साल पहले हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में झगड़ा रहता था

**PSPCL** Powering Punjab, Enriching Lives
**पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट : www.pspcl.in

**ई-निविदा संख्या 7720/P-1/EMP-13081 दिनांक 01.08.2025**

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (खरीद प्रकोष्ठ-1) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर, पीएसपीसीएल ताप विद्युत संयंत्रों में को-फायरिंग हेतु धान की पराली आधारित नॉन-टॉरिफाइड पेलेट्स की खरीद हेतु ई-निविदा आईडी संख्या 2025_POWER_146269_1 आमंत्रित करता है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए कृपया 07.08.25 शाम 5.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

**नोटः शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।**

1079/12/2025-26/2058 RTP-94/25

**हरियाणा सरकार** | **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड कॉर्पो/ऑथ. का नाम | कार्य का नाम निविदा सूचना | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (अनु.) रु. में | बोर्ड /कॉर्पो/ऑथ. की वेबसाईट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दादा लक्ष्मी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय, सेक्टर-6, रोहतक | कोरलड्रॉ ग्राफिक्स सूट 2025 की खरीद | 04.08.2025 11.08.2025 | 9.40 लाख | supva.ac.in | 9466628298 devenderrathee918@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in देखें।

13/2026/40/37459/I/10/6

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या. 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू- I (NIT-23) दिनांक: 06.08.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता/करनाल के अधीन NRW-KKDE अनुभाग पर Km.4/7-8 पर रेलवे ट्रैक के नीचे 1x1000 मिमी व्यास केसिंग पाइप के माध्यम से 1x800 मिमी व्यास की न drainage/सीवरेज पाइपलाइन को पार करना, नरवाना-गुर्थुरी के बीच NRW-KKDEअनुभाग पर। |
| अनुमानित लागत | रु. 4959160.52/- |
| धरोहर राशि | रु. 99200/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gatway के रूप में होना चाहिए। नोट : एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी स्वीकार नहीं की जाएगी। (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| समापन अवधि | 12 महीने |
| ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 29.08.2025 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे। |
| निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

नोट:- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। 2405/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09252092 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिजाइन बी) | 50581 नग | 29.08.2025 |
| 2. | 09252189A | ब्रेक वियर प्लेट ड्राइंग नं० एस के 69597 | 60307 नग | 29.08.2025 |
| 3. | 18251211 | टी 524 एफ रिजर्वेशन/कैंसलेशन फॉर्म | 46502 थाउजेंड | 01.09.2025 |
| 4. | 09252131 | नखल फॉर बी सी एन एच एल | 15822 नग | 03.09.2025 |
| 5. | 09252002A | रोलर बेअरिंग एन यू 311 इ सी जे ऑफ ड्राइविंग | 2135 नग | 04.09.2025 |
| 6. | 77255170 | बलौन एल्युमीनियम पाउडर | 220 एम टी | 08.09.2025 |

**निविदा शर्तें : 1.** विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: 37/2025-2026 दिनांक: 06.08.2025 2399/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

संख्या 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 06.08.2025

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-34-2025 | दिनांक 22.08.2025 को 11:00 बजे | मेरठ कैंट (कंकनखेड़ा), दिल्ली (द्वितीय प्रवेश) KG Side (TW parking), बरेटा, मुरादनगर, कुरुक्षेत्र (Site-1), करनाल (375 वर्गमीटर), शाहबाद, मारकंडा, रोहतक (द्वितीय प्रवेश) (साइकिल-स्कूटर), शामली (पी आर एस), नया गाजियाबाद, गाजियाबाद (सिटी साइड), पानीपत (द्वितीय प्रवेश) = 12 कुल साइटें |

| | |
|---|---|
| वेबसाइट विवरण जहाँ ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | https://ireps.gov.in/ |

आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:

**1.** इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होगी। **2.** एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान **3.** भारतीय स्टेट बैंक में चालु खाता **4.** आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण **5.** फण्ड का लियन मार्किंग **6.** टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) **7.** जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते है।

| | |
|---|---|
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक/पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 **Email: pkg.delhidivision@gmail.com** Tel: 011-23743084 |

2395/25

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय नगर पंचायत, भटगॉव जिला- सूरजपुर (छ.ग.)**

क्रमांक 904/न.पं. / 2025-26 भटगांव दिनांक 06/08/2025

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| एसटीपी निर्माण (इंटरसेप्शन एवं डायवर्सन ड्रेन सहित) एवं 05 वर्ष हेतु संचालन एवं संधारण सहित | 187.49 | 01.09.2025 |

1. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in/ से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत भटगांव
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

स्वच्छता जल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य परियोजना | SANITATION WATER AND COMMUNITY HEALTH PROJECT

HEAD OFFICE: BADI ROAD HAWALA KHURD, NEAR POLICE INVESTIGATION BUILDING, UDAIPUR (RAJ.
प्रधान कार्यालय : बड़ी रोड, हवाला खूर्द, पुलिस अंवेशण भवन के पास, उदयपुर (राज.)
E-Mail: swachhoudaipur@gmail.com, directorswach@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-निविदा/लेखा/2025-26/3332 दिनांकः 07.08.2025

**निविदा सूचना संख्या : 71/2025-26**

UBN No.: SWP2526SLRC00673 NIB No.: SWP2526A0401

स्वच्छ परियोजना, उदयपुर एवं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित आश्रम छात्रावांस, आवासीय विद्यालय, खेल अकादमी, बहुउद्देशीय छात्रावास, कॉलेज छात्रावास एवं अन्य संस्थाओं के लिये एक वर्ष की अवधि हेतु मानव श्रम उपलब्ध कराने हेतु दर संविदा हेतु विनिर्दिष्ठ पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक से ई-बोली (तकनीकी क्वालिफाइंग बिड व वित्तीय बिड) आमंत्रित की जाती है। जिसकी अनुमानित लागत रु. 6000.00 लाख, बोली प्रपत्र शुल्क रु. 5000/- बिड सिक्यूरिटी शुल्क रू. 120.00 लाख व ई-बिड प्रोसेसिंग शुल्क रु. 2500/- होगा। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in & http://eproc.rajasthan.gov. पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदक नियमानुसार निविदा में भाग ले सकते हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा अपलोड करने की तिथि | 07.08.2025 | |
| 2 | बोली दस्तावेज डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथी एवं समय | 08.08.2025 | 11.00 AM |
| 3 | प्री बिड बैठक | 12.08.2025 | 11.00 AM |
| 4 | निविदा ऑनलाईन भरने की अन्तिम तिथी एवं समय | 28.08.2025 | 06.00 PM |
| 5 | Bid Security DD/BG/BC/FDR, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय | Upto 29.08.2025 | 12.00 Noon |
| 6 | तकनीकी बोली खुलने की तिथि एवं समय | From 29.08.2025 | 04.00 PM |

निदेशक
स्वच्छ परियोजना, उदयपुर



# पशु चोरी करने आए तीन को धुना, चार फरार

भास्कर न्यूज | नूंह

गांव जमालगढ़ में पशु चोरों को रंग हाथों पकड़कर ग्रामीणों ने खूब धुना। ग्रामीणों ने पशु चोरों को पेड़ से बांधकर पीटा और इनके कबूलनामें की वीड़ियो भी बनाई। इनके कब्जे से दो गाय समेत आठ पशु मुक्त करवाए गए हैं। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे चोरीशुदा पशुओं को पिनगवां स्थित कत्लखाने में ले जाकर कटवा देते थे। पुन्हाना खंड के गांव जमालगढ़ (नंगला जमालगढ़) में रात 2:46 पर चोरों ने आजम के घर से दो गाय व दो भैंस खोल ली और इन्हें हांककर ले गए। आहट से आजम के अब्बा इनायत खां की आंख खुल गई और उन्होंने परिजनों को सूचना दी। आजम ने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो चोर पशुओं को हांककर जंगल की ओर ले जाते दिखे। उन्होंने आसपास के ग्रामीणों को गांव में पशु चोर आने की सूचना दी। जिसके बाद ग्रामीण युवा एकत्रित होकर अलग-अलग ग्रुप में पशु चोरों की खोज में जुट गए। आजम व उसके परिजनों ने करीब एक किलोमीटर दूर चार लोगों को देखा जो गाय के पैर बांधकर उसे काटने की तैयारी लेकिन लोगों को आता देखकर आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भाग निकले। ग्रामीण युवाओं एक दूसरे दल ने कुछ दूरी पर पिकअप लेकर खड़े तीन लोगों को घेरकर पकड़ लिया और इन्हें गांव ला पेड़ से बांधकर पीटा। ग्रामीणों ने इनके कबूलनामे की वीड़ियो भी बनाई व बाद में इन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुन्हाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर इनकी पिकअप जब्त कर ली।

# दो बेटियों को लेकर महिला गायब, केस

नूंह | गांव अड़बर से एक 34 वर्षीय महिला अपनी दो बेटियों के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीम नामक व्यक्ति ने पुलिस स्टेशन नूंह सदर में शिकायत देकर बताया कि उसकी पत्नी शकीला 23 जुलाई को दो बेटियों के साथ बिना बताए घर से चली गई। नसीम ने बताया कि वह पेशे से चालक है और घटना के दिन वह अपनी ड्यूटी पर गया हुआ था।

दैनिक भास्कर
जीतो सोना चांदी
अखबार शुरु करवाने के लिए 9292 91 9292 पर मिस्ड कॉल दें।
दैनिक भास्कर
सच्ची बात, बेधड़क

# पटाखों के निर्माण व भंडारण पर प्रतिबंध

नूंह | जिले में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लागू किया गया है। इसके तहत किसी भी तरह के पटाखों की न बिक्री की जा सकती है और न ही भंडारण या उपयोग। इस संदर्भ में पुलिस की ओर से भी जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार ये आदेश सुप्रीम कोर्ट में लंबित सिविल रिट याचिका के निर्देशों के अनुपालन में जारी किया गया है। इस संबंध में सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों को आदेश की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। इसके तहत आकस्मिक जांच, छापेमारी और उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
परिसर एवं संपदा विभाग, भूतल, स्थानीय प्रधान कार्यालय, सैक्टर 17-ए, चंडीगढ़-160017, दूरभाष: 0172-4567181, 7102, ई-मेल: agmpre.lhocha@sbi.co.in
परियोजना प्रबंधन परामर्श फर्म (पीएमसीएफ) के चयन हेतु सूचना
एसबीआई, शहरी स्टेट, फेज-II, पटियाला, पंजाब में 3.10 एकड़ खाली भूमि पर नए बहुमंजिला आवासीय फ्लैटों के प्रस्तावित निर्माण के लिए परियोजना प्रबंधन परामर्श फर्मों से अभिरुचि पत्र आमंत्रित करता है। पूर्व-योग्यता/पात्रता मानदंड, प्रदान की जाने वाली सेवाओं का दायरा, नियुक्ति के नियम और शर्तें तथा आवेदन जमा करने के लिए निर्धारित प्रारुप बैंक की वेबसाइट www.sbi.co.in (एसबीआई इन द न्यूज़) से 08.08.2025 से 09.09.2025 तक प्रोक्योरमेंट न्यूज़ के अंतर्गत डाउनलोड किए जा सकते हैं। निर्धारित पात्रता मानदंडों का पालन करने वाली इच्छुक फर्मों को अपने आवेदन सहायक दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में 09.09.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक जमा करने चाहिए। हस्ता/-
सहायक महाप्रबंधक (परिसर एवं संपदा)

SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427
आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें
भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में लिपिक संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) की भर्ती
भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.
रिक्तियों की संख्या :
नियमित: 5180 + बैकलॉग: 403
पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current_openings पर विज्ञापन क्र. CRPD/CR/2025-26/06 के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.
• ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025 तक.
अधिक जानकारी के लिए "CONTACT US" → "Post Your Query" लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट https://bank.sbi/web/careers/current_openings पर उपलब्ध है.
स्थान: मुंबई
दिनांक: 06.08.2025
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

GALGOTIAS UNIVERSITY
(Under the Uttar Pradesh Private Universities Act No.12 of 2019)
RANKED AMONGST THE WORLD'S BEST
TOP RANKED IN QS & THE WORLD UNIVERSITY RANKINGS 2025
2025-26 SESSION ADMISSION OPEN
SCHOOL OF LAW
Under Graduate Programs
• Bachelor of Law (LLB) (Hons) (approved by Bar Council of India)
• Integrated BA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)
• Integrated BBA + LLB (Hons) (approved by Bar Council of India)
Post Graduate Programs
• Master of Law (LLM) in Constitutional law and Governance
• Master of Law (LLM) in Corporate Law
• Master of Law (LLM) in Criminal Law & Criminal Justice
• Master of Law (LLM) in Environmental Law
• Master of Law (LLM) in Intellectual Property Law
• Master of Law (LLM) in Law and Emerging Technology
Ranked 4th in North India by India Today MDRA Survey 2025
Amongst Private Institutes
#GetYourSelfPlaced
For the complete list of programmes offered and to apply online visit
www.galgotiasuniversity.edu.in
+91 9582847072 / +91 9717300418
+91 9810162221 / +91 120 4370000

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए ''केंद्रित'' "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911
हमारे संस्थापक सर सोराबजी पोचखानावाला की 144वीं जयंती के सुअवसर पर,
हम अपने सभी हितधारकों के सतत सहयोग एवं विश्वास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।



हमारी विशिष्ट सुविधाएं
1 नए बचत एवं चालू खाते
• सेन्ट क्वीन - महिलाओं के लिए विशेष रूप से सृजित
• सेन्ट सैलरी - एक खाते में अत्यधिक सुविधाएं
• सेन्ट व्यापार - स्वयं को डिजिटलीकरण की ओर अग्रसर करें
2 वेल्थ मैनेजमेंट
• एक क्लिक में पाएं हमारे सरल और त्वरित वेल्थ मैनेजमेंट उत्पाद
• जीवन बीमा, सामान्य बीमा, म्यूचुअल फंड, डीमैट, एसआईपी
3 महिला सशक्तिकरण
• सेन्ट गृह लक्ष्मी
• सेन्ट क्वीन
• सेन्ट ईवी टू-व्हीलर
• स्टैंड-अप इंडिया योजना
• देशभर में 90 महिला समर्पित शाखाएं
आकर्षक एवं सहज रिटेल तथा एमएसएमई ऋण



www.centralbankofindia.co.in | हमे फॉलो करें Centralbankofindia | हमे मैसेज करें 7900123123

Haier
World's No.1* Brand in Major Appliances
GRAND OPENING
HAIER EXCLUSIVE CENTRE
FARIDABAD



Always Buy at Haier Exclusive
Assured Gifts on Every Purchase*
More Cashback on Every Purchase
Better finance offers at Haier Exclusive Store
Fast Delivery & Best Assured After Service
Free Installation Offers*
SHREE JEE ELECTRONICS
Shop No. 106, New Sabji Mandi Sector-16, Faridabad
Date & Time: 8th August 2025 Friday 1:00PM
RSVP: 7056601115/ 9560446080
SCAN TO KNOW MORE
*Source Euromonitor International Limited; Consumer Appliances 2025ed, % unit share, 2024 volume sales data. | #T & C Apply.

### प्रयागराज में बड़ी वारदात को अंजाम देने की ली थी सुपारी

# झारखंड के गैंगस्टर आशीष को यूपी एसटीएफ ने प्रयागराज में मार गिराया

**▪ चार लाख रुपए का इनामी था आशीष, लंबे समय से थी तलाश**

भास्कर न्यूज़ | धनबाद

झारखंड के गैंगस्टर आशीष रंजन उर्फ छोटू को यूपी एसटीएफ ने बुधवार रात प्रयागराज में मार गिराया।



उस पर चार लाख रुपए का इनाम घोषित था। हत्या, लूट व रंगदारी जैसे मामले में झारखंड पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। आशीष ने प्रयागराज में एक बड़े व्यक्ति की हत्या की सुपारी ले रखी थी। यूपी एसटीएफ को इसकी भनक लग गई। घेराबंदी शुरू की। प्रयागराज के शंकरगढ़ के शिवराजपुर चौराहे से प्रतापपुर जाने वाली सड़क पर वाहन जांच शुरू हुई। तभी बाइक पर दो युवक आए।

एसटीएफ ने रोकने का प्रयास किया तो बाइक सवार ने फायरिंग शुरू कर दी। टीम ने जवाबी फायरिंग की। एक अपराधी को गोली लगी। दूसरा फरार हो गया। घायल अपराधी को रामगढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसकी पहचान धनबाद के जेसी मल्लिक रोड निवासी आशीष रंजन के रूप में हुई। आशीष के पास से एक एके-47, एक मैगजीन, सात गोलियां, 10 खोखे, 9 एमएम की एक देसी पिस्टल, उसकी छह गोलियां और बिना नंबर प्लेट की बाइक मिली।

## हिस्ट्रीशीटर ने एसटीएफ पर एके-47 से की अंधाधुंध फायरिंग

यूपी के अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक एसटीएफ को सूचना मिली थी कि धनबाद का हिस्ट्रीशीटर आशीष रंजन अपने एक साथी के बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए प्रयागराज आ रहा है। एसटीएफ की प्रयागराज इकाई की एक टीम उसे पकड़ने के लिए शिवराजपुर चौराहे के पास पहुंची। इस दौरान आशीष वहां पहुंचा। रोकने पर उसने एके-47 और 9 एमएम पिस्टल से टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इसमें इंस्पेक्टर जय प्रकाश राय, प्रभंजन पांडेय, रोहित सिंह व अजय सिंह यादव बाल-बाल बच गए। एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में आशीष को गोली लगी।

### धनबाद जेल में अमन सिंह सहित छह लोगों की हत्या में शामिल था आशीष

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या की साजिश सहित छह हत्याओं के मामलों में आशीष नामजद आरोपी था आशीष की गिरफ्तारी के लिए धनबाद पुलिस और झारखंड एटीएस लगातार प्रयास कर रही थी, लेकिन वह पकड़ से बाहर था। वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था। आखिरकार यूपी एसटीएफ ने उसे प्रयागराज में मार गिराया।

## मुरादाबादः लकड़ी फैक्ट्री में लगी भीषण आग, दो किमी तक काले धुएं का गुबार



**मुरादाबाद** | मुरादाबाद में गुरुवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। यहां एक लकड़ी फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते कुछ ही सेकेंडों में आग ने इतना विकराल रूप ले लिया, कि लाकड़ी बाईपास से दो किमी दूर तक धुंए का गुबार दिखाई दिया। आस-पास के करीब 100 घर और दुकान खाली कराए गए। घनी आबादी वाले एरिया में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। मौके पर 8 दमकल की गाड़ियां और 50 फायर फाइटर आग बुझाने में लगी थी। दीवार तोड़कर आग बुझाने की कोशिश की गई।

### पुनौरा धाम • गृह मंत्री और मुख्यमंत्री रहेंगे मौजूद

# जानकी मंदिर का भूमि पूजन आज... 2028 तक बनेगा

भास्कर न्यूज़ | पटना/सीतामढ़ी

पुनौराधाम में शुक्रवार को एक बजे अपराह्न में मां जानकी मंदिर का भव्य समारोहपूर्वक गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भूमि पूजन करेंगे। इस मौके पर सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य नेता मौजूद रहेंगे। 882.87 करोड़ की लागत से बनने वाला मां सीता का मंदिर अयोध्या में बने राम मंदिर की तर्ज पर बनाया जाएगा। हालांकि मंदिर की ऊंचाई राम मंदिर से 5 फीट कम होगी। माता सीता के मंदिर बनने के बाद अयोध्या से सीतामढ़ी तक रामायण सर्किट विकसित होगा। इससे रामायण काल से जुड़े अयोध्या, जनकपुर, अहिल्या स्थान (दरभंगा), फुलहर (मधुबनी) और बक्सर जुड़ेंगे। इससे श्रद्धालु अयोध्या से सीतामढ़ी



तक दर्शन कर सकेंगे। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि अयोध्या के रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र के अनुरूप सीतामढ़ी में मां सीता की जन्म स्थली, पुनौराधाम के समग्र विकास की योजना 2028 तक पूरी होगी। सीता मंदिर और उसके आसपास लगभग 67 एकड़ भूमि में यह तीर्थ क्षेत्र विकसित हो रहा है। समारोह को लेकर पुनौराधाम एवं उसके 5 किलोमीटर की परिधि को नो-ड्रोन जोन घोषित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध 36 घंटे तक प्रभावी रहेगा।

# बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप में 22 मृतकों के नाम

भास्कर न्यूज़ | पटना

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय के करीब दो किलोमीटर दूर गर्दनीबाग के पूर्वी सरिस्ताबाद में 22 ऐसे मतदाताओं का नाम है, जिनका निधन हो चुका है। इन 22 में 15 पुरुष और 7 महिलाएं हैं। पहली अगस्त को जारी हुए मतदान सूची के प्रारूप में इनका नाम देखकर परिजन चौंक गए। यह हाल है कि बिहार की राजधानी पटना का। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि पूरे बिहार में बीएलओ ने चुनाव आयोग के आदेशों का किस तरह पालन किया। इन सभी मृतकों का नाम पटना के दीघा विधान सभा के बूथ नंबर 479 पर है। भास्कर ने इन मृतकों के परिजनों से उनके घर पर जाकर बातचीत की तो उन लोगों ने कहा कि हम लोगों ने मृतक का फार्म ही नहीं भरा था। बीएलओ वीणा कुमारी घर नहीं पहुंची थी। किसने और कैसे मृतकों का फार्म भर दिया इसकी जानकारी नहीं है।

### नाम काट दिया जाएगा- बीएलओ

बूथ नंबर 479 की बीएलओ वीणा कुमारी ने कहा कि हम घर-घर गए थे। अभी अंतिम सूची जारी नहीं हुई है। इन लोगों का नाम पहले से ही है। इस बार हम लिखकर देंगे तो नाम कट जाएगा। जब पूछा गया कि बिना फार्म भरे कैसे नाम आया तो कहा कि इन लोगों का नाम नहीं गया होगा।

## लंगुराही पहाड़ से एके-47 के 139 जिंदा कारतूस बरामद

**औरंगाबाद** | नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार ऑपरेशन चला रही है। इसके तहत औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम की कार्रवाई में लंगुराही पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों के लिए छुपाकर रखे गए एके-47 राइफल के 139 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं।


**नेशनल फर्टिलाइज़र्स लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
पानीपत-132106, (हरियाणा)
एन एफ एल NFL नवरत्न कंपनी

**निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा के माध्यम से निविदाओं को दो भाग बोली प्रणाली में आमंत्रित किया जाता है:-

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सं.:** एनएफएल/पीटी/सिविल/842, दिनांक 07.08.2025 |
| 2 | कार्य का विवरण: **2025-26 के दौरान फैक्ट्री और टाउनशिप क्षेत्रों में विभिन्न सिविल कार्यों और टाउनशिप में सम्प हाउस के संचालन हेतु एआरसी** |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹145.39 (लाख) |
| 4 | **ईएमडी:** ₹100000/- (लाख) |
| 5 | **निविदा जमा करने के अंतिम तिथि:** 04.09.2025 प्रात: 10:00 बजे तक और खोलने की तिथि 05.09.2025 प्रात: 10:00 बजे |

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.nationalfertilizers.com/ www.eprocure.gov.in** देखें। निविदा में कोई भी संशोधन/बदलाव केवल उपरोक्त वेबसाइटों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**उप महाप्रबंधक (एम. एंड सी.)**



**IN THE COURT OF ADDITIONAL SESSION JUDGE, JAMMU**

State through Police Station Nagrota.
**Versus**
Gurpreet Singh@Gopi & others

**FIR No. 228/2024 u/ ss. 140/ 103/ 111/310(3)/ 61(2)/ 347/ 249/ 253/ 254/238 BNS of P/ S Nagrota**

**SHO P/S Nagrota**
You are directed to arrest and produce the accused Bisakha Singh s/ o. Babbi Singh r/ o. village Blihala, Tehsil Ratia, District Fatehabad, Haryana and produce him before this court on 14-08-2025 and in case you failed to arrest the accused attend this in person to explain why you failed to execute the warrant.
Issued under my seal and signature today on 04-07-2025.

**Additional Session Judge**
DIP/J-4421/25 **Jammu**



**GOVERNMENT OF ASSAM**
**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (ROADS),**
**PUBLIC WORKS ROADS DEPARTMENT, ASSAM, GUWAHATI-03**
No. CE/DEV/TB/60/2025-26/15

**PRESS NOTICE INVITING TENDER**

The Chief Engineer (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3 invites Bid on behalf of Governor of Assam for **79 (Seventy-Nine) nos. of packages for Construction of Roads under Mukhya Mantrir Pakipath Nirman Achani (MMPPNA) under RIDF-XXXI of NABARD for the year 2025-26 in Barpeta, Cachar, Charaideo, Dhubri, Hailakandi, Kamrup, Dhemaji, Morigaon, & Sribhumi District** of Assam amounting to **Rs. 263.66 Crore (approx.)** including GST etc. from approved & eligible Contractors registered with PWRD, Assam.

Details may be seen from **18-08-2025** at website **www.assamtenders.gov.in**. Amendment/Addendurn to the SBD, if any, and further notifications shall appear in this website and also at the office of the undersigned during office hours. The contractor/bidder must be registered with the Electronic Tendering System (ETS) of PWRD, Assam website **www.assamtenders.gov.in**.

Sanction of the Schemes are not yet sanctioned by the competent authority. In the event of non- sanction of the schemes, the bids may be cancelled and no claim what so ever on this account shall be entertained from the bidders.

**Chief Engineer (Roads), PWRD, Assam, Chandmari, Guwahati-3.**

DIPR/C/DBS/257/8-Aug-25



**UNION TERRITORY OF JAMMU & KASHMIR**
**OFFICE THE EXECUTIVE ENGINEER PWD (R&B) DIVISION JAMMU EAST**
E-MAIL: eastdivisionjammu@gmail.com

**SHORT NOTICE INVITING TENDER**

Short e-NIT No. 53 of 2025-2026/Jammu East Dated 05-08-2025

For and on behalf of the Lieutenant Governor, Union Territory of Jammu and Kashmir e-tenders are invited on percentage basis from approved and eligible Contractors registered with Union Territory of J&K, CPWD, Railways, MES and other State / Central Governments for each of the following works :-

| S. No | Name of Work | Name of Division | Advertised Cost (Rs. Lakh) | Cost of document (in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) | Time Allowed for completion | Time and date of opening of tender | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Waterproofing of main building along with repair of terrace and other allied works at 5 PR Road, New Delhi. | PWD (R&B) Division Jammu East | 53.30 | 1500 | 2% of Advertised Cost | 02 Months | (1300 Hrs) on or after 12-08-2025 | A Class |
| 2 | Upgradation of HCM Entrance Lawns by way of providing new turf, seasonal plants, permanent plants and other allied works at 5 PR Road, New Delhi. | PWD (R&B) Division Jammu East | 15.67 | 600 | 2% of Advertised Cost | 02 Months | (1300 Hrs) on or after 12-08-2025 | A,B,&C |

**Position of AAA/ TS : Accorded**

The Bidding documents Consisting of qualifying information, eligibility criteria, specifications, Drawings, bill of quantities (B.O.Q), Set of terms and conditions of contract and other details can be seen / downloaded from the departmental website http://jktenders.gov.in as per below schedule :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Issue of Tender Notice | 05-08-2025 |
| 2 | Period of downloading of bidding documents | From 05-08-2025 to 11-08-2025 upto 1800 Hrs |
| 3 | Date, Time and place of pre-bid meeting | 09-08-2025 at 1200Hrs. in the Office of Executive Engineer PWD (R&B) Division Jammu East |
| 4 | Bid submission Start Date | 05-08-2025 |
| 5 | Bid Submission End Date | 11-08-2025 upto 1800 Hrs |
| 6 | Date & time of opening of Technical Bids (Online) | 12-08-2025 on or after 1300 Hrs in the Office of Executive Engineer PWD (R&B) Division Jammu East |
| 7 | Date & time of opening of Financial Bids | To be notified after technical bid evaluation is completed |

*No :- 5097-5107*
*Dated :- 05-08-2025*

Sd/-
(Er. Parvez Malik)
*Executive Engineer*
*PWD (R&B) Division*
*Jammu East*

DIP/J-4316/25



**श्री रामलीला, दशहरा नाट्य महोत्सव हेतु आवेदन आमंत्रित**

JKK

जवाहर कला केन्द्र, जयपुर द्वारा सत्र 2025–26 में श्रीरामचरित नाट्य **''दशहरा नाट्य महोत्सव''** के आयोजन हेतु इच्छुक नाट्य निर्देशकों एवं नाट्य संस्थाओं से श्री रामलीला पर आधारित नाटकों के मंचन हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। प्रस्ताव भेजने हेतु पूर्ण जानकारी नियम एवं शर्ते केन्द्र की वेबसाईट से प्राप्त कर आवेदन प्रस्तुत किया जा सकता है।

इच्छुक नाट्य निर्देशक/संस्थाएं अपना प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में दिनांक 08 अगस्त 2025 से 17 अगस्त 2025 को सायं 5.00 बजे तक केन्द्र के स्वागत कक्ष पर और ई–मेल आई डी पर भेज सकते हैं। उपरोक्त से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते तथा पत्र का प्रारूप जवाहर कला केन्द्र की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। निम्नलिखितानुसार नीचे दिये गये पते पर मुद्रित प्रति एवं ई–मेल पर भी डिजिटल प्रति भिजवाई जानी अनिवार्य है।

**जवाहर कला केन्द्र**
**जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर–302004 फोन नं. 0141–2706503, 2706560 वेबसाइटः**
**www.jawaharkalakendra.rajasthan.gov.in**
**ईमेल jkk@rajasthan.gov.in**

राज.संवाद/सी/25/7779



**हरियाणा सरकार**
**उच्च शिक्षा विभाग**
**सार्वजनिक सूचना**

माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 06.03.2025 को पारित एल.पी.ए. संख्या 576/2022, जिसका शीर्षक प्रदुमन सिंह एवं अन्य बनाम हरियाणा राज्य एवं अन्य है, के आदेशों के अनुपालन में, 01.08.2014 की स्थिति के अनुसार सहायक प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/प्रोफेसर के रूप में नामित व्याख्याताओं की अनंतिम ग्रेडेशन/वरिष्ठता सूची, एस.एल.पी.(सी) संख्या 31566/2018, जिसका शीर्षक "हरियाणा राज्य बनाम योगेश त्यागी" है, के अंतिम परिणाम के अधीन तैयार की गई है और इसे विभाग के वेब पोर्टल (www.higheredUhry.com) पर अपलोड कर दिया गया है ताकि पीड़ित सहायक प्रोफेसर/एसोसिएट प्रोफेसर/प्रोफेसर से अपलोड करने की तिथि से 15 दिनों के भीतर आपत्तियां/सुझाव आमंत्रित किए जा सकें। वेब पोर्टल पर अनंतिम वरिष्ठता सूची प्रकाशित होने के बाद, किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, जिन सहायक प्रोफेसरों/एसोसिएट प्रोफेसरों/प्रोफेसरों का नाम अनंतिम वरिष्ठता सूची में नहीं है और वे व्यथित हैं, वे भी दस्तावेजी प्रमाण के साथ आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं, यदि कोई हो।

इसके अतिरिक्त, अनंतिम वरिष्ठता सूची हरियाणा के सभी सरकारी कॉलेजों, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन, चंडीगढ़, राज्य विश्वविद्यालयों एससीईआरटी, हरियाणा, गुरुग्राम, मुख्यालय और उत्कर्ष सोसायटी, पंचकूला को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दी गई है।

यहाँ यह उल्लेखनीय है कि ऐसी सभी आपत्तियाँ/सुझाव संयुक्त निदेशक (कॉलेज-VI), महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा, शिक्षा सदन, सेक्टर-5, पंचकूला को भेजे जाने चाहिए। इस प्रकार दर्ज की गई आपत्तियों/सुझावों पर विचार किया जाएगा और उक्त अनंतिम वरिष्ठता सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

**दिनांकः 5-8-25** **(एस. नारायणन, (आईएफएस)**
**स्थानः पंचकूला** **महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा एवं सचिव, हरियाणा सरकार, उच्च शिक्षा विभाग**

1031/11/261/2026/37453/10/6



**श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम**

श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं को प्रशाद एंव अन्य सम्बन्धित सामग्री आदि की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए श्री माता मंदिर बोर्ड द्वारा बनाई गई सभी दुकानों की तहबाजारी का ठेका खुली बोली द्वारा एकमुश्त देने का निर्णय लिया गया हैं। जिसकी खुली बोली दिनांक 12-08-2025 (मंगलवार) को प्रात: 11:00 बजे मंदिर परिसर में की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता को मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई प्रतिभूति राशि 50,00,000/- रुपये (पचास लाख रुपये) मंदिर कार्यालय में बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक द्वारा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में जमा करवाना होगा और केवल वह ही उक्त बोली देने का अधिकारी होगा। धरोहर राशि जमा करवाने का अंतिम समय दिनांक 12-08-2025 (मंगलवार) को प्रात: 10:00 बजे तक रहेगा।

| कंमाक | नीलाम किये जाने वाले कार्य का विवरण। | सिक्योरिटी राशि वापिसी योग्य। | ठेके की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रशाद की ब्रिकी के लिये मंदिर बोर्ड की सभी 65 दुकानों की नीलामी बारे। छोटी माता रोड - 24 दुकाने मंदिर मेला ग्राउन्ड - 39 दुकाने मंदिर गेट-2 के साथ -2 दुकानें | रु0 50,00,000/- (पचास लाख रुपये केवल) जो कि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर चैक/पे-आर्डर के रूप में श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में देय होगा। | दिनांक 29-08-2025 से दिनांक 28-08-2026 तक। |

**तहबाजारी के ठेके की नियम एवं शर्ते निम्न प्रकार से है:-**

**ठेके की अवधि:-** दिनांक 29-08-2025 से दिनांक 28-08-2026 तक।

**भुगतान संबंधी शर्ते :-**

**1. धरोहर राशि:**

मंदिर प्रशासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि गत वर्ष की भांति इच्छुक बोलीदाता को धरोहर राशि मु0 50,00,000/रु0 (पचास लाख रुपये मात्र) मंदिर प्रशासन कार्यालय में बैंक ड्राफ्ट/बैंकरस चैक/पे-आर्डर द्वारा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में जमा करवानी होगी तथा केवल वह ही बोली देने का अधिकारी होगा। उक्त धरोहर राशि दिंनाक 31-12-2025 से पहले Refund नहीं की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता धरोहर राशि दिनांक 12-08-2025, (मंगलवार) को प्रात: 10:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में मंदिर कार्यालय में जमा करवा सकते है। इसके साथ ही इच्छुक बोलीदाता को धरोहर राशि के साथ अपना पहचान पत्र तथा मोबाईल न0 के साथ देना होगा। इच्छुक बोलीदाता को बोली के समय अपने साथ केवल एक ही प्रतिभागी लाने का अधिकार होगा।

2. जो बोलीदाता एक भी बोली नही देगा उसकी धरोहर राशि 50,00,000/रु0 (पचास लाख रुपये) जब्त कर ली जाएगी।

3. तहबाजारी की सभी 65 दुकानों की उच्चतम बोलीदाता को ठेके की कुल राशि का 25 प्रतिशत भाग ठेका छुटने पर 72 घंटे के अन्दर मंदिर कार्यालय में उक्त राशि जमा करवानी होगी।

4. सफल बोलीदाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 31-10-2025 तक जमा करवाना होगा।

5. सफल बोलीदाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 28-02-2026 तक जमा करवाना होगा।

6. सफल बोलीदाता को ठेके की कुल राशि की अंतिम 25 प्रतिशत भाग दिनांक 15-04-2026 तक जमा करवाना होगा।

7. यदि सफल बोलीदाताओ में से प्रथम उच्चतम बोलीदाता ठेके की 25 प्रतिशत राशि निर्धारित समय सीमा में जमा नहीं करवाता है तो बगैर किसी नोटिस उसकी धरोहर राशि मु0 50,00,000/-रुपये जब्त कर ली जाएगी तथा यदि उसके बाद की उपरोक्तानुसार राशि उक्त तिथियों पर जमा नही करवाता तो उसकी तब तक की जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और नियमानुसार क्रमशः अगले बोलीदाताओं को इसी प्रकार मौका दिया जाएगा। यदि अन्य बोलीदाता भी ठेका लेने के इच्छुक नही हो, तो उनकी प्रतिभूति राशि भी जब्त कर ली जाऐगी एंव मंदिर प्रशासन को हक होगा कि वह इस बोली को रदद करके पुन: बोली करवालेंगे।

8. तहबाजारी की सभी दुकानो के लिए बोली का आरक्षित मूल्य मु0 राशि 8,00,000,00/- रुपये (आठ करोड रुपये मात्र) निश्चित की गई हैं। पिछली बोली से दो लाख रुपये से कम अगली बोली मान्य नहीं होगी। सफल बोलीदाता को ठेके के अन्तिम निर्णय के उपरान्त 100/- रूपये के स्टाम्प पेपर पर तहबाजारी के ठेके की सभी शर्तों को मानने का क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र नोटरी द्वारा सत्यापित करवाकर 15 दिन के अन्दर मंदिर कार्यालय को देना होगा। इसके अतिरिक्त ठेकेदार दुकानों मे किसी भी प्रकार की कोई भी दुकान लगवा सकता है। (मांस/मंदिरा/धुम्रपान आदि के अतिरिक्त)

9. यदि करोना महामारी या किसी आपदा या किसी अन्य कारण से मंदिर बंद हो जाता है तो जितने दिन मंदिर बंद रहेगा। उस समयावधि का किराया ठेकेदार से नही लिया जाएगा।

10. सफल बोलीदाता को मंदिर कार्यालय में मु0 25 लाख रुपये बतौर Earnest Money refundable ठेके की तिथि खत्म होने के बाद मंदिर कार्यालय में मंदिर परिसर को साफ सुथरा रखने, टुट-फुट की मरम्मत करवाने व बिजली की बकाया राशि की पूर्ति के लिए ठेके की प्रथम किस्त के साथ ही जमा करवानी होगी।

11. मंदिर प्रशासन के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि यदि ठेकेदार की गतिविधियां मंदिर प्रशासन के अहित में एवं निर्धारित नियम एंव शर्तों के विरूद्ध पाई जाती है तो प्रथम गलती पर 50,000/-रुपये जुर्माना, दूसरी गलती पर 1,00,000/- रुपये जुर्माना एंव तीसरी बार गलती करने पर बिना किसी नोटिस के ठेकेदार का ठेका रदद करने की तथा Earnest Money प्रतिभूति राशि को जब्त करने की कार्यवाही अमल में ला दी जाएगी। मंदिर प्रशासन को यह पूरा अधिकार होगा कि इस स्थिति में पुन: तहबाजारी के ठेके की नीलामी करवा दी जाएगी।

12. ठेकेदार/सफल बोलीदाता द्वारा नियमानुसार आयकर एंवम अन्य कर अपने स्तर पर जमा करवाने होगे यदि वह ऐसा करने में असमर्थ रहता है तो इसके परिणाम के लिए वह स्वंय उत्तरदायी होगा मंदिर प्रशासन अथवा इससे जुड़े किसी अधिकारी/कर्मचारी की इस सम्बन्ध में कोई जिम्मेवारी नही होगी।

13. ठेकेदार को तहबाजारी की दुकानों में अलग से सब मीटर बिजली की खपत के लिए लगवाना होगा व बिजली की खपत का भुगतान बिजली निगम को करने के लिए स्वय जिम्मेदार होगा। बिजली खपत के भुगतान अथवा अन्य किसी प्रकार की अनिमितता की स्थिति में मंदिर प्रशासन द्वारा ठेका रदद करके नियमानुसार कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

14. हरियाणा सरकार ने पोलीबैग का इस्तेमाल करने में पाबंदी लगाई हुई है। इसके स्थान पर ठेकेदार केवल जूट बैग में ही प्रसाद एवं अन्य सामग्री विक्रय करेगा। तहबाजारी की दुकानो में अवैध गतिविधि पर पाबन्दी रहेगी।

15. मुख्य प्रशासक, श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम को ठेके की राशि स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार एवं शर्तों मे संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

16. ठेकेदार द्वारा तहबाजारी दुकानों पर नियुक्त किए गए दुकानदारो की पुलिस जॉच करवानी होगी अन्यथा ठेका रदद कर दिया जाऐगा।

17. इसके अतिरिक्त यह भी स्पष्ट लिखा जाता है कि मंदिर के मैन गेट के आमने-सामने कोई प्रशाद की दुकान नहीं होगी। यदि तहबाजारी ठेकेदार द्वारा मंदिर के आमने-सामने प्रशाद की दुकानें लगाई गई तो उसके विरुद्ध ठेके की शर्तोनुसार ठेका रदद करने की कार्यवाही अमल में ला दी जाऐगी।

18. ठेकेदार पर मेला ग्राउंड में किसी भी प्रकार की स्थाई/अस्थाई निर्माण पर पाबन्दी रहेगी।

19. किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार गुरुग्राम होगा।

19. मंदिर के किसी बकाया ठेकेदार को प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से बोली देने का अधिकार नही होगा।

20. तहबाजारी ठेकेदार मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं से मेला ग्राउंड में गाड़ी खड़ी करवाने की एवज में किसी प्रकार का कोई पार्किंग चार्ज नही लेगा।

21. उपरोक्त वर्णित सभी शर्तों में संशोधन करने अथवा अन्य किसी भी विषय पर मुख्य प्रशासक, श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम का निर्णय अंतिम होगा।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम।**



**श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम**

श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम में आने वाले श्रृद्धालुओं को मुडंन की सुविधा देने हेतु मुडंन हाल का ठेका देने का निर्णय लिया गया हैं। जिसकी नीलामी दिंनाक 12-08-2025, मंगलवार, 12:00 बजे मंदिर परिसर में की जाऐगी। जो भी बोलीदाता इस बोली में भाग लेने का इच्छुक हो वो मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई प्रतिभूति राशि 50,00,000/- (पचास लाख केवल) मंदिर कार्यालय में बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक के रुप में श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरूग्राम के पक्ष में जमा करवाएगा और केवल वह ही उक्त बोली देने का अधिकारी होगा। प्रतिभूति राशि जमा करवाने का अंतिम समय दिनांक 12-08-2025 (मंगलवार) को प्रात: 11:00 बजे तक रहेगा।

| कंमाक | नीलाम किये जाने वाले कार्य का विवरण। | सिक्योरिटी राशि वापिसी योग्य। | ठेके की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | मुंडन हाल का ठेका | रु0 50,00,000/- (पचास लाख रुपये) जो कि बैंक ड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक के रूप में श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में देय होगा। | दिनांक 21-08-2025 से दिनांक 20-08-2026 तक। |

मुडंन हाल के ठेके की नीलामी के लिए नियम एवं शर्ते निम्न प्रकार से है:-

1. मुडंन हाल का ठेका लेने के लिए इच्छुक बोलीदाता मंदिर प्रशासन द्वारा निर्धारित की गई प्रतिभूति राशि. 50,00,000/- (पचास लाख रुपये) मंदिर कार्यालय में बैकड्राफ्ट/पे-आर्डर/बैंकर चैक द्वारा श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम के पक्ष में जमा करवाएगा एंव केवल वही बोली देने का हकदार होगा। उक्त प्रतिभूति राशि दिंनाक 31-12-2025 से पहले Refund नही की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता प्रतिभूति राशि दिंनाक 12-08-2025 (मंगलवार) को प्रात: 11:00 बजे बजे तक, या उससे पहले किसी भी कार्य दिवस मे मंदिर कार्यालय में जमा करवा सकते है। इसके साथ ही इच्छुक बोलीदाता को प्रतिभूति राशि के साथ अपना पहचान पत्र मोबाईल न0 के साथ देना होगा। इच्छुक बोलीदाता को बोली के समय अपने साथ केवल एक ही प्रतिभागी बोली स्थल पर लाने का अधिकार होगा।

2. मुडंन हाल के ठेके की नीलामी दिनाक 12-08-2025, मंगलवार 12:00 बजे मंदिर परिसर में की जाएगी।

3. मुडंन हाल का कार्यक्षेत्र शनि-भैरव मंदिर, मुंडन हाल के सामने बना टीन शैड ऐरिया, मिटटी छंटाई का स्थान, मंदिर के निकास द्वार पर बनाया गया ज्योत वाला ऐरिया होगा।

4. जो बोलीदाता एक भी बोली नहीं देगा उसकी प्रतिभूत्ति राशि 50,00,000/- (पचास लाख रुपये) जब्त कर ली जाएगी।

मुडंन हाल के उच्चतम बोलीदाता को ठेके की कुल राशि का 25 प्रतिशत भाग ठेका छुटने पर 72 घंटे के अन्दर मंदिर कार्यालय में उक्त राशि जमा करवानी होगी।

6. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 31-10-2025 तक जमा करवाना होगा।

7. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अगला 25 प्रतिशत भाग दिनांक 28-02-2026 तक जमा करवाना होगा।

8. सफल बोली दाता को ठेके की कुल राशि का अंतिम 25 प्रतिशत भाग दिनाक 15-04-2026 तक जमा करवाना होगा।

9. यदि सफल बोलीदाताओं में से प्रथम उच्चतम बोली दाता ठेके की 25 प्रतिशत राशि निर्धारित समय सीमा में जमा नहीं करवाता है तो बगैर किसी नोटिस उसकी प्रतिभूत्ति राशि मु0 50,00,000/- रुपये (पचास लाख रुपये) जब्त कर ली जाएगी तथा यदि उसके बाद की उपरोक्तानुसार राशि उक्त तिथियों पर जमा नहीं करवाता तो उसकी तब तक की जमा राशि जब्त कर ली जाएगी और नियमानुसार कमशः अगले बोलीदाताओं को इसी प्रकार मौका दिया जाएगा। यदि अन्य बोलीदाता भी ठेका लेने के इच्छुक नहीं हो, तो उनकी प्रतिभूति राशि भी जब्त कर ली जाऐगी एंव मंदिर प्रशासन को हक होगा कि वह इस बोली को रदद करके पुन: बोली करवा लेवें।

10. मुडंन हाल के ठेके के लिए आरक्षित मूल्य मु0 राशि 7,00,00,000/-रु0 (सात करोड रुपये केवल) होगी। पिछली बोली से दो लाख रुपये से कम अगली बोली मान्य नही होगी। सफल बोलीदाता को ठेके के अंतिम निर्णय के उपरान्त मु0 100/-रु0 के स्टांप पेपर पर क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र सत्यापित करवाकर 15 दिन के अन्दर मंदिर कार्यालय को देना होगा।

11. सफल बोलीदाता को मंदिर कार्यालय में मु0 25 लाख रुपये बतौर Earnest Money refundable ठेके की तिथि खत्म होने के बाद मंदिर कार्यालय में मंदिर परिसर को साफ सुथरा रखने, टुट-फुट की मरम्मत करवाने व बिजली के बिल की बकाया राशि की पूर्ति के लिए ठेके की प्रथम किस्त के साथ ही जमा करवानी होगी।

12. इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट रुप में लिखा जाता हैं कि मुडंन ठेकेदार मुंडन ऐरिया में कोई मंदिर/मूर्ति नही लगाएगा, कोई बाबा पुजारी नहीं बिठाएगा, कोई प्रशाद नही बेचेगा। यदि मुडंन ठेकेदार ऐसा करता पाया गया, तो उसका सामान, जो इस नियम का उल्लघन करता है, जब्त कर लिया जाएगा तथा ऐसे बाबा-पुजारी को जो उस मंदिर या अवैध स्थान पर बैठा हैं, के खिलाफ पुलिस कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस नियम का उल्लघंन करने पर ठेकेदार के खिलाफ पहली बार 50,000/- रुपये का जुर्माना, दूसरी बार 1,00,000/- रुपये राशि का जुर्माना एंव तीसरी बार उसका ठेका रदद करने की तथा Earnest Money-प्रतिभूति राशि को जब्त करने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। मंदिर को यह पुरा अधिकार होगा कि इस स्थिति में पुन: मुडंन हाल के ठेके की नीलामी करे।

13. मुडंन ठेकेदार अपने कार्य क्षेत्र में साफ-सफाई भी रखेगा।

14. यदि करोना महामारी या किसी अन्य आपदा या किसी अन्य कारण से मंदिर बंद हो जाता है तो जितने दिन मंदिर बंद रहेगा। उस समयावधि का किराया ठेकेदार से नही लिया जाएगा।

**सरकारी नियमों की पालना बारे अतिरिक्त शर्तेः-**

15. मुख्य प्रशासक श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड, गुरुग्राम को ठेके की राशि स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार एवं शर्तों मे संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित है।

16. मंदिर प्रशासन के पास यह अधिकार सुरक्षित होगा कि यदि ठेकेदार की गतिविधियां मंदिर प्रशासन के अहित में एवं निर्धारित नियम एंव शर्तों के विरूद्ध पाई जाती है तो बिना किसी नोटिस के ठेकेदार का ठेका रद्द कर दिया जायेगा तथा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी

17. ठेकेदार एवं सफल बोलीदाता को ठेके की पूर्ण रकम आयकर विभाग को निर्धारित दर से अपने स्तर पर आयकर जमा करवाना होगा।

18. ठेकेदार को मुडंन हाल में अलग से सब-मीटर बिजली की खपत के लिए लगवाना होगा व बिजली की खपत का भुगतान बिजली निगम को करने के लिए स्वय जिम्मेदार होगा। बिजली खपत के भुगतान अथवा अन्य किसी प्रकार की अनियमितता की स्थिति में मंदिर प्रशासन द्वारा ठेका रद्द करके नियमानुसार कार्यवाही करने का अधिकार होगा।

19. मुंडन ठेकेदार को मुडंन कार्य के लिए रखे गये कर्मचारियों की पुलिस जाँच करवानी होगी, अन्यथा ठेका रदद कर दिया जाऐगा।

20. मुंडन ठेकेदार, मुडन हाल में किसी भी प्रकार का स्थाई/अस्थाई निर्माण नहीं करेगा। यदि करेगा तो मंदिर प्रशासन के पास उसे जब्त करने एंव तोडने का पूर्ण अधिकार होगा।

21. मुंडन ठेकेदार अथवा उसके कर्मचारी द्वारा मंदिर प्रशासन की किसी सम्पदा को क्षति पहुंचाई गई तो उसकी भरपाई ठेकेदार की प्रतिभूति राशि में से कर ली जाएगी।

22. मुंडन का सरकारी रेट केवल 200/- रुपये (दो सौ रुपये मात्र) होगा। चाहे मुंडन कैंची से हो उस्तरे से या मशीन से, सभी cases में सरकारी रेट 200/- (दो सौ रुपये मात्र) Applicable होगा। इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट किया जाता हैं कि मुंडन हाल में बने AC hall में मुडंन करवाने का सरकारी रेट 500/-रुपये होगा। मुडंन ठेकेदार मंदिर प्रशासन द्वारा तय किये गये रेटों (200/- रुपये बाहर मुंडन करवाने के एंव 500 रुपये AC hall के अंदर मुंडन करवाने के) से अधिक चार्ज नहीं कर सकता। इस आदेश की अवहेलना करने पर मंदिर के पास पूर्ण अधिकार होगा कि वह ठेकेदार की प्रतिभूति राशि को जब्त करे तथा कानूनी कार्यवाही अमल में लाए।

23. किसी भी विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार गुरुग्राम होगा।

24. मंदिर के किसी बकाया ठेकेदार को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बोली देने का अधिकार नही होगा।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड गुरुग्राम।**




**सीएम ने कहा-** पीएम स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं और इसी क्रम में मप्र में काम हो रहा

# मोदी करेंगे धार में पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन, एक लाख से अधिक रोजगार के अवसर बनेंगे

विशेष संवाददाता | भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मप्र के धार में 25 अगस्त को पीएम मित्र पार्क का भूमिपूजन करेंगे। इससे मप्र में एक लाख से अधिक नए रोजगार के अवसर बनेंगे। यह जानकारी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए दी। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं और इसी क्रम में मप्र में काम हो रहा है। सीएम ने बताया कि मप्र में भोपाल व इंदौर को मेट्रोपोलिटन सिटी बनाया जा रहा है। जिसमें इंदौर के धार में वस्त्र उद्योग पर केन्द्रित पीएम मित्र पार्क बनेगा। यह योजना 2 हजार करोड़ रुपए की होगी। धार, झाबुआ, रतलाम और निमाड़ क्षेत्र के कपास उत्पादक किसानों को कॉटन का उचित दाम मिलेगा। यहां से विदेशों में भी वस्त्र निर्यात किए जाएंगे।

## 10 अगस्त को रेल कोच यूनिट का शिलान्यास करेंगे राजनाथ सिंह

राजधानी के पास रायसेन जिले में औबेदुल्लागंज के उमरिया गांव में रेल कोच निर्माण इकाई का शिलान्यास करने 10 अगस्त को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भोपाल आएंगे। इस यूनिट का निर्माण भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने गुरुवार को इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। 1800 करोड़ लागत के इस प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकार-ने 60 हेक्टेयर जमीन आवंटित कर दी है। इस परियोजना ब्रह्मा (बीईएमएल रेल हब फॉर मैन्युफैक्चरिंग) नाम दिया गया है। इससे भोपाल, रायसेन समेत सीहोर और विदिशा जिलों को भी लाभ मिलेगा। 1500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। मेट्रोपोलिटन सिटी के रूप में भोपाल के विकास में यह परियोजना लाभकारी होगी। इस यूनिट में वंदे भारत-अमृत भारत और मेट्रो ट्रेनों के कोच का निर्माण किया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम औबेदुल्लागंज के दशहरा मैदान में होगा।



पीएम मोदी की स्वदेशी से देश को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के साथ हैं प्रदेशवासी : डॉ. यादव

इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रक्षा उत्पाद सचिव संजीव कुमार, रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार, भारत अर्थ मूवर्स परियोजना के अध्यक्ष शांतनु राय भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारत अर्थ मूवर्स परियोजना पर केन्द्रित एक लघु फिल्म, प्रस्तावित प्लांट का 3थी वॉक थ्रू और नए संयंत्रों के मॉडल प्रदर्शित किए जाएंगे।

**लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन गिफ्ट...** सीएम ने बताया कि इस रक्षाबंधन मप्र की लाड़ली बहनों को 250 रुपए का शगुन दिया जा रहा है। अगस्त में 1500 रुपए की राशि लाड़ली बहनों को भेजी है। वहीं दीपावली के बाद लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए भेजे जाएंगे।

### सेना को भेजी जाएगी राखियां

सीएम ने बताया मप्र में लगातार चौथे साल स्वतंत्रता दिवस पर पूरे प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में 2 से 12 अगस्त तक तिरंगे पर केन्द्रित कार्यक्रम होंगे और 13 से 15 अगस्त तक हर घर, कार्यालयों और वाहनों पर तिरंगा लगाना है। साथ ही इस बार ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सेना को धन्यवाद देने के लिए उन्हें राखियां भेजी जाएंगी।

### 14 को मनेगी बलराम जयंती

सीएम ने बताया कि 14 अगस्त को भगवान बलराम की जयंती है। इस दिन मंडला में एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किसान हितग्राहियों को सम्मान निधि एवं अन्य लाभ दिए जाएंगे। वहीं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नशे में पत्नी ने संतुलन खोया, बचाने के लिए कूदा पति भी डूबा, दोनों की मौत

**अंबिकापुर** | सरगुजा जिले के कटिंदा गांव के आमाचूआ डबरी में गुरुवार सुबह एक दंपती की डूबने से मौत हो गई। बताया गया कि दोनों सुबह शराब पीने के बाद डबरी में नहाने गए हुए थे। पहले पत्नी फिसली, फिर उसे बचाने पति भी डबरी में कूद गया। दोनों की डूबने से मौके पर ही मौत हो गई। करीमन पंडो (65) और उसकी पत्नी केंदी पंडो (62) ने रात में शराब पी थी और सुबह फिर से शराब लेकर आए।

नशे में धुत दोनों आमाचूआ डबरी में नहाने पहुंचे, जहां यह हादसा हुआ। डबरी के किनारे महिला की साड़ी मिली, जिससे अनुमान है कि पहले वह नहाने उतरी थी। पैर फिसलते ही वह गहराई में चली गई। उसे डूबता देख पति करीमन भी कूद पड़ा, लेकिन दोनों कीचड़ में फंस गए और डूब गए। घटना के समय दोनों का बेटा करमसाय पंडो घर पर था। गांव के एक युवक ने डूबते दंपती को देखा और बेटे को जानकारी दी। बेटा भी नशे में था, उसने खुद को संभालते हुए डबरी में छलांग लगाई, लेकिन तब तक दोनों की जान जा चुकी थी।

**PSPCL** Powering Punjab, Enriching Lives

**पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(पंजी. कार्यालय : पी.एस.ई.बी. मुख्य कार्यालय, द माल, पटियाला-147001)
कॉर्पोरेट पहचान संख्या : U40109PB2010SGC033813 वेबसाइट : www.pspcl.in
संपर्क संख्या : 96461-55525

**अल्पकालिक ई-निविदा निविदा संख्या 7722/P-3/EMP-13089 दिनांक 05.08.25**

उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (खरीद प्रकोष्ठ-3) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर, चरण- II और III में स्थापित XRP-803 और HP-803 बाउल मिलों के लिए ग्राइंडिंग तत्वों की खरीद हेतु ई-निविदा आईडी संख्या 2025_POWER_146610_1 आमंत्रित करता है। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा विनिर्देशों के लिए कृपया 06.08.25/दोपहर 02.00 बजे से https://eproc.punjab.gov.in देखें।

नोट: शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हो, https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।

1079/12/2025-26/2051 RTP-93/25

**CL educate**

**CL EDUCATE LIMITED**
CIN: L74899DL1996PLC425162
Registered and Corporate Office: A-45, First Floor, Mohan Co-operative Industrial Estate, New Delhi – 110044 Tel: +91 (11) 4128 1100, Fax: +91 (11) 4128 1101, E-mail: compliance@cleducate.com, Website: www.cleducate.com

**STATEMENT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS (STANDALONE AND CONSOLIDATED) FOR THE QUARTER ENDED JUNE 30, 2025**

The Board of Directors of the Company, at its meeting held on August 07, 2025, approved the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter ended June 30, 2025.

The Unaudited Financial Results along with the Limited Review Report (with unmodified opinion) have been posted on the Company's website at https://www.cleducate.com/quaterly-results.html and can be accessed by scanning the following QR code.

Place: New Delhi
Date: Aug 07, 2025

For CL Educate Limited
SD/-
Nikhil Mahajan
Executive Director and Group CEO Enterprise Business
DIN:00033404




### नशे में विवादः कोटवार की हत्या, आरोपी अरेस्ट

**कवर्धा** | बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम मांदीभाटा में शराब पीने के बाद विवाद होने पर कोटवार नरेन्द्र मानिकपुरी की हत्या कर दी गई। घटना बुधवार देर शाम करीब 7 बजे की है। पुलिस ने आरोपी चैन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

**राजनांदगांव** • जिला बल व आईटीबीपी की कार्रवाई

## खुर्सेकला में मुठभेड़, 8 लाख का इनामी नक्सल कमांडर गिरफ्तार

भास्कर न्यूज़ | मोहला

मानपुर के खुर्सेकला में हुई नक्सल मुठभेड़ के बाद नक्सल कमांडर श्रीकांत पुनेम को गिरफ्तार कर लिया गया है, जो औंधी-मोहला एरिया कमेटी का कमांडर है। श्रीकांत पुनेम डीवीसी मेंबर कैडर का नक्सली है, जिस पर 8 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

मानपुर मोहला एसपी वाईपी सिंह ने बताया कि गुरुवार को खुर्सेकला जंगल में नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना मिली। इसके बाद जिला बल और आईटीबीपी की संयुक्त टीम को सर्चिंग के लिए रवाना किया गया था। जवान शाम करीब 4 बजे लौट रहे थे, तभी उन पर नक्सलियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवानों की जवाबी कार्रवाई में नक्सली जंगल के रास्ते भाग निकले, जबकि श्रीकांत पुनेम को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली। श्रीकांत बीजापुर जिले का रहने वाला है। वह लंबे समय से नक्सल संगठन में कमांडर के रूप में तैनात था। श्रीकांत के पास से एक पिस्टल, कारतूस और कुछ नक्सल साहित्य भी जब्त किया गया है।



### खून के धब्बे मिले, कुछ के घायल होने की आशंका

पुलिस ने बताया, मुठभेड़ वाली जगह खून के धब्बे देखे गए हैं, जिससे आशंका है कि पुलिस की गोलियों से कुछ नक्सली घायल हुए हैं। उनकी पतासाजी के लिए आसपास के हिस्से में सर्चिंग की जा रही है। इधर पुलिस ने नक्सली श्रीकांत पुनेम से पूछताछ की है, जिसमें नक्सल संगठन और मूवमेंट को लेकर कई इनपुट भी मिले हैं।






## प्रेरणा

आस्था से कही बात और आस्था से किया काम दूसरे तक न पहुंचे, यह हो ही नहीं सकता। -मन्नू भंडारी

## संपादकीय

# एक नई उत्पादन क्रांति का समय अब आ गया है

**भारत-अमेरिका** व्यापार-सबंध आज जिस मुकाम पर हैं, उनमें हम न तो रूस से रिश्ते बदलेंगे, न ही अमेरिका का कृषि-उत्पाद लेंगे। तब रास्ता एक ही है- एक नई उत्पादन क्रांति का आगाज हो। इसमें न केवल मैन्युफैक्चरिंग बल्कि कृषि और सेवा क्षेत्र भी हों। शासकीय- और लोक-अभियान के जरिए उद्यमिता को सभी बंधनों से मुक्त कर युवाओं को क्रैश-कोर्स उपलब्ध कराएं ताकि चीन की तरह घर-घर में उद्योग लगें। अगर चीन के बल्ब, झालर, पंखे, मूर्ति, सेफ्टीपिन या टॉर्च हर भारतीय के घर पहुंच सकती हैं तो हम खुद इसे क्यूं नहीं बना सकते? कृषि में अगर हम लगातार उत्पादन बढ़ा सकते हैं तो उसी लागत में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता भी बढ़ सकती है, यदि सही बीज, खाद, पानी, पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो। उत्पादकता बढ़ेगी तो वैश्विक बाजार में इन उत्पादों की मांग भी होगी। डब्ल्यूटीओ के प्रावधानों से मुक्त होकर किसानों को इसे अंजाम देने के लिए हरसंभव मदद दी जाए। कुछ वर्षों के लिए अधिक लागत वाले हाई-एंड इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश रोककर मैन्युफैक्चरिंग और निर्यातोन्मुख कृषि पर ध्यान देना समय की जरूरत है। सेवा क्षेत्र, खासकर टेक्नोलोजी-चलित उपक्रमों में हमारे युवा किफायती और बेहतर हैं, लिहाजा अमेरिकी कंपनियां भारत का रुख करने को मजबूर होंगी। आईआईटी जैसी प्रथम श्रेणी की संस्थाओं को रिसर्च के लिए हर सुविधा से लैस करना भी अब जरूरी है।

## जीने की राह




पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com


# अपने को हनुमान चालीसा से जोड़ें, फिर प्रकृति से जोड़ें

**मनुष्य** की फितरत है बर्बाद हो जाना- दौलत, प्रतिष्ठा या प्रेम के लिए। तो जब बर्बाद ही होना है तो क्यों ना परमात्मा के लिए बर्बाद हो जाएं? मीरा, कबीर, सूर, तुलसी, हनुमान- ये सब परमात्मा के कारण बर्बादी का स्वाद चखे हुए लोग हैं। यहां बर्बादी का अर्थ पतन नहीं, परम आनंद को प्राप्त हो जाना है। तुलसी ने रामचरितमानस के किष्किंधाकांड में श्रीरामजी की लक्ष्मणजी से बातचीत का अद्भुत चित्रण किया है। दोनों भाइयों की बातचीत के केंद्र में प्रकृति है। देश के सबसे स्वच्छ नगर इंदौर में एक कार्यक्रम होता है- 'एक शाम, रिश्तों के नाम', जिसमें हनुमान चालीसा का महापाठ किया जाता है। उससे संदेश यह मिलता है कि हम अपने को प्रकृति से कैसे जोड़ें। 14 वर्षों से यह कार्यक्रम हो रहा है। 100वां आयोजन है। इंदौर को अधिकार है कि प्रकृति का जैसे उसने मान किया, यह संदेश सारे देश में पहुंचे। रक्षाबंधन की पूर्व-संध्या पर आज संस्कार टीवी पर इसका सीधा प्रसारण होगा, शाम 7 बजे से। हनुमान चालीसा से जुड़ें, फिर प्रकृति से जुड़ें। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## विश्लेषण • अब हमें आत्मनिर्भरता पर जोर देना होगा

# ट्रम्प का रुख चीन से हमारे संबंधों को बदल सकता है

कूटनीति




शशि थरूर
पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद
office@tharoor.in


**भारत** और अमेरिका के रिश्ते लंबे समय से साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और भिन्न राष्ट्रीय हितों के बीच सावधानी भरे संतुलन पर टिके रहे हैं। लेकिन हाल के दिनों में दोनों देशों के बीच जो हुआ है, उससे सवाल उठता है कि क्या यह साझेदारी नया मोड़ ले रही है?

ट्रम्प के इस दावे को कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के साथ व्यापार नहीं करने का हवाला देकर दोनों देशों में युद्धविराम करवाया, भारत ने भू-राजनीतिक शेखी बघारने की तरह लिया है। भारत ने ट्रम्प के दावों पर नाराजगी जताई है, केवल इसलिए ही नहीं कि वह हर कीमत पर अपनी सम्प्रभुता की रक्षा करना चाहता है, बल्कि इसलिए भी कि ये दावे बेबुनियाद थे। प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा है कि संघर्ष के दौरान ट्रम्प ने उन्हें कॉल तक नहीं किया था। तब किसी अमेरिकी अधिकारी ने भी ट्रेड का जिक्र नहीं किया था।

ये जरूर हो सकता है कि ट्रम्प ने युद्ध समाप्त करने के लिए पाकिस्तान पर दबाव बनाया हो, लेकिन भारत को इसके लिए राजी करने की जरूरत ही नहीं थी। भारत विश्व-व्यवस्था के प्रति यथास्थिति कायम रखने की मानसिकता रखता है और उसका ध्यान आर्थिक प्रगति पर केंद्रित है। भारत कभी लंबा संघर्ष नहीं चाहता। यही कारण था कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने प्रभावी और त्वरित किंतु संतुलित प्रतिक्रिया दी थी। ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंकवादियों से प्रतिशोध लेना था, पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध छेड़ना नहीं। इसने और संभवतः अमेरिकी दबाव ने पाकिस्तान को युद्धविराम के लिए प्रेरित किया। इसके लिए ट्रम्प को शायद ही कोई श्रेय जाता हो, फिर भी उन्होंने इस पर दावा जताने की कोशिश की। भारत ने ट्रम्प के इस नैरेटिव को खारिज किया। भारत को अपनी स्वतंत्रता पर गर्व है। वो यह तोहमत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा कि वह ट्रम्प की धमकियों के आगे झुक गया।

चीन के प्रति भी ट्रम्प का रवैया उतना ही मुसीबत पैदा करने वाला है। कभी वे कहते हैं चीन पर बहुत टैरिफ लगाएंगे। कभी चीन से व्यापार-समझौते पर बातचीत करने लगते हैं। वे यह भी कहते हैं कि वे शी जिनपिंग के न्योते पर चीन की यात्रा पर जा सकते हैं।

भारत इस गुणा-भाग में कहां फिट बैठता है? ट्रम्प के पहले कार्यकाल और बाइडेन के शासनकाल में भी अमेरिका भारत को हिंद-प्रशांत क्षेत्र में प्रमुख साझेदार और चीन को नियंत्रित करने वाली एक लोकतांत्रिक ताकत मानता था। भारत ने जहां रणनीतिक स्वायत्तता के अपने विदेश नीति सिद्धांत को बनाए रखा और चीन से विवाद को टाला, वहीं उसने क्षेत्र में अमेरिका का स्वागत भी किया। 2017 में भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की साझेदारी वाले 'क्वाड' को पुनर्जीवित करने में सहायता की। भारत के चीन के साथ अपने विवाद हैं। चीन ने हाल ही में दोनों देशों की विवादित सीमा पर अतिक्रमण बढ़ाया और पाकिस्तान को भी समर्थन दिया। वह भारत के औद्योगिक इको-सिस्टम को भी कमजोर कर रहा है। भारत में इंजीनियरों का आना रोक रहा है। कारखानों की अत्याधुनिक चीनी मशीनरी तक पहुंच प्रतिबंधित कर रहा है।

भारतीय अधिकारी और व्यापारिक संस्थान चीन को तो खतरे के तौर पर देखते हैं। लेकिन यह समझना थोड़ा मुश्किल है कि इस सब में अमेरिका कहां आता है। खासतौर पर तब, जब भारत-पाक संघर्ष के दौरान चीन ने हमारे सैन्य ठिकानों की रियल टाइम जानकारी पाकिस्तान को दी और अमेरिका ने उसे फटकार तक नहीं लगाई। जहां तक व्यापार का सवाल है तो ट्रम्प अकसर अपने विरोधियों के बजाय सहयोगियों के प्रति

**ट्रम्प की मनमानी ने भारत की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ाया है। अतीत में भी अमेरिका कभी भरोसेमंद साथी साबित नहीं हुआ है। भारत के निर्णयकर्ता असमंजस में हैं कि अमेरिका के रुख को देखते हुए चीन से कैसे ताल्लुक रखें।**

अधिक कठोरता बरतते हैं। भारत पर 25% टैरिफ और रूस से तेल और हथियार खरीदने पर 25% की अतिरिक्त 'पेनल्टी' थोपना इसी की मिसाल है।

ट्रम्प की मनमानी ने भारत की रणनीतिक चिंताओं को बढ़ाया है। अतीत में भी अमेरिका भरोसेमंद साथी साबित नहीं हुआ है। कारगिल संघर्ष में उसने महत्वपूर्ण जीपीएस डेटा तक भारत की पहुंच को रोक दिया था। इस कारण भारत ने स्वयं का जीपीएस विकसित किया। अब भारत के निर्णयकर्ता असमंजस में हैं कि अमेरिका के रुख को देखते हुए चीन से कैसे ताल्लुक रखें।

भारत इससे घबराएगा नहीं, लेकिन वह अपनी रणनीति बदल सकता है। जापान या दक्षिण कोरिया जैसे अमेरिका के औपचारिक सहयोगियों की तुलना में वह अधिक स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकता है। जयशंकर की हाल ही में बीजिंग यात्रा चीन के साथ संवाद बढ़ाने की हमारी इच्छा को दर्शाती है। भारत अमेरिका के साथ संबंधों को कम नहीं कर रहा, लेकिन वह आत्मनिर्भरता पर जोर दे रहा है। अमेरिका से रिश्ते अब ऐसी रस्सी पर चलने की तरह हैं, जिसका दूसरा छोर डावांडोल है।

(© प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

## मुद्दा • ये विवाद बिहार चुनाव के बाद भी बना रहेगा

# वोट देने का ही हक न रहेगा तो लोकतंत्र का क्या होगा?

वोटर-लिस्ट




ज्यां द्रेज़
प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री और समाजशास्त्री


**बिहार** में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। लेकिन फिलहाल सबका ध्यान राजनीतिक गठबंधनों या पार्टी घोषणापत्रों पर नहीं, मतदाता-सूची पर है। इस मतदाता-सूची की तैयारी पर बड़ा विवाद हो रहा है।

बिहार में पहले से ही एक मतदाता-सूची है, जो उचित प्रक्रिया से तैयार की गई है। हम इसे आधार-सूची कह सकते हैं। 24 जून 2025 को, भारत निर्वाचन आयोग ने अचानक एक नई मतदाता-सूची तैयार करने का आदेश जारी कर दिया। यह नई सूची मुख्यतः आधार-सूची का सत्यापन करके तैयार की जा रही है। बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को उस आधार-सूची में शामिल सभी लोगों को एक फॉर्म देना है, जिसमें आधार-सूची की उनकी जानकारी पहले से छपी है। बीएलओ से अपेक्षा की जाती है कि वह यह फॉर्म भरने में उनकी मदद करें, उनकी फोटो और हस्ताक्षर लें, और फॉर्म अपलोड करें।

यह सब एक महीने के भीतर (26 जुलाई तक) बिना किसी खास तैयारी के होना था। ऐसे में आप अफरातफरी का अंदाजा लगा सकते हैं। मिल रही सूचनाओं के आधार पर समय के दबाव में बीएलओ अकसर नियम तोड़ रहे हैं। कई बार सिर्फ आधार कार्ड और फोन नंबर इकट्ठा कर रहे हैं और फर्जी हस्ताक्षर के साथ फॉर्म अपलोड कर रहे हैं। यह बात कई स्रोतों से पता चली है, जैसे 21 जुलाई को पटना में हुई एक जनसुनवाई, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स और भारत जोड़ो अभियान का एक सर्वेक्षण।

जिन लोगों ने फॉर्म भर दिया, वे सभी 1 अगस्त को जारी की गई मसौदा मतदाता-सूची में शामिल हैं। इस सूची में केवल 7.24 करोड़ मतदाता हैं, जबकि आधार-सूची में यह संख्या 7.89 करोड़ थी। जैसा कि राहुल शास्त्री और योगेंद्र यादव ने दर्शाया, इसका मतलब यह है कि मसौदा मतदाता-सूची बिहार की अनुमानित वयस्क आबादी के केवल 88% को ही कवर करती है, जबकि आधार-सूची में यह संख्या 97% थी। दूसरे शब्दों में, लाखों लोग बिहार की मसौदा मतदाता-सूची से वंचित हैं। (अखिल भारतीय स्तर पर, मतदाता-सूचियां अनुमानित वयस्क आबादी के 99% को कवर करती हैं।)

लेकिन यह तो ट्रेलर है। अगले चरण में, लोगों से 11 पहचान-पत्रों में से कम से कम एक जमा करने की अपेक्षा की जा रही है। इन दस्तावेजों में दसवीं कक्षा का प्रमाण-पत्र, स्थायी निवास प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट आदि शामिल हैं। कई लोगों के पास इनमें से कोई भी दस्तावेज नहीं हैं। उनका क्या होगा, यह स्पष्ट नहीं है।

इन दस्तावेजों को इकट्ठा करने का उद्देश्य क्या है? चुनाव आयोग का 24 जून का आदेश इस बारे में बहुत स्पष्ट नहीं है। लेकिन 21 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में आयोग द्वारा पेश किए गए हलफनामे से यह बात स्पष्ट हो जाती है। हलफनामे में दो महत्वपूर्ण बातें कही गई हैं। पहली, चुनाव के संदर्भ में लोगों की नागरिकता सत्यापित करना आयोग का अधिकार और कर्तव्य है। दूसरी, नागरिकता का प्रमाण नागरिकों को ही प्रस्तुत करना है। लोगों से अपेक्षा की जाती है कि वे ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करें, जिनसे तय हो सके कि वे नागरिक हैं या नहीं। दोनों ही दावे खतरनाक हैं। अब तक मतदाताओं से उनकी नागरिकता साबित करने के लिए कभी नहीं कहा गया था। मतदाता-सूचियों को यथासंभव समावेशी होना चाहिए। केवल तभी जांच की आवश्यकता हो

**लोगों से अपेक्षा की जा रही है कि वे ऐसे दस्तावेज प्रस्तुत करें, जिनसे तय हो सके कि वे नागरिक हैं या नहीं। वोटरों से उनकी नागरिकता साबित करने के लिए पहले कभी नहीं कहा गया था। मतदाता-सूचियों को तो समावेशी होना चाहिए।**

सकती है जब किसी की नागरिकता के बारे में गहरा संदेह हो। चुनाव आयोग इस सिद्धांत को उलटने की कोशिश कर रहा है।

आम लोग अपनी नागरिकता कैसे साबित करेंगे? एक-दो छोड़कर, चुनाव आयोग द्वारा सूचीबद्ध 11 दस्तावेजों में से कोई भी नागरिकता को साबित नहीं करता। इसके अलावा बहुत लोगों के पास इनमें से कोई भी दस्तावेज नहीं है। अंततः, प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) को पूरा अधिकार दिया गया है यह तय करने का कि वे किसी व्यक्ति के नागरिक होने से संतुष्ट हैं या नहीं। यहीं पर मनमानी का बड़ा खतरा पैदा हो जाएगा।

ये खतरे बिहार चुनाव के बाद भी कायम रहेंगे। याद रहे, यह विशेष गहन पुनरीक्षण पूरे देश में होना है। साथ ही, यह प्रक्रिया अन्य संदर्भों में भी लोगों की नागरिकता पर सवाल उठाने का रास्ता खोल रही है। यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि इस उत्पीड़न के मुख्य शिकार कौन होंगे!

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## ब्रांड से सबक | NIRMA | डिटर्जेंट पाउडर

# 2004 में भारतीय डिटर्जेंट मार्केट के 35% हिस्से पर था निरमा का कब्जा, अब ग्रामीण क्षेत्र पर फोकस

**हेमा,** रेखा, जया और सुषमा... वाशिंग पाउडर निरमा। ये वो जिंगल है, जो 70-80 के दशक में जन्मे भारतीयों की जुबां पर चढ़ी हुई थी। दरअसल ये विज्ञापन और जिंगल्स उस स्ट्रैटेजी का हिस्सा थीं, जिसने एक ब्रांड को वॉशिंग पाउडर का पर्याय बना दिया था। यह कहानी है डिटर्जेंट पाउडर निरमा की। 1969 में अहमदाबाद के करसन भाई पटेल ने घर के पीछे 100 वर्गफीट के आंगन में वॉशिंग पाउडर बनाकर इसकी शुरुआत की थी। 2004 में कंपनी की भारतीय डिटर्जेंट बाजार में 35 फीसदी हिस्सेदारी थी। इस दौरान निरमा समूह में करीब 14 हजार कर्मचारी थे। कंपनी शेयर बाजार में भी लिस्टेड हो गई थी, लेकिन कुछ निर्णयों ने इसे डिटर्जेंट बाजार की प्रतिस्पर्धा में पीछे कर दिया। दरअसल कंपनी ने प्रतिस्पर्धा को देखते हुए अन्य क्षेत्रों में भी निवेश करना शुरू कर दिया। सीमेंट कंपनी बनाई, जो देश में 5वें नंबर पर है। निरमा यूनिवर्सिटी और केमिकल का कारोबार भी शुरू किया। इससे पारंपरिक प्रोडक्ट वॉशिंग पाउडर से ध्यान हटने लगा। प्रोडक्ट में इनोवेशन न होने से यह बजट मार्केट तक सीमित हो गया। प्रीमियम क्लास इससे छिटक गया, जिससे यह लगातार पिछड़ने लगा। आज ब्रांड से सबक में पढ़िए कहानी निरमा डिटर्जेंट पाउडर की।

### वर्तमान स्थिति

#### ग्रामीण बाजार पर फोकस कर रही कंपनी

वर्तमान में निरमा डिटर्जेंट स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा है। कंपनी ने लागत नियंत्रण और ग्रामीण बाजार पर ध्यान केंद्रित किया है। अधिक रंगीन और प्रीमियम दिखने वाला पैक ला रहा है। इसने जैविक और कम झाग वाले विकल्प भी पेश किए हैं। ग्रुप ने विविधता लाने की रणनीति अपनाई है। वह अब न केवल डिटर्जेंट बल्कि सीमेंट, ऊर्जा और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सक्रिय है। निरमा यूनिवर्सिटी और सीमेंट व्यवसाय पर ग्रुप का मुख्य फोकस है।

**सबक क्यों-** 2000 के दशक में 14 हजार कर्मचारी और 18 मैन्युफैक्चरिंग यूनिट थीं, बाजार में अब सीमित हो रही उपस्थिति।



**2004** में सालाना 8 लाख टन बिक्री और 35% बाजार पर कब्जा था निरमा डिटर्जेंट का।

**2020** में करीब 6 प्रतिशत के आसपास बाजार में हिस्सेदारी बची थी निरमा की।

90 के दशक में टीवी पर आने वाला यह विज्ञापन हर व्यक्ति की जुबां पर होता था। निरमा डिटर्जेंट बनाने वाले करसन भाई पटेल इसके माध्यम से अपनी बेटी की याद को अमर बनाना चाहते थे।

### ऐसे मार्केट लीडर बना निरमा

1. **बेहद किफायती-** निरमा डिटर्जेंट पाउडर 3.50 रुपए में एक किलो मिलता था जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर के सर्फ की कीमत करीब 13 रुपए प्रति किलोग्राम था।
2. **बेहतरीन डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क -** गुजरात में घर से शुरू होकर महाराष्ट्र और उत्तर भारत तक डोर-टु-डोर और छोटे वितरकों के माध्यमों से नेटवर्क फैलाया। इसके 400 से ज्यादा डिस्ट्रिब्यूटर थे। ग्रामीण भारत का पहला ब्रांड था जो गली-गली बिकता था।
3. **उच्च गुणवत्ता और भरोसेमंद उत्पादन -** कम कीमत के बावजूद निरमा ने गुणवत्ता से समझौता नहीं किया। यह फास्फेट फ्री था और पर्यावरण के अनुकूल माना जाता था। इसके कर्मचारी इससे जुड़े रहे।
4. **स्थानीय इनोवेशन -** करसन भाई ने छोटे पैमाने पर साबुन और डिटर्जेंट बनाकर डिस्ट्रिब्यूशन मजबूत किया। इस रणनीति ने कंपीटिशन में बढ़त दी।

### यूं बाजार में पिछड़ता चला गया

1. **इनोवेशन में कमी -** दिग्गज बन जाने के बाद निरमा ने उत्पादन और पैकेजिंग में सुधार नहीं किया। जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर, पीएंडजी आदि नए फॉर्मूलों और ब्रांडिंग में तेजी से आगे बढ़ रहे थे।
2. **बजट सेगमेंट तक सीमित-** निरमा की जगह बजट-सेगमेंट तक सीमित रही, जिससे उपभोक्ता व्यक्तिगत और प्रेरणादायक ब्रांड की ओर खिंचे। समय के साथ शिक्षित वर्ग कम मूल्य की बजाय प्रतिष्ठा को तरजीह देने लगा, जिससे बाजार हिस्सेदारी कम हुई।
3. **कम कीमत, अधिक लागत-** पाम आइल जैसी इनपुट सामग्री की कीमतों में वृद्धि होने के बावजूद निरमा ने अपनी लो कॉस्ट नीति पर कायम रहते हुए नुकसान सहन किया। कीमतें नहीं बढ़ाईं।
4. **मल्टीब्रांड रणनीति में असफलता-** निरमा ने पर्सनल केयर से विविधता लाने की कोशिश की। टूथपेस्ट और बालों के प्रोडक्ट में सफलता नहीं मिली।

### बेटी के नाम पर रखा था ब्रांड का नाम 'निरमा'

#### शुरुआत : करसन भाई पटेल ने घर पर ही तैयार किया था फॉर्मूला

1969 में गुजरात के रूपपुर में रहने वाले करसन भाई पटेल ने इसकी नींव रखी थी। घर पर ही फास्फेट फ्री डिटर्जेंट पाउडर तैयार करना शुरू किया। वह हर सुबह अहमदाबाद से करीब 15 किलोमीटर साइकिल चला कर इसके पैकट बेचते। उनका बनाया निरमा डिटर्जेंट 3.50 रु. किलो था। जल्द ही यह लोकल बाजार में हिट हो गया। बाद में उन्होंने छोटा कारखाना शुरू किया।

#### गिरावट : प्रतिद्वंद्वियों की तकनीक से पिछड़ा ब्रांड

2000 के दशक के मध्य में इसमें गिरावट साफ दिखने लगी। मुनाफा कम होने लगा जबकि बिक्री बढ़ रही थी, यह संकेत था कि लागत नियंत्रण में परेशानी आ रही है और प्रतिस्पर्धा तेज हो रही है। 2010 में कंपनी ने शेयर डीलिस्ट कर रीस्ट्रक्चरिंग की प्रक्रिया शुरू की। इस अवधि में व्हील जैसे ब्रांड कम कीमत वाले सेगमेंट में आ गए और निरमा का मार्केट घटने लगा।

**ऐसे पड़ा नाम :** निर्मल भाई पटेल ने बेटी निरुपमा, जिसे प्यार से निरमा बुलाते थे, के नाम पर 'निरमा' नाम दिया था। निरुपमा की एक हादसे में मृत्यु हो गई थी।

**सबसे बड़ा प्रतिद्वंद्वी :** हिंदुस्तान यूनिलीवर के सर्फ और व्हील इसके सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी थे, जो 1990 के दशक में बाजार में हावी हुए।

## पीपुल भास्कर | जिमी डोनाल्डसन उर्फ मिस्टर बीस्ट | अमेरिकी यू-ट्यूबर



# 40 करोड़ सब्स्क्राइबर वाले दुनिया के इकलौते यूट्यूबर, हर घंटे 50 लाख कमाते हैं मिस्टर बीस्ट

**जून** 2024, 26 वर्ष के अमेरिकी यूट्यूबर जिमी डोनाल्डसन ने एक ट्वीट किया, जिसमें बताया कि उन्होंने भारतीय संगीत कंपनी टी-सीरीज के सर्वाधिक सब्स्क्राइबर वाले रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। उस समय टी-सीरीज के 26 करोड़ 60 लाख सब्स्क्राइबर थे। उनके इस ट्वीट ने पूरे इंटरनेट पर हलचल मचा दी। क्योंकि टी-सीरीज 2019 से सर्वाधिक सब्स्क्राइबर वाले चैनल के रूप में यूट्यूब पर राज कर रहा था। एक अकेले शख्स ने पूरी कंपनी को पछाड़ दिया था।

हालांकि जिमी डोनाल्डसन, जिन्हें लोग मिस्टर बीस्ट के नाम से जानते हैं, अब इस कंपीटिशन में बहुत आगे निकल चुके हैं। हाल ही में उन्होंने सब्स्क्राइबर्स के मामले में 40 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है, लेकिन एक समय था यूट्यूब के उनके इस जुनून के लिए मां ने घर से निकाल दिया था। सफल यूट्यूबर बनने के लिए उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई छोड़ दी थी, जिससे उनकी मां बेहद नाराज हुई थीं। वीडियो बनाने की विशेष शैली के लिए पहचाने जाने वाले मिस्टर बीस्ट अपार संपत्ति के मालिक भी हैं।

अमेरिका में अलग-अलग लोकेशन पर उनके पांच घर हैं। उनके पास टेस्ला की कस्टमाइज कार से लेकर 3 करोड़ की बीएमडब्ल्यू तक है। बटरफ्लाई डोर वाली जर्मन कार बीएमडब्ल्यू i8 उनकी फेवरेट कार है, जिसे उन्होंने बिटकॉइन से खरीदा था। जिमी परोपकारी भी हैं। 2020 में उन्होंने 100 लोगों को करीब 87 करोड़ रुपए दान किए थे। इसके अलावा 2020 में ही हैशटैग (#)टीमट्रीज कैम्पेन के तहत 20 करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य पूरा किया था।

**चर्चा में क्यों-** 40 करोड़ सब्स्क्राइबर होने पर यूटयूब ने उनके लिए विशेष प्ले बटन बनाया है जो पहले किसी यूट्यूबर को नहीं दिया गया।



मंगेतर थिया बूयसेन के साथ जिमी डोनाल्डसन।

करीब 20 लाख लोगों को वर्षों तक साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए अभियान शुरू किया है।

**जन्म :** 7 मई 1998 (27 साल), कंसास, अमेरिका
**शिक्षा :** ग्रीनविले क्रिश्चियन एकेडमी से स्कूली शिक्षा
**परिवार :** मंगेतर थिया बूयसेन
**संपत्ति :** करीब 8750 करोड़ रुपए
(मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)

### शुरुआत

#### यूट्यूब को फिजूल समझती थी मां

जिमी डोनाल्डसन का जन्म अमेरिका के कंसास में हुआ था। उनकी मां, सुसन डोनाल्डसन एक सिंगल मदर थीं। वे वॉर्डन और कॉन्ट्रैक्ट मैनेजर हैं। जिमी पढ़ाई में औसत थे, लेकिन यूट्यूब और गेमिंग में रुचि रखते थे। 12 साल की उम्र में उन्होंने पहले वीडियो के लिए मां से कैमरा मांगा, लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। वे इसे समय की बर्बादी मानती थीं।

### जीवनसाथी

#### मंगेतर मनोवैज्ञानिक, कंटेंट क्रिएटर व गेमर हैं

जिमी ने प्रेमिका थिया बूयसेन के साथ पिछले साल दिसंबर में सगाई की थी। थिया एक कंटेंट क्रिएटर, गेमर और ह्यूमन कॉग्नीटिव न्यूरोसाइकोलॉजी में मास्टर्स हैं। दोनों की मुलाकात दक्षिण अफ्रीका में 2022 में हुई थी। दोनों एक द्वीप पर शादी की योजना बना रहे हैं। इसमें सिर्फ करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य शामिल रहेंगे।

### करियर

#### सर्वाधिक सब्स्क्राइबर वाले यूट्यूबर हैं

जिमी ने 2012 में यूट्यूब चैनल 'मिस्टरबीस्ट6000' शुरू किया, लेकिन 5 साल तक बड़ी सफलता नहीं मिली। 2017 में उनका 'काउंटिंग टु 100,000 वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने 40 घंटे तक गिनती की और लाखों व्यूज पाए। आज यूट्यूब पर उनके सर्वाधिक सब्स्क्राइबर हैं। उनकी हर घंटे की कमाई करीब 50 लाख रुपए है।

### रोचक : 10 करोड़वें सब्स्क्राइबर को गिफ्ट में दिया था आइलैंड

#### खास : एक ही शख्स को 40 कारें दी, गिफ्ट किया आइलैंड

- मिस्टर बीस्ट ने 4 करोड़वें सब्स्क्राइबर को एक साथ 40 कारें दे दी, जिनमें पोर्श से लेकर टेस्ला तक सभी रेंज की कारें थीं। हालांकि उस शख्स को सभी कारें 24 घंटे में दान करनी थीं। बाद में उसे कस्टमाइज टेस्ला कार दी थी।
- बीस्ट ने अपने 10 करोड़वें सब्स्क्राइबर को आइलैंड गिफ्ट किया था।

#### उपलब्धि : करोड़ों सब्स्क्राइबर वाले 4 और यूट्यूब चैनल

- मिस्टरबीस्ट के अलावा डोनाल्डसन के चार अन्य यूट्यब चैनल भी हैं। इनमें बीस्ट फिलैंथ्रोपी (2.8 करोड़ सब्स्क्राइबर), मिस्टरबीस्ट गेमिंग (4.9 करोड़ सब्स्क्राइबर), बीस्ट रिएक्ट्स (3.6 करोड़ सब्स्क्राइबर) और मिस्टरबीस्ट-2 (5.1 करोड़ सब्स्क्राइबर) चैनल हैं। इनके करोड़ों सब्स्क्राइबर्स हैं।

#### बड़ा बिजनेस एम्पायर भी : स्नैक ब्रांड से लेकर स्टोर तक

जिमी डोनाल्डसन का बड़ा बिजनेस एम्पायर भी है। फीस्टेबल्स नाम से स्नैक ब्रांड चलाते हैं, जिसका सालाना राजस्व 1750 करोड़ रुपए है। इसके अलावा मिस्टरबीस्ट लैब खिलौनों की चेन, बीस्ट गेम्स रियलिटी शो और मिस्टरबीस्ट ऑनलाइन स्टोर से वे सालाना करोड़ों रुपए की कमाई करते हैं।

**डिजिटल अरेस्ट;** ठग बोले-आपने खालिस्तानियों को ट्रांसफर किए पैसे, होगी गिरफ्तारी

# दिव्यांग बेटे की चिंता में बुजुर्ग ने साइबर ठगों को दे दिए 56 लाख रु.

शिव प्रकाश शर्मा | जयपुर

पिता पहाड़ होते हैं... औलाद को हर दुःख तकलीफ से बचाने के लिए कुछ भी कर जाते हैं। भले ही अपनी जिंदगीभर की कमाई क्यों ना कुर्बान करनी पड़े। ऐसा ही एक मामला हाल ही में सामने आया। साइबर ठगों की धमकी से डरे-सहमे 70 वर्षीय एक बुजुर्ग पिता राजकुमार ने 10 साल पहले रिटायरमेंट में मिले अपने 56 लाख रुपए की एफडी तुड़वाकर साइबर ठगों के खातों में डलवा दी। कारण था कि उसका 40 साल का इकलौता दिव्यांग बेटा रवि उनकी गिरफ्तारी के बाद बेसहारा न हो जाए। साइबर ठगों ने उन्हें तीन दिन तक डिजिटल हाउस अरेस्ट किए रखा। खुद को आईबी व सीबीआई अधिकारी बताकर खालिस्तानियों को 1.5 करोड़ रुपए ट्रांसफर करने का हवाला दिया।

**ठगी के 39 दिन बाद भी कानून के लंबे हाथ खालीः** पीड़ित ने घटना के 7 दिन बाद 28 जून को कमिश्नरेट के साइबर थाने में मामला दर्ज कराया था। इसको 39 दिन बीत चुके हैं, इसके बावजूद पुलिस अभी तक खाली हाथ है। बुजुर्ग राजकुमार और बेटा रवि शंकर परेशान हैं। राजकुमार बताते हैं कि बेटे की दवा के लिए भी पैसे नहीं हैं।

ऐसा त्याग पिता ही कर सकता है; बेटे के लिए दे दी जिंदगीभर की कमाई



**72 घंटे के खौफ की आप-बीती**

## साल 2018 में पत्नी ने मरते समय कहा था- बेटे का ध्यान रखना... मैंने वही किया...

▪ *राजकुमार शर्मा, साइबर ठगी के पीड़ित*



मुझे लगता है कि मेरी जिंदगी संघर्षों में ही रहेगी। शादी के बाद 6 बच्चे हुए। कोई भी जिंदा नहीं बचा। पत्नी सुलोचना परेशान रहती थी। फिर 40 साल पहले रवि के रूप में खुशियों ने हमारे घर में जन्म लिया। मैं आदित्य बिड़ला ग्रुप में कोलकाता में काम करता था। कुछ सालों बाद यह खुशी भी काफूर हो गई। पता चला कि रवि स्पेशली चैलेंज्ड है। सुलोचना की नजरें हमेशा रवि की फिक्र में लगी रहतीं। 2018 में जब सुलोचना की मौत हुई तो रवि 33 साल का था। जाते हुए उसने मुझसे कहा था कि रवि का ध्यान रखना। 19 जून के फोन ने फिर से जिंदगी को संघर्षों में ला खड़ा किया। कॉलर ने कहा- आपके नाम से एक और सिम है, उससे बहुत बड़ा फ्रॉड हुआ है। आपका मुंबई में बैंक ऑफ कनाडा में खाता है, उससे खालिस्थानियों को डेढ़ करोड़ रुपए ट्रांसफर किए हैं। आपका आईबी-सीबीआई के पास अरेस्ट वॉरंट है। मैं डर गया था। सोचा कि मैं गिरफ्तार हो गया तो रवि को कौन संभालेगा? मैंने 19, 20 और 21 जून 2025 को आईसीआईसीआई बैंक से 21 लाख, बैंक ऑफ बड़ौदा से 20 लाख और पोस्ट ऑफिस से 15 लाख रुपए की एफडी तुड़वाकर उनके बताए खातों में जमा करा दी।

**मुंबई** • महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के दावे पर हाई कोर्ट की दो टूक

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा-हमने नहीं दिया कबूतरखानों को बंद करने का आदेश

भास्कर न्यूज | मुंबई

बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को स्पष्ट किया कि उसने मुंबई शहर में कबूतरखानों को बंद करने का कोई आदेश नहीं दिया है। न्यायमूर्ति जीएस कुलकर्णी और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की पीठ ने टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) द्वारा पारित बंदी आदेश पर रोक लगाने से इनकार किया था। गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि शहर में पुराने कबूतरखानों को जारी रखना चाहिए या नहीं, इस पर विशेषज्ञों की एक समिति अध्ययन कर सकती है, लेकिन लोगों की सेहत ज्यादा अहम है। मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को होगी। बता दें कि इस हफ्ते की शुरुआत में, शहर के कुछ कबूतरखानों को ढकने के लिए तिरपाल लगाई गई थीं, जिससे विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। इसके बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया था कि हाई कोर्ट के आदेश के चलते कबूतरखाने बंद किए गए। इस पर कोर्ट ने गुरुवार को स्थिति स्पष्ट की।

### मुंबई में 44 कबूतरखाने

▪ मुंबई महानगर क्षेत्र में कुल 44 कबूतरखाने हैं। इनमें सबसे ज्यादा पांच पश्चिम उपनगर के पी-नॉर्थ और पी-ईस्ट वार्ड में हैं। इसके बाद चार-चार कबूतरखाने के-वेस्ट (पश्चिम उपनगर) और डी वॉर्ड (दक्षिण मुंबई) में हैं।

▪ नगर निकाय (बीएमसी) ने बताया है कि 13 जुलाई से 3 अगस्त के बीच मुंबई के विभिन्न कबूतरखानों में कबूतरों को दाना खिलाने के आरोप में 142 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई और उनसे कुल 68,700 का जुर्माना वसूला गया।


मोबाइल हो या स्मोकिंग
हर Addiction
से आज़ादी मिल सकती है।



टीनटॉक काउंसलर से बात करें
Mon-Sun | 8:00AM - 8:00PM
सलाह के लिए लॉग इन या स्कैन करें
teentalkindia.com
Free Confidential | Emotional Support


## 8वीं की किताब में मेवाड़ को मराठा साम्राज्य का हिस्सा बताया... विवाद

**जयपुर** | एनसीईआरटी की 8वीं की सामाजिक विज्ञान की किताब में जैसलमेर, मेवाड़ और बूंदी को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दिखाने पर विवाद खड़ा हो गया है। कई पूर्व राजघरानों ने इस पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने भी किताब का विरोध किया है। किताब में चैप्टर 3 में पेज 71 पर एक मैप है, इसमें जैसलमेर, मेवाड़ और बूंदी समेत राजस्थान के कई हिस्सों को मराठा साम्राज्य का हिस्सा बताया है। पूर्व राजघरानों के सदस्यों ने एनसीईआरटी के शिक्षाविदों पर सवाल उठाया है और नक्शे को भ्रामक बताया है। जैसलमेर पूर्व राजघराने के प्रमुख चैतन्यराज सिंह ने केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मांग की है कि इसमें तत्काल संशोधन किया जाए।

## प्रतापगढ़ में 15 दिन में दूसरी बार भूकंप, 3.9 की थी तीव्रता

**प्रतापगढ़** | प्रतापगढ़ में 15 दिन में दूसरी बार भूकंप के झटके आए। जमीन में कंपन और गड़गड़ाहट महसूस हुई तो लोग घरों, दुकानों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। यह झटके नई आबादी, सदर बाजार, गोपालगंज, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी में महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार यह भूकंप 3.9 तीव्रता का था।


**GOVERNMENT OF HARYANA** **TENDER NOTICE**

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD, PANCHKULA | DNIT FOR CONSTRUCTION OF 5 ACR AT F.F. WITH S/CASE IN GSSS TEORA AND CONSTRUCTION OF 4 ACR (2 ACR AT G.F. AND 2 ACR AT F.F.) WITH S/CASE AND REPAIR OF EXISTING 16 CLASSROOMS IN GSSS ISMAILABAD-DISTT.KURUKSHETRA(DSE) + 15 WORKS | 05.08.2025 18.08.2025 | RS. 12,82,78,808/- | www.hsspp.in | 09041397095 civilbranchssa4@gmail.com |
| 2 | HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD, PANCHKULA | PRINTING AND SUPPLY OF TEXT BOOKS/WORK BOOKS FOR CLASS 1ST, 2ND, 7TH & 8TH UNDER (GROUP-I) AND FOR CLASSES 3RD, 4TH, 5TH & 6TH UNDER (GROUP-II) FOR AND/Y THFOR ACADEMIC SESSION 2026-27. | 08.08.2025 28.08.2025 | RS. 45.05 CRORES | www.hsspp.in | 0172-2590505 pohsspp1@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in 13/2026/40/37445/I/10/4


## गुजरातः सूरत में छात्रों ने बनाई अनोखी 'राखी' संरचना



**सूरत** | रक्षाबंधन के मौके पर श्री स्वामीनारायण गुरुकुल के सैकड़ों छात्रों ने स्कूल परिसर में रंग-बिरंगे परिधानों में एकजुट होकर एक विशाल गोलाकार 'राखी' संरचना बनाई। इस आयोजन का उद्देश्य रक्षाबंधन का महत्व बताना और युवाओं में सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान बढ़ाना था। छात्रों ने मिलकर इस आयोजन को उत्सव का रूप दिया, जिससे स्कूल परिसर में उल्लास का माहौल बन गया।


**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, पंजाब**
**अनाज भवन, सेक्टर-39 सी, चंडीगढ़**

रेल द्वारा कंटेनरों का अंतर्देशीय परिवहन प्रदान करने वाली संभावित लॉजिस्टिक्स कंपनी के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

यह सूचना आगामी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के लिए रेल द्वारा कंटेनरों का अंतर्देशीय परिवहन प्रदान करने हेतु संभावित लॉजिस्टिक्स कंपनी के लिए आगे का रास्ता तैयार करने और दिखाने के उद्देश्य से जारी की जा रही है।

पंजाब सरकार का खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग, पश्चिम बंगाल स्थित विभिन्न जूट मिलों से पंजाब के विभिन्न स्थानों तक जूट की गांठों का परिवहन शीघ्र ही जारी की जाने वाली दो पैकेट निविदा प्रक्रिया के माध्यम से करने की योजना बना रहा है। इस ईओआई का उद्देश्य आगामी प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के लिए संभावित लॉजिस्टिक्स कंपनियों को तैयार करना और रेल द्वारा कंटेनरों में जूट की गांठों का परिवहन प्रदान करने हेतु लॉजिस्टिक्स कंपनी की नियुक्ति/पैनलीकरण/विकास के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु उनके सुझाव और इनपुट प्राप्त करना है। अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट **http://foodsuppb.gov.in** पर उपलब्ध है।

1. इंटरैक्टिव मीटिंग की तिथि और समयः 14/08/2025 को दोपहर 12 बजे, अनाज भवन, सेक्टर 39-सी, चंडीगढ़ 160036 में।
2. ईओआई जमा करने की तिथि और समयः 21.08.2025 को दोपहर 14.00 बजे तक, निम्न दिए गए पते पर।

संपर्क पताः-
**निदेशक, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग,**
अनाज भवन, सेक्टर 39-सी, चंडीगढ़- 160036

1026/12/2025-26/2065



**MAHATMA PHULE KRISHI VIDYAPEETH, RAHURI-413 722, DIST-AHILYANAGAR**
**Office of the University Engineer**
**Phone (02426) 243 272, 243235 (Office) Web: www.mpky.mah.nic.in, e-mail-uniengineermpkv@gmail.com**

**No. MPKV/WRK/TC/2557/2025** **Dated: 05/08/2025**

**E-Tender Notice**

The University Engineer invites online e-tenders in B-1 form, from the registered Civil contractors in appropriate class registered in state PWD/Central PWD/Military Engineering services and Railway Department for the following works at Punyashlok Ahilyadevi Holkar Govt. College of Agriculture, Halgoan, Dist. Ahilyanagar.

| Sr. No. | Name of Work | Estimated Cost (In Lakhs.) |
|---|---|---|
| 1. | Construction of Auditorium at Punyashlok Ahilyadevi, Holkar Govt. College of Agriculture, Halgoan, Dist. Ahilyanagar | 926.00 |
| | (Nine Crores twenty six lakhs only) | |

For Detail Tender Notice please see website Portal - **https://mahatenders.gov.in,**
**Organization-Department of Agricultural,**
**Department- Mahatma Phule Krishi Vidyapeeth, Rahuri.**
**Division- University Engineer**

**Sd/-**
**University Engineer**
**MPKV, Rahuri.**



**कर्मचारी राज्य बीमा निगम**
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)
क.रा.बी.नि. E.S.I.C.

सत्यमेव जयते

**चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल**
Medical College & Hospital
देसूला, एम आई ए, अलवर (राज)- 301030
Desula, MIA, Alwar (Raj) – 301030
E-mail:- dean-alwar.rj@esic.nic.in
ms-alwar.rj@esic.nic.in
Website:- www.esic.gov.in

**Advertisement No. 10/2025** **Dated: 07.08.2025**

**RECRUITMENT OF TEACHING FACULTY (Minimum for 1 Yr upto 05 year)/ SUPER SPECIALISTS (1 Yr)/ SENIOR RESIDENTS (3 Yrs)/Adjunct Faculty ON CONTRACTUAL BASIS FOR ESIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, ALWAR, RAJASTHAN THROUGH WALK-IN-INTERVIEW**

**Date of Interview:-14.08.2025*** **Mode of Interview:- OFFLINE**
**VENUE FOR Walk In INTERVIEW**
**ESIC MCH, Desula, MIA, Alwar (Raj) 301030**

ESIC Medical College & Hospital, Alwar, Rajasthan proposes to fill up the posts of medical teaching faculty – **Professor, Associate Professor, Assistant Professor, Super Specialists, Senior Residents, Adjunct Faculty** in the disciplines mentioned below **on contractual basis** through **interview**. The details of vacancies and reservation position is as under :-

**DETAILS OF VACANCIES**

| Specialty | Professor | Associate Professor | Assistant Professor | Senior Resident 3Yrs | Senior Resident against GDMO (3Yrs) |
|---|---|---|---|---|---|
| Anesthesia | - | 01-UR | 03(01-UR, 01-OBC,01-ST)) | 01-OBC | 03(01-OBC,01-SC,01-EWS) |
| Anatomy | - | 01-UR | 02(01-UR, 01-ST) | 02-UR | - |
| Biochemistry | 01-UR | 01-UR | - | 02(01-UR, 01-SC) | - |
| Community Medicine | 01-OBC | 02(01-UR, 01-ST) | 03(01-UR, 01-OBC, 01-SC) | 02(01-OBC,01-SC) | - |
| Dentistry | - | - | - | - | - |
| Dermatology | - | 01-UR | 01-SC | - | 01-SC |
| Emergency Medicine | 01-SC | 01-OBC | 01-SC | - | - |
| ENT | 01-ST | 01-EWS | - | - | - |
| Forensic Medicine | 01-UR | 01-SC | 01-OBC | 02(01-UR, 01-OBC) | - |
| General Medicine | 01-UR | 03(01-UR, 01-OBC, 01-SC) | 02(01-OBC, 01-EWS) | 01-OBC | - |
| General Surgery | 01-OBC | 03(01-UR, 01-ST, 01-EWS) | 03(01-UR, 01-OBC, 01-SC) | 01-SC | - |
| Microbiology | 01-EWS | 01-UR | 02(01-OBC, 01-EWS) | 01-ST | - |
| OBGY | - | 01-UR | - | 01-SC | - |
| Ophthalmology | 01-UR | 01-OBC | - | - | - |
| Orthopedics | 01-OBC | 01-UR | 01-EWS | 01-EWS | 02(01-UR, 01-ST) |
| Pediatrics | - | - | 02(01-UR, 01-OBC) | - | - |
| Pathology | 01-SC | 02(01-UR, 01-SC) | 01-SC | 03(01-UR, 01-OBC,01-ST) | - |
| Pharmacology | 01-UR | 01-OBC | 02(01-UR, 01-OBC) | 03(01-UR,01-OBC,01-SC) | - |
| Physical Medicine & Rehabilitation | 01-UR | 01-UR | 01-OBC | 01-EWS | - |
| Physiology | 01-UR | - | 01-EWS | 01-UR | - |
| Psychiatry | - | 01-OBC | - | - | - |
| Radio-diagnosis | 01-UR | 01-UR | 01-OBC | 01-EWS | - |
| Respiratory Medicine | - | 01-OBC | 01-SC | - | 01-OBC |
| Total | 15(08-UR, 03-OBC, 02-SC, 01-ST, 01-EWS) | 26(13-UR, 06-OBC, 03-SC, 02-ST, 02-EWS) | 28(06-UR, 10-OBC, 06-SC, 02-ST, 04-EWS) | 23(07-UR, 06-OBC, 05-SC, 02-ST, 03-EWS) | 07(01-UR, 02-OBC, 02-SC, 01-ST, 01-EWS) |

**Note:-**

- **Super Specialist (Full Time / Part Time) vacancies are available in the Gastroenterology (01-UR), Nephrology (01-UR), Oncology(01-OBC) & Paediatric Surgery (01-UR) departments.**
- For Teaching faculty
  - a. Consolidate Remuneration Professor Rs. 2,34,546/-, Associate Professor Rs. 1,52,148/-, Assistant Professor Rs. 1,31,502/- will be paid. Emolument of Professors may be given to Associate Professor provided eligible to become Professor.
  - b. : Consolidate Remuneration Senior Resident Rs1,31,502/-
  - c. Super Specialist Full Time (upto Rs. 2.4 lakh/-) and for Part Time (upto Rs. 1.5 lakh/-).
- For Adjunct Faculty(Professor/Dir. Professor)
  - a. Rs. 6000/03 Hr, minimum 03 days in a month Post MD 08 years of experience.
- For Adjunct Faculty(Associate Professor)
  - a. Rs. 4000/03 Hr, minimum 03 days in a month Post MD 06 years of experience.
- In case of non-availability of candidates in the category advertised, the post may be filled for less than 45 days through UR candidates.
- Reservation Roster for PH Category is applicable as per Govt. of India rules.
- The engagement of contractual faculty on consolidated remuneration will be initially for a period of One year or joining of regular incumbent whichever is earlier. However, the contract would be terminable on one-month notice or on joining of regular faculty or attaining the age of 70 years whichever is earlier.
- For more details visit website: www.esic.gov.in→ Recruitment



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड /निगम/ प्राधिकरण का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खोलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | बोर्ड/ निगम/ प्राधिकरण की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन महेंद्रगढ़ में बाउंड्री वॉल का निर्माण। | 04.08.2025 18.08.2025 | RS. 1,09,63,901/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन ओल्ड बावल में नियंत्रण कक्ष भवन का विस्तार। | 04.08.2025 11.08.2025 | RS. 61,25,147/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 3 | एचवीपीएनएल | 2×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी पावर ट्रांसफार्मर के साथ 66 केवी एआईएस सबस्टेशन मुसम्बल और 2×25/31.5 एमवीए 66/11 केवी पावर ट्रांसफार्मर के साथ 66 केवी एआईएस सबस्टेशन सदोपुर का निर्माण टर्नकी आधार पर निविदा संदर्भ संख्या OS 2025D4D3285C 0202 406D 9AFE BFF30516D2ED824HVP | 04.08.2025 27.08.2025 | EMD RS. 69.82 LACS | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 4 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सबस्टेशन एचएसआईआईडीसी, पानीपत में संबद्ध उपकरणों के साथ मेसर्स एचपीसीएल रिन्यूएबल एंड ग्रीन लिमिटेड को 33 केवी लाइन को समायोजित करने के लिए 1 अदद 33 केवी लाइन बेय का निर्माण (केवल सिविल कार्य)। | 04.08.2025 12.08.2025 | RS. 7,29,188/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 5 | एचवीपीएनएल | 220/33 केवी सब-स्टेशन, सेक्टर 107 गुरुग्राम में रेडिएटर फाउंडेशन का निर्माण- (ऑनलाइन निविदा आईडी 2025_HBC_463160_1) नये पोर्टल की संदर्भ आईडी - 0255999879B91BF 4A4A B867 6CB914611FSE987HVP | 05.08.2025 12.08.2025 | RS. 3,11,195/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 6 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सीटीएस और एनसीटीएस (पॉलिमर हाउसिंग के साथ) की विभिन्न रेटिंग की खरीद। | 08.08.2025 08.09.2025 | EMD RS. 8,14,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 7. | एचवीपीएनएल | विभिन्न आकारों के बिना बख्तरबंद तांबे के नियंत्रण केबलों की खरीद के लिए 1 वर्ष का दर अनुबंध। | 08.08.2025 08.09.2025 | RS. 7,40,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 8. | एचवीपीएनएल | एएसी टारेंटयुला कंडक्टर की खरीद। | 08.08.2025 08.09.2025 | RS. 6,91,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |
| 9. | एचवीपीएनएल | विभिन्न आकारों के बख्तरबंद तांबे के नियंत्रण केबलों की खरीद के लिए 1 वर्ष का दर अनुबंध | 08.08.2025 08.09.2025 | RS. 13,94,000/- | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 pro@hvpn.org.in |

PRDH-13/2026/180/37427/I/10/6 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | बंद होने की तिथि खोलने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रुपये में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/संपर्क विवरण/ ईमेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ एवं म, हिसार | भिवानी के सिविल अस्पताल में लिफ्टों का प्रतिस्थापन + 1 कार्य | 06.08.2025 18.08.2025 | 93.24 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.i |
| 2 | लोनिवि भ एवं म, पलवल | पलवल जिले के पलवल में 100 बिस्तरों वाले सरकारी नागरिक अस्पताल की विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) | CLOSING DATE 16.08.2025 | 157.84 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ एवं म, गुरुग्राम | गुरुग्राम के नए न्यायिक परिसर टावर ऑफ जस्टिस में वाटरप्रूफिंग के साथ टाइल टेरेसिंग का कार्य। | CLOSING DATE 16.08.2025 | 143.81 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | वूडन क्रेट्स। | 08.08.2025 22.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, बहदुरगढ़ | सोंधी माइनर की आरडी 1998 पर पुलिया का निर्माण (मेटल डिपोजिट कार्य) | CLOSING DATE 20.08.2025 | 64.49 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01276-298418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | आरडी 18000 से 21000 तक चिरी माइनर की लाइनिंग की विशेष मरम्मत। + 1 कार्य | CLOSING DATE 20.08.2025 | 12.76 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, नारनौल | नोलपुर डिस्टी. के 9.510 किलोमीटर पर मंधाना गांव के तालाब को भरने के लिए 450 मिमी आई/डी आरसीसी पाइपलाइन बिछाने का कार्य (अटल भूजल योजना के तहत)। + 4 कार्य | CLOSING DATE 12.08.2025 | 81.50 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, करनाल | मैकेनिकल सब-डिवीजन कॉम्प्लेक्स, मेरठ रोड, करनाल में जंगल की सफाई + 2 कार्य | 04.08.2025 12.08.2025 | 4.18 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9991831221 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 9 | पंचायती राज, झज्जर | 7.11- कलोई, ब्लॉक एवं जिला झज्जर में श्री राम धर्मशाला में कक्ष का निर्माण। | 06.08.2025 12.08.2025 | 5.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeengjjr@hry.nic.in |
| 10 | पंचायती राज, करनाल | गांव बस्तारा ब्लॉक घरौंडा जिला करनाल में जीटी रोड बस्तारा (टोल के पास) से बस्तारा-मुबारकाबाद रोड तक वार हीरोज मेमोरियल स्कूल होते हुए नई सड़क का निर्माण। | 05.08.2025 12.08.2025 | 146.64 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज, करनाल | गांव माजरा रोड़ां ब्लॉक नीलोखेड़ी जिला में जयुका चौपाल का समापन। करनाल (वीएएनजीवाई 2024/25) | 05.08.2025 21.08.2025 | 8.35 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज, करनाल | चूर्णी जागीर गांव में डॉ. बी.आर अंबेडकर भवन का निर्माण-चूर्णी जागीर, ब्लॉकः करनाल, योजना- डी-प्लान (एससीएसपी) + 2 कार्य | 05.08.2025 21.08.2025 | 36.66 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज, करनाल | गांव भैनी खुर्द ब्लॉक निलोखेड़ी जिला करनाल जिला परिषद में रिंकू पुत्र जीता राम के घर से एमजीजीबीवाई कॉलोनी के अंत तक नाले के निर्माण का अनुमान + 1 कार्य | 06.08.2025 15.08.2025 | 11.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज, पिंजौर | गांव जोहरीवाला जीपी-मंगनीवाला, ब्लॉक-पिंजौर, जिला-पीकेएल में सामुदायिक केंद्र का निर्माण | 05.08.2025 11.08.2025 | 20.80 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 15 | द्रोणाचार्य गवं. कॉलेज, गुरुग्राम | क्लीनेस एवं हाउसकीपिंग। | CLOSING DATE 26.08.2025 | 1 LACS | http;//dgcgurugram.ac.in | 9990714262 dgcgurgaon@gmail.com |

PRDH-11/2026/300/37458/I/10/4 आगामी जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट पर जाएं : www.etenders.hry.nic.in

## आज का पंचांग

पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत् :** श्रावण, शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, शुक्रवार दोपहर 02:13 रहेगी, विक्रम संवत् 2082, शाके 1947, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सफर, तारीख 13, सूर्य दक्षिणायन, वर्षा ऋतु, 8 अगस्त।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा नक्षत्र दोपहर 02:28 तक, इसके बाद श्रवण नक्षत्र रहेगा। आयुष्मान योग रात्रि 04:09 तक, इसके बाद सौभाग्य योग रहेगा। वणिज करण दोपहर 02:13 तक, इसके बाद विष्टि करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30) :** सूर्य-कर्क, चंद्र-मकर, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल :** प्रातः 10:30 से 12:00 तक रहेगा।

**दिशाशूल :** पश्चिम दिशा- यदि जरूरी हो तो इलायची खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम् :** भद्रा दोपहर 02:13 से रात्रि 01:49 तक, वरद लक्ष्मी व्रत, चांद्र पूर्णिमा व्रत, जीवंतिका पूजन, झूलन यात्रा पूर्ण प्रदोष की, नारेली पूर्णिमा।

**चौघड़िया मुहूर्त :** प्रातः 05:58 से 07:37 तक चर का, प्रातः 07:37 से 10:54 तक लाभ व अमृत का, दोपहर 12:32 से 02:11 तक शुभ का, सायं 05:28 से 07:13 तक चर का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष :** आज शुक्रवार को सफेद वस्तुओं का दान करें, गरीब बच्चों को आइसक्रीम अथवा खीर खिलाएं। चिड़ियों को चावल का चुग्गा डालें तो शुक्रग्रह जनित पीड़ा दूर होती है। आज आयुष्मान योग में फल का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:58 | उत्तराषाढ़ा | 3 | ताम्र | मकर | ज |
| 08:24 | उत्तराषाढ़ा | 4 | ताम्र | मकर | जी |
| 14:28 | श्रवण | 1 | ताम्र | मकर | खि |
| 20:30 | श्रवण | 2 | ताम्र | मकर | खू |
| 02:29 | श्रवण | 3 | ताम्र | मकर | खे |

## राशिफल

**मेष : शुभ अंक 7 शुभ रंग काला :** कॅरियर में आपको कुछ नए मौके मिल सकते हैं। नई ऊर्जा का संचार होगा। पारिवारिक संबंधों में निकटता बढ़ेगी। मेहनत का लाभ मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। स्वास्थ्य पक्ष कमजोर रहेगा।

**वृष : शुभ अंक 3, शुभ रंग फिरोजी :** युवाओं को उच्च अध्ययन में बेहतर प्रस्ताव मिलेंगे। काम में पहले से अधिक एकाग्रता और मेहनत की आवश्यकता रहेगी। कार्यस्थल पर नई मुश्किलें आ सकती हैं। धार्मिक आयोजन सफल रहेंगे।

**मिथुन : शुभ अंक 8, शुभ रंग जामुनी :** भाग्योदय की संभावना है। युवाओं को कॅरियर में नए अवसरों की तलाश बनी रहेगी। कार्यस्थल पर मेहनत के परिणाम दिखाई देने लगेंगे। पारिवारिक उत्सवों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**कर्क : शुभ अंक 9, शुभ रंग हरा :** आज का दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यों में बड़ी सफलता मिल सकती है। पारिवारिक मित्रों से विवाद हो सकता है। वाक्चातुर्य से समस्या का समाधान निकाल लेंगे।

**सिंह : शुभ अंक 4, शुभ रंग नीला :** परिवार का साथ बड़ी सफलता दिला सकता है। आपके प्रयासों के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रॉपर्टी संबंधी विवाद के समाधान के आसार हैं। लापरवाही भारी पड़ सकती है।

**कन्या : शुभ अंक 1, शुभ रंग पीला :** आपको समस्याओं से जूझना पड़ सकता है। बड़े बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है। रिश्तों को गर्मजोशी के साथ निभाएंगे। व्यर्थ विवादों के चलते मन अशांत रहेगा।

**तुला : शुभ अंक 6, शुभ रंग बादामी :** तनाव दूर होने से सुकून महसूस करेंगे। मित्रों के साथ वक्त बिताने से खुशी मिलेगी। अपने मधुर व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे। राजकीय मामले सुलझेंगे। आय के नए स्रोत बनेंगे।

**वृश्चिक : शुभ अंक 2, शुभ रंग नारंगी :** चल रहे कार्यों में सफलता संभव है। युवाओं को कॅरियर में नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापारिक साझेदारी लाभदायी हो सकती है। आपकी उपलब्धियों को नई पहचान मिलेगी।

**धनु : शुभ अंक 1, शुभ रंग हरा :** मेहनत रंग लाएगी। पारिवारिक रिश्तों में चल रहा गतिरोध दूर होगा। मित्रों से मुलाकात सुखद रहेगी। अटके काम बनेंगे। अधिकारियों से नजदीकी तरक्की के अवसर दिलवा सकती है।

**मकर : शुभ अंक 3, शुभ रंग गुलाबी :** लंबे समय से अटके काम अब पूरे होंगे। युवाओं को नए क्षेत्र में काम करने का अवसर मिलेगा। प्रॉपर्टी के विस्तार की रूपरेखा बन सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। आय बढ़ेगी।

**कुंभ : शुभ अंक 7, शुभ रंग भूरा :** छोटे-छोटे बदलाव बड़े परिणाम दिला सकते हैं। विरोधियों की रीति नीति से आपकी परेशानी बढ़ सकती है। तनाव से बचने के लिए ध्यान एवं योग का सहारा लें, राहत मिलेगी। विनम्र रहें।

**मीन : शुभ अंक 5, शुभ रंग सफेद :** अनुभव का लाभ मिलेगा। जानबूझकर की गई गलती का पछतावा होगा। कार्यस्थल पर आपके काम को सराहना मिलेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिणय चर्चाओं में सफलता संभव है।

## मैनेजमेंट फंडा

एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# शिक्षा उस मेंढक जैसी है, जो कठिन हालात में आपसे छलांग लगवाएगी

यदि आपको भरोसा हो कि बेहतर शिक्षा आपको गरीबी जैसी स्थिति से कहीं ऊपर उठा सकती है तो आप इसके लिए कुछ भी करेंगे। चाहे चारदीवारी ही क्यों ना फांदनी पड़े, जैसा कि एक नगर पालिका स्कूल के 210 बच्चों में से अधिकतर करते हैं। वे चारदीवारी पर इसलिए नहीं चढ़ते, क्योंकि वहां शिक्षा खराब है और वो स्कूल से भागना चाहते हैं। बल्कि इसलिए, ताकि अपनी कक्षा तक पहुंच सकें, क्योंकि वे अपनी कक्षा नहीं छोड़ना चाहते।

चूंकि चेन्नई के पूनामल्ली स्थित स्कूल के प्रवेश द्वार के बाहर हमेशा बारिश और सीवेज का गंदा पानी भरा रहता है तो बच्चों के पास दीवार फांदकर अंदर जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता। यह तब है, जब यह स्कूल नगर पालिका कार्यालय के ठीक सामने है। आसपास एक हजार से अधिक लोगों की बस्ती होने के बावजूद एक दशक से अधिक समय से यह समस्या बनी हुई है, क्योंकि पूरे क्षेत्र में सीवर के बुनियादी ढांचे का अभाव है। बड़े लोग अधिकारियों से झगड़ने में व्यस्त हैं, तो बच्चों का मानना है कि शिक्षा ही वह "लीप फ्रॉग" रणनीति है, जिससे वे अपने जीवन की गुणवत्ता सुधार सकते हैं।

आप सोच रहे होंगे कि "लीप फ्रॉग" रणनीति क्या है? यह प्रबंधन में इस्तेमाल होने वाला शब्द है, जिसमें एक मेंढक अपनी स्थिति से थोड़ा पीछे हटता है और फिर सांप जैसे परभक्षियों या बाधाओं को पार करने के लिए लंबी छलांग लगाता है। व्यावसायिक रणनीतियों के लिए इस शब्द का उपयोग होता है, जिसमें झुककर या पीछे हटकर लंबी छलांग के लिए सही मौके का इंतजार किया जाता है। कठिन हालात में रहने वाले लोग इस रणनीति को समझते हैं और अपनी मौजूदा स्थिति से बाहर निकलने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं।

10 वर्ष की संध्या का ही उदाहरण लें। वह एक घुमंतू जनजाति से है, जो अपने सजे-धजे बैलों के साथ झुंड में रहते हैं। विस्थापन के कारण इस समुदाय के बच्चों की स्कूली शिक्षा अमूमन बाधित होती रहती है। स्थायी आश्रय के अभाव में बार-बार रुकावट के कारण उनकी शिक्षा बाधित होती है। बारिश में उनके पास छत नहीं होती। इसीलिए एक से दूसरी जगह जाने के दौरान वे खाली भूखंडों पर फटे-से तंबुओं में रहते हैं। जमीन का मालिक जब उन्हें खदेड़ता है तो उन्हें विस्थापित होना पड़ता है। पांचवीं कक्षा की यह छात्रा समूह के बच्चों के साथ एक अद्भुत काम करती है। वह एक हाथ में स्लेट पकड़ती है और तमिल वर्णमाला और अन्य अक्षरों के जरिए उन्हें सिखाती है। वह जानती है कि गरीबी से निकालने में शिक्षा ही उन बच्चों की मदद करेगी।

दूसरा उदाहरण उन बहुत-सी अफगान महिलाओं का है, जिनके लिए एक-एक करके कई अवसर समाप्त हो गए, क्योंकि उनके देश की नई तालिबान सरकार ने महिलाओं पर कई सारी पाबंदियां लगा दीं। महिलाओं के पार्कों में जाने और रेस्तरां में खाने पर रोक जैसी कई चीजों के अलावा उन्होंने इसके क्रूर काम यह किया कि प्राथमिक स्कूल से आगे की शिक्षा पर प्रतिबंध लगा दिया। मजबूरन वे ऑनलाइन शिक्षा की ओर बढ़ीं। और उनकी उम्मीद तब फिर से जागी, जब उनसे बहुत दूर यूनान की रहने वाली एक अन्य अफगान शरणार्थी ने उनकी अपनी "दारी" भाषा में कंप्यूटर प्रोग्रामिंग और वेबसाइट डेवलपमेंट सिखाने का फैसला किया।

ये तीन उदाहरण क्या बताते हैं? एक व्यक्ति को परिस्थितियों के आगे नहीं झुकना चाहिए, और उसे हरसंभव तरीके से अपने सपनों को हासिल करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। नए कौशल और बेहतर शिक्षा हर किसी को अपना आत्मविश्वास फिर से हासिल करने और वो दिशा दिखाने में मदद करते हैं, जिधर वह अपने जीवन को ले जाना चाहता है। याद रखें कि कीचड़ में बैठा मेंढक एक सुरक्षित स्थान पर छलांग लगाने का निर्णय करने से पहले चारों ओर देखकर सावधानीपूर्वक अपनी स्थिति का आकलन करता है।

**फंडा यह है कि शिक्षा ऐसा वाहन नहीं है, जिस पर आप आसानी से सवारी कर लें। मेरा मतलब है कि सिर्फ विश्वविद्यालयों में जाने से काम नहीं चलेगा। बल्कि, बेहतर अवसर और करियर के लिए आपको वहां कड़ा अध्ययन करना पड़ेगा और मेंढक की तरह चारों ओर देखते रहना होगा।**

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में सीएम की घोषणा

# आंध्र के बुनकरों को फ्री बिजली और 25 हजार की सालाना मदद

भास्कर न्यूज | गुंटूर

मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस महीने से हथकरघा उद्योगों को 200 यूनिट और पावरलूम उद्योगों को 500 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की घोषणा की है। इससे सरकार पर 190 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। इसके अलावा, 'नेतन्ना भरोसा' योजना के तहत प्रत्येक हथकरघा बुनकर परिवार को 25 हजार रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता और हथकरघा उत्पादों पर जीएसटी की 5% तक की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार आंध्र प्रदेश के हथकरघा उत्पादों की समृद्धि को प्रदर्शित करने के लिए अमरावती में एक हथकरघा संग्रहालय स्थापित करेगी। सीएम नायडू ने गुरुवार को मंगलगिरी ऑटोनगर स्थित हथकरघा विकास केंद्र (बुनकर कार्यशाला) में आयोजित राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह में भाग लिया।इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के माध्यम से हथकरघा बुनकरों की आय दोगुनी करना है।



**पंजाब** • मानसिक परेशानी में मदद मांगने में लुधियाना के लोग तीसरे स्थान पर, अमृतसर सबसे आगे

# आत्महत्या करने वाले थे, एक कॉल ने बचा लिया

## हेल्पलाइन पर अब तक 24002 कॉल्स रिसीव कर चुकी

रागिनी कौशल | अमृतसर/लुधियाना

पंजाब में 2 साल में 538 लोगों को आत्महत्या करने से बचा लिया गया। क्योंकि उन्होंने सह कदम उठाने से पहले टेली-मानस हेल्पलाइन पर कॉल किया और एक्सपर्ट काउंसलिंग ने उनका फैसला बदल दिया। यह सरकारी हेल्पलाइन है, जिसका कंट्रोल रूम अमृतसर में है। मई 2023 में शुरू हेल्पलाइन पर अब तक 24002 कॉल्स रिसीव कर चुकी है, जो 14,425 लोगों ने की हैं। मानसिक परेशानियों से उबरने के लिए हेल्पलाइन पर सबसे ज्यादा कॉल्स अमृतसर (4644) से आईं। गुरदासपुर (995), लुधियाना (756), मोहाली (613) और तरनतारन (602) से भी कॉल्स हुई हैं।

## केस स्टडीज... कॉलर बोला- 'मरने जा रहा हूं', 7 मिनट बात की और बच गया

**केस-1: *पहचान की उलझन और ओसीडी से जूझता युवक...*** एक युवक होमोसेक्सुअल था। परिवार और समाज के तानों से वह टूट गया। उसे डिप्रेशन, एंग्जाइटी और ओसीडी हो गया। टेली-मानस पर कॉल कर उसने मदद ली। काउंसलर ने उसे मनस्विता (डीप ब्रिदिंग एक्सरसाइज) सिखाई और फिजिकल थैरेपी के लिए रेफर किया। इलाज के बाद हालत में सुधार आया। अब वह मानसिक रूप से स्थिर है। यह केस दिखाता है कि सही समय पर मिली मदद से मानसिक बीमारियों से बाहर निकला जा सकता है।

**केस-2: *दांतों की बनावट ने कॉन्फिडेंस तोड़ दिया था...*** 28 वर्षीय युवती अपने दांतों की बनावट को लेकर हीन भावना में थी। उसे लगता था लोग उसकी मुस्कान का मजाक उड़ाते हैं। वह ऑफिस जाना छोड़ चुकी थी और एंग्जाइटी व डिप्रेशन में थी। टेली-मानस पर कॉल के बाद उसे 5 काउंसलिंग सेशन दिए गए। डीप ब्रिदिंग और पॉजिटिव बॉडी इमेज पर काम किया गया। युवती ने बदलाव महसूस किया और फिर से ऑफिस जाना शुरू किया।

**भास्कर एक्सपर्ट**

डॉ. संयम गुप्ता,
टेली-मानस सेल इंचार्ज

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों में धीरे-धीरे जागरूकता आ रही है। 18 से 30 साल के युवा सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। ये रिलेशनशिप, काम के दबाव और पहचान को लेकर मानसिक तनाव झेल रहे हैं। इनमें डिप्रेशन, एंग्जाइटी, ओसीडी और पैनिक जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। लोग फिजिकल काउंसलिंग में झिझकते हैं, लेकिन टेली-मानस जैसी सेवाओं ने चीजें बदली हैं। 70% समस्या तो पहली बात में हल हो जाती हैं।




# युवक को विदेश भेजने के नाम पर ₹20.46 लाख ठगे

**कपूरथला** | थाना सिटी पुलिस ने एक युवक को यूरोप देश भेजने के नाम पर 20.46 लाख रुपए की ठगी मारने के आरोप में एक ही परिवार के 4 सदस्यों के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल अभी किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। नवजोत सिंह निवासी गांव हुसैनाबाद ने बताया कि वह यूरोप देश जाना था। इस दौरान उसका संपर्क राजदीपक, उसके पिता सर्बजीत सिंह, माता जसविंदर कौर व बहन सुमन सभी निवासी फतेह नगर चुंगी अमृतसर श्री गोइंदवाल साहिब रोड कपूरथला के साथ हुआ। जिन्होंने उसे कहा कि वह उसे यूरोप देश भेज देंगे। उन्होंने पहले भी कई लोगों को विदेश भेजा हुआ है। बातचीत तय हो गई।

उक्त लोगों ने उससे अलग-अलग तारीखों में 20 लाख 46 हजार रुपए ले लिये। मगर उसे न तो विदेश भेजा और न ही रुपए वापिस किए। जिसके बाद उसने इसकी शिकायत थाना सिटी पुलिस को कर दी।

## पेज एक का शेष...

### राहुल का दावा:...

भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गैर-जिम्मेदाराना और शर्मनाक टिप्पणी की है। उन्होंने चुनाव आयोग को फ्रॉड कहा है, जो शर्म की सारी सीमाएं पार करता है।'

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने जो सबूत जुटाए हैं, वो आपराधिक साक्ष्य हैं। चुनाव आयोग देशभर में ऐसे सबूत नष्ट कर रहा है। पिछले 10-15 साल के मशीन से पढ़ने लायक डेटा व सीसीटीवी फुटेज नहीं दे रहा। यह भारतीय संविधान और ध्वज के खिलाफ अपराध है। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी बहुत कम बहुमत से सत्ता में हैं। उन्हें सत्ता के लिए सिर्फ 25 सीटें चुराने की जरूरत थी। लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 25 सीटें 33 हजार से कम वोटों के अंतर से जीती हैं। उन्होंने चुनाव अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी इस अपराध में शामिल है भले ही सीनियर हो या जूनियर, उसे परिणाम भुगतने होंगे। राहुल ने रात को इंडिया गठबंधन के नेताओं के रात्रिभोज में भी ये आंकड़े प्रस्तुत किए।

इसी बीच, उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि राहुल गांधी ने जिन दो लोगों का उत्तर प्रदेश में वोट होने का दावा किया है, वे लखनऊ या वाराणसी की किसी भी मतदाता सूची में नहीं मिले हैं। जिन तथ्यों का हवाला देकर आरोप लगाए गए हैं, वे भ्रामक और गलत मिले हैं।

### एपल के आईफोन....

खतराः संवेदनशील डेटा की चोरी संभव

सर्ट-इन ने बताया कि इन खामियों में बफर ओवरफ्लो, यूज-आफ्टर-फ्री बग, इनपुट वैलिडेशन की कमी और लॉजिक एरर जैसी तकनीकी समस्याएं शामिल हैं। इनका फायदा उठाकर साइबर अटैकर ▪ संवेदनशील डेटा चुरा सकते हैं। ▪ मनचाहा कोड चला सकते हैं। ▪ सिस्टम की सुरक्षा को दरकिनार कर सकते हैं। ▪ एडमिन स्तर की पहुंच प्राप्त कर सकते हैं

▪ डिवाइस को क्रैश या सेवा बाधित कर सकते हैं।

तुरंत अपडेट करें डिवाइस... सर्ट ने सभी यूजर्स को तुरंत डिवाइस का सॉफ्टवेयर अपडेट करने को कहा है। ये अपडेट सेटिंग्स या ऑफिशियल वेबसाइट से उपलब्ध हैं। साथ ही, यूजर्स को ऑनलाइन एक्टिविटी में सतर्कता बरतने की भी सलाह दी गई है।

### जस्टिस वर्मा की याचिका..

याचिकाकर्ता ने इस मुद्दे पर कोई आपत्ति नहीं जताई और न ही कोई राहत मांगी। जस्टिस वर्मा ने तत्कालीन सीजेआई संजीव खन्ना द्वारा महाभियोग की सिफारिश को भी रद्द करने की मांग की थी। सुप्रीम कोर्ट ने इसे भी खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि इन-हाउस जांच प्रक्रिया को संवैधानिक मान्यता प्राप्त है। यह कोई समानांतर व्यवस्था नहीं है।

### डोभाल से मिले पुतिन...

ट्रम्प ने पुतिन को यूक्रेन युद्ध खत्म करने की दिशा में कदम उठाने के लिए शुक्रवार तक का समय दिया था। इससे ठीक पहले पुतिन की तरफ से मुलाकात की पुष्टि की गई है। माना जा रहा है कि मुलाकात का एजेंडा यूक्रेन युद्ध खत्म करना होगा। इस बैठक में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की शामिल नहीं होंगे।

# 'आप' उम्मीदवार अरोड़ा के चुनाव को चुनौती

**चंडीगढ़** | आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा के लुधियाना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विजयी होने के एक महीने से अधिक समय बाद हाईकोर्ट में एक चुनाव याचिका दायर की गई है। इस याचिका में भ्रष्ट आचरण और खर्च छिपाने के आधार पर उनकी जीत को अमान्य घोषित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता जसविंदर सिंह ने आरोप लगाया है कि अरोड़ा ने सांसद के रूप में चुने जाने के लिए चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध तरीकों और अनुचित और भ्रष्ट आचरण का इस्तेमाल किया। अरोड़ा ने नामांकन पत्र के साथ जमा किए गए हलफनामे में जानबूझकर महत्वपूर्ण जानकारी छिपाई है।

# शोधकर्ताओं ने मिजोरम में खोजी सांप की नई प्रजाति

भास्कर न्यूज | आइज़ॉल

मिजोरम यूनिवर्सिटी के जूलॉजी (प्राणी विज्ञान) विभाग के शोधकर्ताओं ने सांप की एक नई प्रजाति 'स्मिथोफिस लैप्टोफैसिटस' की खोज की है। जूलॉजी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर एचटी लालरेमसंगा ने बताया कि यह नई प्रजाति हर्पेटोलॉजिकल (सरीसृप संबंधी) अभियानों के दौरान सांप के शल्कों (स्केल्स), शारीरिक बनावट और डीएनए के अध्ययन के बाद खोजी गई। यह शोध के निष्कर्ष अंतरराष्ट्रीय साइंस मैग्जीन 'टैप्रोबेनिका' (द जर्नल आफ एशियन बायोडायवर्सिटी) में प्रकाशित हुआ। प्रोफेसर लालरेमसंगा के अनुसार, अब तक दुनियाभर में इस प्रजाति के केवल 5 सांपों की खोज हुई है। यह सांप जहरीला नहीं है ये मुख्य रूप से भारत के उत्तर-पूर्वी हिस्सों और पड़ोसी क्षेत्रों में पाए जाते हैं।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रक्षाबंधन एवं जन्माष्टमी त्यौहार के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

**01823/01824 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी - हज़रत निज़ामुद्दीन - वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 01823 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01824 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 15:45 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी | 09:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | हज़रत निज़ामुद्दीन | ---- | 02:00 |

**चलने के दिन: 01823 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी** से दिनांक 08.08.2025 से 10.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक एवं **01824 हज़रत निज़ामुद्दीन** से दिनांक 09.08.2025 से 11.08.2025 (शनिवार, रविवार एवं सोमवार) तक।
**ठहराव:** दतिया, डबरा, ग्वालियर, मुरेना., धौलपुर, आगरा कैंट, मथुरा जं. एवं कोसी कलाँ स्टेशन।
**स्थान:** सामान्य।

**04081/04082 नई दिल्ली - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04081 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04082 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन: 04081 नई दिल्ली** से दिनांक 14.08.2025 से 16.08.2025 (गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार) तक एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 15.08.2025 से 17.08.2025 (शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार) तक।
**ठहराव:** पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अम्बाला कैंट जं., ढंडारी कलां, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
**स्थान:** प्रथम वाता., वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**04090/04089 आनन्द विहार (ट) - पटना जं. - आनन्द विहार (ट) आरक्षित एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी — 184 फेरे**

| रेलगाड़ी सं.: 04090 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04089 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 14:25 | आनन्द विहार (ट) | 14:50 | ---- |
| 11:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:20 |

**चलने के दिन: 04090 आनन्द विहार (ट)** से दिनांक 08.08.2025 से दिनांक 07.11.2025 (प्रतिदिन) एवं **04089 पटना जं.** से दिनांक 09.08.2025 से दिनांक 08.11.2025 (प्रतिदिन)।
**ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., वाराणसी जं., गाजीपुर सिटी, बलिया, सहतवार, सुरेमनपुर, छपरा एवं पाटलिपुत्र स्टेशन।
**स्थान:** वाता-2 टीयर, वाता-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन न. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.govin अथवा NTES ऐप देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2421/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## क्विज 94 के 100 विजेताओं के नाम




| | | | |
|---|---|---|---|
| | | जगमोहन गुप्ता | *****40633 |
| | | आशा जैन | *****44992 |
| | | नीरू चलाना | *****09016 |
| | | मनीष जैन | *****55065 |
| | | मोहम्मद अली | *****22970 |
| | | तारा शर्मा | *****63645 |
| | | पीयूस जैन | *****63523 |
| | | महेश वोरा | *****20081 |
| | | तनु शर्मा | *****53350 |
| | | शरद मुरारका | *****72342 |
| | | सुरेश उपाध्याय | *****37037 |
| | | महेंद्र कुमार | *****91581 |
| | | आयुषी जैन | *****00859 |
| | | मोतीलाल सैनी | *****80072 |
| सोनू श्रीपत | *****81529 | रवि गुप्ता | *****78999 |
| निशिकांत ढंढारे | *****99759 | विनीता सैनी | *****88794 |
| अनिरुद्ध बोरसे | *****11923 | स्नेहलता शर्मा | *****26633 |
| श्यामसुंदर गुप्ता | *****45105 | रमेश अग्रवाल | *****16477 |
| क्रिस्ता घोष | *****81766 | शिल्पी गोयल | *****73578 |
| मनबोध शर्मा | *****25344 | गणेश लाल तनेजा | *****71181 |
| नलिनी रंजन | *****60089 | विजय शर्मा | *****62049 |
| आशा देवी | *****14777 | रीना चंदेरिया | *****11520 |
| बलबीर कौर | *****47395 | कमल भंडारी | *****66216 |
| उषा अग्रवाल | *****21922 | कालू राम | *****32002 |
| शिल्पा रानी | *****54580 | विकास राठौर | *****38396 |
| हकिम सिंह | *****00007 | आराध्या जैन | *****09158 |
| हेमचंद्र मधुकर | *****44548 | कुलदीप धमनिया | *****76296 |
| रामबाबू रंजन | *****56712 | मधु वर्मा | *****54760 |
| सीता देवी | *****38090 | महेंद्र | *****87088 |
| नवकांत | *****27896 | सतीश जैन | *****77033 |
| समृद्धि साहू | *****08404 | बसंत अग्रवाल | *****28882 |
| साजिदा बेगम | *****48886 | संजय जैन | *****32429 |
| श्रीकांत भट्टड | *****57678 | मनमोहन बंसल | *****30459 |
| रीता उईके | *****07556 | मनोजकुमार जैन | *****47055 |
| राजेश्वर देवांगन | *****65326 | रमेश वेर | *****85710 |
| केका सेन गुप्ता | *****19398 | देवी सिंह | *****51588 |
| चिंता राम खरे | *****60253 | कैलाश गुर्जर | *****00660 |
| निमेश श्रीवास्तव | *****01414 | पार्थ करारा | *****24204 |
| अनिल कुमार | *****65336 | दीपक राज | *****45005 |
| बबिता गोयल | *****22711 | आयुष चौहान | *****87437 |
| संदीप | *****75697 | पंकज पाठक | *****03070 |
| उर्मिला गर्ग | *****96727 | पटेल चंद्रकांत भाई | *****61744 |
| सरोज | *****93629 | देवानंद लखमीचंद | *****71799 |
| भव्य जरोरा | *****89227 | अवि नायर | *****42012 |
| संदीप कुमार | *****19745 | मनीष भाई | *****41741 |
| साहिल यादव | *****01988 | कुसुमबेन भवानीवाला | *****18546 |
| कृतिका कासलीवाल | *****30519 | दवे वंदना | *****00235 |
| विदिशा बंट | *****37550 | निशा गुज्जर | *****10061 |
| प्रकाश चंद काला | *****29112 | हरिकृष्ण गुप्ता | *****35050 |
| सरोज सोलंकी | *****94735 | उर्वशी कसुंद्रा | *****03959 |
| राजेश बिजावत | *****25293 | सुरेश पारिख | *****99627 |
| चुन्नी लाल असवानी | *****53803 | धवल कपाड़िया | *****11555 |
| रहीश खान | *****99329 | नरोत्तमभाई पटेल | *****85437 |
| हिमांशु गुप्ता | *****48814 | अमितभाई वाला | *****82894 |
| हेमलता शर्मा | *****96699 | अमित टेलर | *****23602 |
| सुनीता गर्ग | *****53044 | जयेशकुमार मटरिया | *****20878 |
| कमलेश सोगरवाल | *****81089 | परमार चंदूलाल | *****02525 |

चांदी के सिक्के पर ₹1300/- का वाउचर प्रदान किया जाएगा। यह राशि दिनांक 21 अप्रैल 2025 को प्रचलित दरों पर आधारित है। चांदी के भाव मार्केट कैप के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं।

विजेताओं को दैनिक भास्कर टीम द्वारा संपर्क किया जाएगा।


## भास्कर CLASSIFIED

**आवश्यकता**
**APPOINTMENT**

**ऑफिस स्टॉफ**




**वर्क फ्राम होम**

"सुनहरा अवसर" WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1. TELECOM 5G कंपनी में पार्टटाइम (MESSAGE SENDING- CALLING JOB) करके लड़के-लड़किया, गृहिनी, स्टूडेंट कमाए (21,500-71,900) महीना लैपटॉप+ मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION WHATSAPP करे:- 09641535205, 08670466456

**पार्टटाइम**

भारत की न०-1 ,TELECOM- 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे(MASSAGE SENDING-CALLING-JOB)करके लड़के-लड़कियों, गृहणी, स्टूडेंट कमाए (22,500-75,500) महीना, लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त सभी दस्तावेज WHATSAPP करे- 9508927514, 9142682205

**बिजनेस**
**BUSINESS**

**होम बेस्ड बिजनेस**

**1,00,000 से 5,00,000 महीना** कमाए लेडीज सेनेटरी पैड मशीन, बेबी डाइपर मशीन, पेंटी लाइनर मशीन प्लास्टिक उद्योग लगाए. कच्चा माल ले. तैयार माल दे, ट्रेनिंग ट्रांसपोर्ट सुविधा. 8929557844, 9643010487, 8376089771, 8929557840, 011-25193159, 011-25920179

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does ot stand responsible for the sales propositions.




दैनिक भास्कर क्लासीफाइड में विज्ञापन बुकिंग का सबसे सरल माध्यम

BhaskarAd.com
बनाए विज्ञापन बुकिंग आसान

• घर बैठे ऐड बुकिंग
• आसान ऑनलाइन पेमेंट

9772019222

अब आप क्लासीफाइड, वैवाहिकी, शोक संदेश और जाहिर सूचना के विज्ञापन भी सीधे बुक कर सकते हैं

**भास्कर एनालिसिस** • घरेलू संस्थागत निवेशकों के भारी निवेश से विदेशी बिकवाली बेअसर

# एफआईआई ने इस साल ₹1.8 लाख करोड़ निकाले, डीआईआई ने इससे ढाई गुना लगाए

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर के कारण विदेशी निवेशक आक्रामक बिकवाली कर रहे हैं। विदेशी निवेशकों ने अगस्त माह में अब तक 10,954 हजार करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। यह बिकवाली बीते महीने जुलाई में कुल 47,667 हजार करोड़ की बिकवाली के बाद हुई है। इस साल जनवरी से अब तक विदेशी निवेशक करीब 1.8 लाख करोड़ के शेयर बेच चुके हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक विदेशी निवेशकों ने इस साल जनवरी से भारतीय बाजारों से अपनी पूंजी निकालना शुरू किया था। उस महीने ही करीब 87,375 करोड़ की निकासी हुई। विशेषज्ञों के मुताबिक घरेलू संस्थागत निवेशक यानी डीआईआई विदेशी बिकवाली के खिलाफ ढाल बनकर खड़े हुए हैं। इस साल अब तक डीआईआई ने घरेलू मार्केट में करीब 4.36 लाख करोड़ से ज्यादा लगाए हैं, जो विदेशी निवेशकों की बिकवाली से करीब ढाई गुना अधिक है।

### विदेशी निवेशकों को एफएमसीजी, कंज्यूमर्स सर्विस पर भरोसा

**जुलाई के दूसरे पखवाड़े में आईटी सेक्टर से 14,422 करोड़ निकाले**

| सेक्टर्स (क्षेत्र) | जुलाई 16-31,2025 |
|---|---|
| आईटी | -14,422 |
| वित्तीय सेवाएं | -7,841 |
| तेल, गैस | -4,204 |
| रियल्टी | -3,657 |
| ऑटो, कंपोनेंट्स | -2,425 |
| सॉवरेन | -1,348 |

**एफएमसीजी समेत इन 6 सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी कर रहे हैं**

| सेक्टर्स (क्षेत्र) | जुलाई 16-31,2025 |
|---|---|
| हेल्थकेयर | +700 |
| रसायन | +961 |
| टेलीकम्युनिकेशन | +1,190 |
| मेटल्स और माइनिंग | +1,717 |
| कंज्यूमर सर्विसेज | +1,992 |
| एफएमसीजी | +2,986 |

आंकड़े करोड़ रु. में

**एफआईआई Vs डीआईआई**

| वर्ष 2025 | एफआईआई | डीआईआई |
|---|---|---|
| जनवरी | -87,375 | 86,592 |
| फरवरी | -58,988 | 64,853 |
| मार्च | 2,014 | 37,586 |
| अप्रैल | 2,735 | 28,228 |
| मई | 11,773 | 67,642 |
| जून | 7,489 | 72,674 |
| जुलाई | -47,667 | 60,939 |
| अगस्त* | -10,954 | 18,208 |
| कुल | -1,80,972 | 4,36,722 |

*10 अगस्त तक का डेटा, आंकड़े करोड़ रु. में

**एफआईआई के भारत से निवेश निकालने की यह भी बड़ी वजह**

- **बढ़ता अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड:** अमेरिका में ट्रेजरी यील्ड यानी सरकारी बॉन्ड पर रिटर्न बढ़ रहा है। इसलिए उनके लिए घरेलू मार्केट कम आकर्षक है।
- **महंगा भारतीय बाजार:** घरेलू शेयर बाजार महंगे हैं। निफ्टी 50 इंडेक्स का प्राइस टू अर्निंग्स रेश्यो 24.2 है, जो चीन (16.9), हॉन्गकॉन्ग (12.2), दक्षिण कोरिया (14.7) जैसे बाजारों की तुलना में बहुत ज्यादा है।

## मार्केट टैरिफ के डर से बाहर, क्योंकि जो घाटा होना था, वो पहले ही हो चुका

**भास्कर एक्सपर्ट**



**सनी अग्रवाल**
डीवीपी, फंडामेंटल रिसर्च, एसबीआई सिक्युरिटीज

बाजार टैरिफ के खौफ से बाहर निकल चुका है। टैरिफ से जो नुकसान होना था, वो हो चुका है। इसके चलते बीते 5 हफ्ते लगातार गिरावट रही। इस दौरान सेंसेक्स में 3% से ज्यादा गिरावट रही। साथ ही, मार्केट एफआईआई की बिकवाली से पैदा हुई नकारात्मकता को पचा चुका है। निफ्टी को 24,000 के स्तर पर समर्थन है, जिससे गिरावट की गुंजाइश सीमित है।

**आगे क्या?** घरेलू स्तर पर हमारी इकोनॉमी में कोई बड़ी समस्या नहीं है। मैक्रो-इकोनॉमिक डेटा बेहतर तस्वीर पेश कर रहे हैं। मानसून भी सामान्य है। साथ ही, मार्केट में पर्याप्त लिक्विडिटी है। डीआईआई और आईपीओ से बड़ा निवेश आ रहा है। इसका मतलब है कि बाजार में पर्याप्त नकदी है, जिससे घबराने की जरूरत नहीं है।

**बाजार को कब मिल सकता है बड़ा ट्रिगर?** बाजार को एक पॉजिटिव खबर का इंतजार है, जो शॉर्ट रिकवरी ला सकती है। अगर ट्रेड डील को लेकर अनिश्चितता खत्म होती है, तो बाजार में तेजी का मोमेंटम आ सकता है।

**त्योहारी सीजन:** भारत में अब त्योहारी सीजन शुरू हो रहा है, जिससे बाजार में सकारात्मक गतिविधियां दिख सकती हैं।

**सितंबर तिमाही:** बीते साल सितंबर तिमाही के नतीजे खराब रहे थे। तब से गिरावट शुरू हुई। अगर आगामी सितंबर तिमाही में सुधार दिखता है, तो बाजार को दिशा मिल सकती है।

**एनुअल रिपोर्ट** • बीते साल 4.3 लाख करोड़ रुपए वैल्यू एड

# रिलायंस की हाई ग्रोथ के 4 इंजन: रिटेल, डिजिटल, मीडिया, न्यू एनर्जी

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने रिटेल, डिजिटल सर्विसेज, मीडिया-मनोरंजन और न्यू एनर्जी जैसे चार हाई ग्रोथ के इंजन बनाए हैं। ये पारंपरिक उद्योगों को पूरी तरह बदल देंगे। ये भारतीय उपभोक्ताओं व वैश्विक बाजारों के लिए लॉन्ग टर्म वैल्यू पैदा करेंगे। कंपनी के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने यह बात शेयरधारकों को लिखे पत्र में ही है।

उन्होंने कहा कि ये नए ग्रोथ इंजन टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर आधारित होंगे। एक हजार से अधिक वैज्ञानिक एआई और रिन्युएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में रिसर्च कर रहे हैं। हम ग्रीन एनर्जी, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और उपभोक्ता प्लेटफॉर्म में भारी निवेश कर रहे है। यह भारत का पल है और रिलायंस राष्ट्र के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने में गर्व महसूस करती है। रिलायंस अपने मुख्य 'ऑयल-टू-केमिकल्स' और 'ऑयल एंड गैस' के कारोबार में भी निवेश जारी रखेगी, ताकि भारत की घरेलू मांग को पूरा किया जा सके। कंपनी वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने समूह के भीतर वित्त वर्ष 2025 में 1.4 लाख करोड़ से अधिक का पुनर्निवेश (रिइन्वेस्ट) किया, जो पिछले वर्ष के 1.36 लाख करोड़ रुपए से थोड़ा अधिक है। कंपनी का वैल्यू एड 10.13% बढ़कर 4.3 लाख करोड़ हो गया। कंपनी ने 2023-24 में 3.9 लाख करोड़ रुपए वैल्यू एड किया था।

### हम लोगों को सशक्त बना रहे...



*'हम सिर्फ कारोबार को बड़ा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम ऐसे प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जो लोगों को सशक्त बनाते हैं, असमानता कम करते हैं, स्थिरता लाते हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को ऊपर उठाते हैं।'*
**-मुकेश अंबानी,** चेयरमैन और एमडी, रिलायंस इंडस्ट्रीज

### सरकारी खजाने में रिलायंस का योगदान 2 लाख करोड़ रुपए पार

- रिलायंस का सरकारी खजाने में योगदान 13% बढ़कर 2.1 लाख करोड़ रु. हो गया।
- कंपनी ने 10 वर्षों में शेयरधारकों को 5 गुना मूल्य दिया। इस दौरान मार्केट कैप 3.39 लाख करोड़ से 5 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 17.25 लाख करोड़ रुपए हो गया ।
- वित्त वर्ष 2025 में रिलायंस समूह का कुल पूंजीगत खर्च 1.31 लाख करोड़ रुपए रहा।
- इस राशि का ज्यादातर हिस्सा ओ2सी बिजनेस, रिटेल स्टोर के विस्तार और डिजिटल सर्विस के इंफ्रास्ट्रक्चर में लगाया गया।
- वित्त वर्ष 2025 में कंपनी की आय 7.1 % बढ़कर 10.71 लाख करोड़ रुपए रही।
- मुनाफा 81,309 करोड़ और एबिटा 1.83 लाख करोड़ रहा। दोनों में 2.9% की वृद्धि हुई।

**प्राइमरी मार्केट**

## भारत में 7 माह में 150 आईपीओ, टॉप पर रहा

**नई दिल्ली** | वैश्विक अनिश्चितता के बावजूद दुनियाभर के प्राइमरी मार्केट ने लचीलापन दिखाया है। जनवरी से जुलाई के सात महीनों के दौरान दुनियाभर में आईपीओ से जुटाई रकम सालाना आधार पर 9.5% बढ़कर 49.8 लाख करोड़ रुपए हो गई। हालांकि आईपीओ की संख्या घटी। भारत इस सूची में 150 आईपीओ के साथ टॉप पर है।

### दुनिया: बीते वर्ष से 19% कम आईपीओ, लेकिन 9.5% ज्यादा रकम जुटाई




* 1 जनवरी से 31 जुलाई तक

**डील वैल्यू: 7 माह में आईपीओ से 4.98 करोड़ जुटाए**




### इस साल 7 महीनों में दुनियाभर में टेक एंड कम्युनिकेशन के 97 आईपीओ आए

| सेक्टर | 2024 | 2025 |
|---|---|---|
| टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन | 134 | 97 |
| फाइनेंशियल सर्विसेज | 96 | 88 |
| कंस्ट्रक्शन | 71 | 47 |
| फार्मा एंड हेल्थकेयर | 51 | 55 |
| इंडस्ट्रियल गुड्स एंड मशीनरी | 52 | 53 |

(आंकड़े टॉप 5 सेक्टर के, **स्रोत-** ग्लोबल डेटा)

### टॉप 3: अमेरिका 115 आईपीओ से 1.86 लाख करोड़ रु. जुटाकर दूसरे स्थान पर




(डील वैल्यू के आंकड़े लाख करोड़ रुपए में, स्रोत- ग्लोबल डेटा)

- डेटा फर्म ग्लोबल डेटा द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका 7 माह में 1.86 लाख करोड़ रुपए के 115 आईपीओ के साथ दूसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन 1.24 लाख करोड़ रुपए के 82 आईपीओ के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

**बुलियन** • 22 कैरेट सोना भी 230 रुपए उछलकर 92,244 रु./10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर

# गोल्ड: 1,00,703 रु/10 ग्राम की ऊंचाई पर

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

भारत पर 25% अतिरिक्त अमेरिकी टैरिफ की घोषणा के बाद घरेलू सराफा बाजार में तेजी दिखी। सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ने से 24 कैरेट सोने की औसत कीमत 251 रु. बढ़कर 1,00703 रु./10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। 22 कैरेट सोना भी 230 रुपए चढ़ा। इसकी औसत कीमत 92,244 रु./10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक इससे पहले 23 जुलाई को 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,533 रुपए और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,088 रु. प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंची थी।

### डॉलर कमजोर होने, अमेरिका में ब्याज दर बढ़ने की आशंका से भी आई तेजी

1. डॉलर कमजोर होने और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती की आशंका ने भी सोने में निवेशकों की दिलचस्पी को और बढ़ा दिया। अमेरिकी रोजगार के आंकड़ों से मौद्रिक नीति में ढील की उम्मीदें बढ़ने के बाद डॉलर सूचकांक एक हफ्ते के निचले स्तर 98.01 के आसपास रहा।
2. सीएमई फेडवॉच टूल के अनुसार, व्यापारियों को अब फेडरल रिजर्व की सितंबर बैठक में ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की 94% संभावना दिख रही है। कॉमेक्स में सोने की दिसंबर वायदा की कीमत 0.69% बढ़कर 3,456.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।
3. आरबीआई द्वारा रेपो रेट (5.50%) स्थिर रखने से भी सोने में तेजी आई। आईबीजेए की वीपी अक्षा कंबोज ने कहा, 'मौद्रिक नीति का यह रुख वैश्विक व्यापारिक तनाव और अस्थिरता के खिलाफ रणनीतिक बचाव के रूप में सोने का आकर्षण बढ़ाता है।'



**टैरिफ: ज्वेलरी निर्यात को 30% का झटका लग सकता है**

जेम एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (जीजेईपीसी) के चेयरमैन, किरीट भंसाली ने कहा, 'अमेरिका भारत का सबसे बड़ा बाजार है। भारत के जेम-ज्वेलरी के निर्यात में इसका 30% से ज्यादा हिस्सा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 50% टैरिफ लगाने के फैसले से इस निर्यात पर गंभीर झटका लग सकता है।

**तिमाही नतीजा** • एसेट क्वालिटी में सुधार, एनपीए घटकर 1.42%

# एलआईसी का मुनाफा 5% बढ़कर 11 हजार करोड़, प्रीमियम आय 4.72% बढ़ी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी को अप्रैल-जून तिमाही के दौरान 10,957 करोड़ रुपए का कन्सॉलिडेटेड मुनाफा हुआ। ये बीते साल की समान तिमाही में हुए 10,544 करोड़ रुपए के मुनाफे से 5.02% ज्यादा है। कंपनी की प्रीमियम से आय 4.72% बढ़कर 1,19,618 करोड़ रुपए हो गई। 2024 की अप्रैल-जून तिमाही में ये आंकड़ा 1,14,230 करोड़ था।

प्रथम वर्ष की प्रीमियम आय के संदर्भ में, एलआईसी देश के लाइफ इंश्योरेंस बिजनेस में 63.51% के ओवरऑल मार्केट शेयर के साथ बाजार में सबसे ऊपर बनी हुई है। गुरुवार को नतीजों के ऐलान से पहले कंपनी के शेयर 0.71% गिरकर 886.40 रुपए पर बंद हुए।

### एलआईसी को प्रीमियम से 1,19,618 करोड़ रुपए की आमदनी हुई

| विवरण | 2025 | सालाना ग्रोथ% |
|---|---|---|
| प्रीमियम से आय | 1,19,618 | 4.72% |
| मुनाफा (पीएटी) | 10,957 | 5.02% |
| एक्सपेंस रेश्यो | 10.47% | -1.4% |
| जीएनपीए रेश्यो | 1.42% | -- |

(आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोत- कंपनी फाइलिंग)

एलआईसी की एसेट क्वालिटी में भी सुधार हुआ है। ग्रॉस एनपीए 21% घटकर 8,436 करोड़ रुपए रह गया। वहीं, नेट एनपीए 36% घटकर 3.63 करोड़ रुपए रह गया। ग्रॉस एनपीए रेश्यो अप्रैल-जून 2024 में 1.95% था जो इस साल अप्रैल-जून में घटकर 1.42% पर आ गया।

**ऑटोमोबाइल** • अप्रैल-जून में बढ़ी थी सेल

# जुलाई में वाहनों की रिटेल बिक्री 4.3 फीसदी घटी

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

लगातार तीन महीने की बढ़ोतरी के बाद जुलाई में देश की ऑटोमोबाइल बिक्री सालाना आधार पर 4.3% घट गई। टू-व्हीलर्स की बिक्री 6.5% और कारों की बिक्री मामूली रूप से 0.8% घटी। तिपहिया और ट्रैक्टरों की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़त देखने को मिली।

आमतौर पर त्योहारों से पहले और मानसून की वजह से जुलाई में वाहनों की बिक्री कम ही रहती है। लेकिन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) के मुताबिक इस बार अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितता, आईटी सेक्टर में छंटनी और भारी बारिश ने कंज्यूमर सेंटीमेंट को प्रभावित किया।

फाडा के मुताबिक जुलाई 2025 में डीलर्स ने कुल 19.6 लाख वाहन बेचे, जबकि पिछले साल जुलाई में ये संख्या 20.5 लाख थी। फाडा प्रेसिडेंट सीएस विग्नेश्वर ने कहा कि निकट भविष्य में अनुकूल मानसून और त्योहारों का उत्साह मांग को बढ़ावा देगा। हालांकि निर्यात-शुल्क की अस्थिरता और छिटपुट बाढ़ के जोखिम कायम हैं।

### जुलाई 2025 में दोपहिया की बिक्री 6.48% घट गई

| विवरण | सालाना | मासिक |
|---|---|---|
| रिटेल | ▼4.31% | ▼1.98% |
| दोपहिया | ▼6.48% | ▼6.28% |
| तिपहिया | ▲0.83% | ▲10.73% |
| कार | ▼0.81% | ▲10.38% |
| ट्रैक्टर | ▲10.96% | ▲14.9% |
| कमर्शियल | ▲0.23% | ▲4.19% |

(**स्रोत-** फाडा)

### कार बिक्री में मामूली कमी

कारों की बिक्री जुलाई में बीते साल से 0.81% कम रही। हालांकि जून के मुकाबले इसमें 10.38% की ग्रोथ दर्ज की गई। नए मॉडल, एग्रेसिव रूरल मार्केटिंग और टारगेटेड स्कीम्स से बिक्री को सपोर्ट मिला। महीने के अंत तक रूरल डिमांड बढ़ी, लेकिन शहरी क्षेत्रों में इन्क्वायरी कम रही और कस्टमर सेंटीमेंट सुस्त रहा। फाडा के मुताबिक, इन्वेंट्री का स्तर करीब 55 दिन पर स्थिर है। ऐसे में कंट्रोल्ड डिस्काउंट, आसान फाइनेंसिंग ऑप्शन और शहरी इलाकों में एग्रेसिव मार्केटिंग स्ट्रैटजी पर फोकस रहेगा।



## यूएई के मॉल मुफ्त इनडोर वॉक की सुविधा दे रहे

**दुबई** | बढ़ती गर्मी को देखते हुए यूएई के मॉल फिटनेस प्रेमियों को मुफ्त इनडोर वॉक करने की सुविधा दे रहे हैं। फिटनेस एप पर रजिस्टर करके लोग 30 अगस्त तक रोज सुबह 7 से 9 बजे तक अबु धाबी के यास मॉल और दुबई के सिलिकॉन सेंट्रल मॉल के एसी कैम्पस में वॉक कर सकते हैं। इस मुहिम से मॉल्स को रेगुलर बिजनेस के अलावा भी बिजनेस मिलने और फुटफॉल बढ़ने की उम्मीद है।

## एयरटेल के प्रमोटर ब्लॉक डील में 9 हजार करोड़ रु. के शेयर बेचेंगे

**मुंबई** | टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के प्रमोटर शुक्रवार को ब्लॉक डील के जरिए 9,310 करोड़ रुपए तक के शेयर बेचने की तैयारी में हैं। कंपनी द्वारा एक्सचेंजों को दी गई जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित लेनदेन प्रमोटर ग्रुप की इकाई, इंडियन कॉन्टिनेंट इन्वेस्टमेंट द्वारा किया जाएगा। इस शेयर बिक्री में 5 करोड़ इक्विटी शेयर शामिल होंगे, जो कंपनी के कुल इक्विटी बेस का करीब 0.8% है। ब्लॉक डील के लिए फ्लोर प्राइस 1,862 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है, जो भारती एयरटेल के पिछले बंद भाव से 3.15% कम है।



## भारत का इलेक्ट्रॉनिक एक्सपोर्ट अप्रैल-जून तिमाही में 47% बढ़ा

**नई दिल्ली** | देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 47% से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश से 1.08 लाख करोड़ रुपए मूल्य के इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स एक्सपोर्ट हुए। अप्रैल-जून 2024 के दौरान देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 73,720 करोड़ रुपए का था। निर्यात में ये तेज बढ़ोतरी मोबाइल फोन निर्यात में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई। अप्रैल-जून 2025 के बीच देश से 66,460 करोड़ रुपए के मोबाइल फोन निर्यात किए गए। अप्रैल-जून 2024 के दौरान ये आंकड़ा 42,840 करोड़ था।

**बिजनेस ब्रीफ**

### नालको का लाभ 78% बढ़कर 1050 करोड़ रु.

**नई दिल्ली** | नेशनल एल्युमिनियम कंपनी लि.(नालको) का अप्रैल-जून तिमाही का मुनाफा 78% बढ़कर 1,049.5 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी की आय 33.3% बढ़कर 3,807 करोड़ रुपए रही। नालको ने बीते वित्त वर्ष के लिए 2.50 रु./ शेयर का फाइनल डिविडेंड देने की सिफारिश की है।

### एनएसडीएल: लिस्टिंग के दूसरे दिन 20% उछाल

**मुंबई** | एनएसडीएल के शेयर लिस्टिंग के दूसरे दिन गुरुवार को बीएसई पर 20% उछलकर 1,123.20 रु. पहुंच गए। अपर सर्किट लगने से शेयरों में ट्रेडिंग दिनभर के लिए रोक दी गई। एनएसडीएल के शेयर बुधवार को बीएसई पर 10% प्रीमियम के साथ 880 रु. पर लिस्ट हुए थे।

### माइंडट्री को 792 करोड़ का पैन 2.0 कॉन्ट्रैक्ट

**मुंबई** | आईटी कंपनी एलटीआई माइंडट्री को केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड से देश के पैन (स्थायी खाता संख्या) ढांचे में बदलाव लाने के लिए 792 करोड़ रु. का ऑर्डर मिला है। कंपनी पैन 2.0 प्रोजेक्ट के लिए संपूर्ण टेक्नोलॉजी इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करेगी।

**बिजनेस एंकर** पुरानी लग्जरी घड़ियों के ऑनलाइन डीलर बॉब्स वॉचेस की रिपोर्ट में खुलासा

# पुरानी रोलेक्स घड़ियां लोगों को बना रही अमीर; 15 साल में 550% तक बढ़े दाम, यह रिटर्न शेयर बाजार और रियल एस्टेट से भी ज्यादा

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

क्या एक पुरानी घड़ी आपको अमीर बना सकती है? एक चौंकाने वाली रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 15 वर्षों में सेकेंड-हैंड रोलेक्स घड़ियों ने अमेरिकी शेयर बाजार और रियल एस्टेट जैसे बड़े निवेशों को भी मात दे दी है। 2010 से लेकर अब तक सेकेंड-हैंड रोलेक्स घड़ियों के दाम 550% तक बढ़ गए हैं। अगर आपने 2010 में 2 लाख रुपए की कीमत में एक पुरानी सबमरीनर या जीएमटी-मास्टर II खरीदी होती, तो आज उसकी कीमत लगभग 12 लाख रुपए होती। ऑनलाइन डीलर बॉब्स वॉचेस के विश्लेषण में ये जानकारी सामने आई है। पुरानी घड़ी बेचने वाली कंपनी बॉब्स वॉचेस के फाउंडर और सीईओ पॉल अल्टेरी के मुताबिक, रोलेक्स ने रिटर्न के मामले में रियल एस्टेट, शेयर बाजार, सभी को पीछे छोड़ दिया है। अल्टेरी ने कहा, 'मैंने सोचा था कि डेटोना या शायद सबमरीनर सबसे आगे होगी। लेकिन जीएमटी और डेटजस्ट ने कुल मिलाकर सबसे बड़ा लाभ कमाया। औसत खुदरा कीमतों में 550% की वृद्धि देखना वाकई अविश्वसनीय है।' अल्टेरी के मुताबिक महामारी के दौरान सभी घड़ियों की कीमतों में तेजी आई। कीमतें एक-दो साल की अवधि में लगभग दोगुनी हो गईं। दिलचस्प बात ये है कि सबमरीनर सबसे ज्यादा स्थिर मॉडल साबित हुई। इसकी कीमतें 2022 के उच्चतम स्तर 18.9 लाख रुपए से केवल 8% नीचे गिरीं। अल्टेरी बताते हैं कि जब उन्होंने 2010 में बॉब्स वॉचेस को दोबारा लॉन्च किया था, तब सेकंड-हैंड घड़ियों का बाजार अव्यवस्थित था। उन्होंने पारदर्शिता लाने के लिए कीमतों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना शुरू किया। उन्होंने कहा, 'जब हमने पहली बार लॉन्च किया, तो एक सामान्य सेकंड-हैंड घड़ी की कीमत नई घड़ी से लगभग 30% कम होती थी। आज, रोलेक्स की रीसेल वैल्यू नई घड़ियों से ज्यादा है।'

### डेटजस्ट सबसे ज्यादा बिकने वाला प्रीओन्ड रोलेक्स मॉडल



**जीएमटी-मास्टर II:** इसकी कीमत 2010 से 506% बढ़ गई। ये विंटेज 'पेप्सी' और आधुनिक 'बैटमैन' जैसे मॉडलों की मजबूत मांग को दर्शाता है।
**डेटोना:** इसकी कीमत में 358% की वृद्धि हुई और यह करीब 54 लाख रुपए की उच्चतम कीमत पर पहुंच गई।
**डेटजस्ट:** यह सबसे ज्यादा बिकने वाला रोलेक्स मॉडल था। इसकी कीमतों में 639% तक की बढ़ोतरी देखने को मिली।

## अदाणी पावर बिहार में लगाएगी बिजली प्लांट

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

अदाणी पावर बिहार के भागलपुर जिले में 25 हजार करोड़ रुपए के निवेश से एक थर्मल पावर प्लांट लगाएगी। इसकी क्षमता 2,400 मेगावॉट की होगी। कंपनी को इसके लिए बिहार स्टेट पावर जनरेशन कंपनी से लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) मिला है। इस पहल से राज्य की बिजली सप्लाई में बड़ा सुधार होगा और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। प्लांट के निर्माण में 15 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। अदाणी पावर ने यह टेंडर सबसे कम बोली 6.075 प्रति यूनिट लगाकर जीता है।



**म्यूचुअल फंड** • 1.67 करोड़ नए खाते खुले

# जून तिमाही में नए एसआईपी खाते 18.4 फीसदी बढ़ गए

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में एसआईपी (सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के प्रति निवेशकों का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। अप्रैल-जून की तिमाही में, रिकॉर्ड 1.67 करोड़ नए एसआईपी खाते खोले गए। म्यूचुअल फंड कंपनियों के संगठन एम्फी के डेटा के मुताबिक, यह संख्या जनवरी-मार्च तिमाही के 1.41 करोड़ के मुकाबले 18.4% ज्यादा है। यह मार्केट के उतार-चढ़ाव के बावजूद रिटेल निवेशकों की मजबूत भागीदारी को दर्शाती है। इस शानदार ग्रोथ में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स सबसे आगे रहे। जून तिमाही में ग्रो 41.9 लाख से ज्यादा नए एसआईपी खाते जोड़कर पहले स्थान पर रहा।

### म्यूचुअल फंड निवेशक 2 साल में 42 फीसदी बढ़े

मार्केट एक्सपर्ट्स का मानना है कि निवेशक अब पारंपरिक बचत की जगह निवेश को प्राथमिकता दे रहे हैं। देश में म्यूचुअल फंड्स में निवेश करने वालों की संख्या 5.4 करोड़ हो गई, जो 2024 के मुकाबले 20% और 2023 के मुकाबले 42% ज्यादा है।

**5 सीजन बाद ही बदलाव** • आईपीएल फ्रेंचाइजी की हिस्सेदारी के कारण दबाव, टी20 फॉर्मेट इसलिए ताकि बाकी फ्रेंचाइजी लीग जैसी रहे

# अगले सीजन से 100 नहीं 120 गेंदों का हो सकता है 'द हंड्रेड'

### अक्टूबर में नए बोर्ड की मीटिंग में फैसला संभव

भास्कर न्यूज़ | लंदन

इंग्लैंड में क्रिकेट के सबसे चर्चित फॉर्मेट 'द हंड्रेड' की पहचान खतरे में है। पांच सीजन पुराने इस 100 गेंदों के टूर्नामेंट का फॉर्मेट अगले साल से बदल सकता है और यह टी20 फॉर्मेट (120 गेंद) में खेला जा सकता है। बदलाव की वजह आईपीएल निवेशकों का दबाव है। इस साल टूर्नामेंट की आठ फ्रेंचाइजी में से अधिकांश में हिस्सेदारी बेच दी गई है, जिससे 520 मिलियन पाउंड (करीब 6 हजार करोड़ रु.) की रकम आई है। इन नए निवेशकों में आईपीएल की चार फ्रेंचाइजी हैं, दो भारतीय-अमेरिकी समूह हैं और दो अमेरिकी निवेश कंपनियां हैं। एक फ्रेंचाइजी के सूत्र के मुताबिक, आईपीएल मालिक चाहते हैं कि द हंड्रेड को टी20 फॉर्मेट में बदला जाए, ताकि यह उनकी बाकी लीग (एसए20, आईएलटी20, मेजर लीग क्रिकेट) से मेल खा सके।

नया बोर्ड 20 लोगों का होगा, जिसमें 4 ईसीबी (इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड) से और बाकी 16 सदस्य आठ होस्ट वेन्यू और निवेशकों से होंगे। यानी 20 में से 16 वोट फ्रेंचाइजियों के पास होंगे और ईसीबी अल्पमत में होगा। इससे अक्टूबर में होने वाली बोर्ड मीटिंग में बदलाव होना तय माना जा रहा है। साथ ही, टी20 को 2028 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक में शामिल किया गया है। ऐसे में टी20 को प्रमुखता देना रणनीतिक रूप से भी अहम है।

### दोनों ब्रॉडकास्टर्स भी बदलाव के पक्ष में

द हंड्रेड का 100 बॉल फॉर्मेट 2028 तक स्काई स्पोर्ट्स और बीबीसी के साथ टीवी अनुबंध में शामिल है। दोनों इस फॉर्मेट को बनाए रखने के पक्ष में थे, क्योंकि द हंड्रेड ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। लेकिन दोनों ही ब्रॉडकास्टर्स अब इस फॉर्मेट को बदलने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। अगर अक्टूबर में नए हंड्रेड बोर्ड की तरफ से अनुरोध आता है, तो वे अगले साल से इसे टी20 में बदल सकते हैं।

### नाम द हंड्रेड ही रहेगा क्योंकि यह पहचान बना चुका




माना जा रहा है कि धीरे-धीरे बदलाव करने की बजाय, अगले साल एक बार में बड़ा बदलाव करके नए अंदाज में टूर्नामेंट को लॉन्च किया जाए। ऐसे में नाम 'द हंड्रेड' ही रहेगा, क्योंकि यह पहचान बना चुका है। इसके अलावा, अगले साल कुछ फ्रेंचाइजियों के नाम बदल सकते हैं। ब्रॉडकास्टर्स भी नई डिजिटल स्ट्रेटजी और नई कमर्शियल डील्स के साथ री-लॉन्चिंग के पक्ष में हैं।

### निवेशकों को भरोसाः आगामी वर्षों में आईपीएल जैसा मल्टीबिलियन डॉलर प्रोडक्ट बन सकता है द हंड्रेड



लंदन स्पिरिट में 49% हिस्सेदारी खरीदने वाले टेक टाइटंस समूह के प्रमुख और पालो अल्टो कंपनी के सीईओ निकेश अरोड़ा का मानना है कि हंड्रेड लीग आने वाले समय में आईपीएल जैसी मल्टीबिलियन डॉलर की प्रतियोगिता बन सकती है। अरोड़ा लॉर्ड्स में लंदन स्पिरिट और ओवल इनविंसिबल्स के दोनों कैटेगरी के मैचों में शामिल हुए। उनके साथ गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और यूट्यूब के सीईओ भी मौजूद थे। अरोड़ा ने कहा, 'आईपीएल जीरो से शुरू होकर अरबों डॉलर की लीग बन गया, तो हंड्रेड क्यों नहीं बन सकता?' उन्होंने यह भी बताया कि निवेश के बाद उन्हें कभी पछतावा नहीं हुआ और अब कई और निवेशक इस ग्रुप में शामिल होना चाहते हैं। टेक टाइटंस के एक और सदस्य व अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट के को-फाउंडर सत्यन गजवानी का मानना है कि असली ग्रोथ घरेलू दर्शकों से आएगी। अगर हम स्टेडियम फुल कर पा रहे हैं और लोगों में मैच देखने की उत्सुकता है, तो वही सबसे बड़ी सफलता होगी।

# एक गेंद बाकी रहते एक विकेट से जीता सदर्न ब्रेव

### मैनचेस्टर के डेब्यूटेंट जेम्स एंडरसन रहे फेल

भास्कर न्यूज़ | मैनचेस्टर



सदर्न ब्रेव ने द हंड्रेड में जीत के साथ शुरुआत की है। टूर्नामेंट के दूसरे मुकाबले में सदर्न ब्रेव ने मैनचेस्टर ओरिजनल्स को एक गेंद बाकी रहते एक विकेट से शिकस्त दी। घरेलू मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए मैनचेस्टर ओरिजनल्स ने 100 गेंदों में 131/4 का स्कोर बनाया। ओपनर व कप्तान फिल सॉल्ट ने 41 गेंदों में 4 चौके व 2 छक्के की मदद से 60 रन की पारी खेली। सदर्न ब्रेव के टायमल मिल्स ने 3 विकेट झटके। जवाब में ब्रेव ने 99 गेंदों में 9 विकेट खोकर 133 रन बनाए और लक्ष्य हासिल कर लिया। जेसन रॉय (30) पारी के टॉप स्कोरर रहे। इस मैच से 43 वर्षीय जेम्स एंडरसन और उनसे 26 साल छोटे फरहान अहमद ने एक साथ डेब्यू किया। एंडरसन इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज रहे हैं। एंडरसन और 17 वर्षीय स्पिनर फरहान दोनों ही इस मैच में फेल रहे और कोई विकेट हासिल नहीं कर सके। बता दें कि फरहान के जन्म से पहले एंडरसन इंटरनेशनल क्रिकेट में करीब 200 विकेट झटक चुके थे। फरहान इंग्लिश स्पिनर रेहान अहमद के छोटे भाई हैं।

**टेस्ट** • न्यूज़ीलैंड का स्कोर 174/1, 49 रन की बढ़त

# मैट हेनरी का छठा फाइफर, जिम्बाब्वे 125 रन पर सिमटा

भास्कर न्यूज़ | बुलावायो



पहले टेस्ट की तरह ही दूसरे टेस्ट में भी जिम्बाब्वे का निराशाजनक प्रदर्शन रहा। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दिन मेजबान टीम अपनी पहली पारी में 125 रन पर ढेर हो गई। बैन के बाद वापसी करते हुए ओपनर ब्रेंडन टेलर ने सबसे ज्यादा 44 रन की पारी खेली। कीवी तेज गेंदबाज मैट हेनरी ने 5 विकेट झटके। यह उनके करियर का छठा फाइफर रहा। हेनरी के अलावा डेब्यूटेंट जाकारी फोल्क्स को 4 विकेट मिले। जवाब में न्यूजीलैंड ने गुरुवार का खेल खत्म होने तक अपनी पहली पारी में 174/1 का स्कोर बना लिया और 49 रन की बढ़त ली। स्टंप्स के समय ओपनर डेवोन कॉनवे (79*) और जैकब डफी (8*) क्रीज पर थे। विल यंग 74 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच से तीन कीवी खिलाड़ियों का डेब्यू हुआ। 23 साल के फोल्क्स के अलावा 31 वर्षीय जैकब डफी और 25 वर्षीय मैथ्यू फिशर को टेस्ट कैप मिली।

**भास्कर एनालिसिस** • दो बार की विश्व विजेता ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया-पाक से सीरीज गंवाई

# विंडीजः खिलाड़ी सुपरहिट, टीम फ्लॉप

## टी20 लीग में कैरेबियन प्लेयर्स की धूम, पर नेशनल टीम 5 साल में सर्वाधिक 58 मैच हारी

भास्कर न्यूज़ | किंग्सटन

कभी इंटरनेशनल क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट टी20 पर वेस्ट इंडीज का राज हुआ करता था। विंडीज ने धमाकेदार बल्लेबाजी, आक्रामक गेंदबाजी और दिल जीत लेने वाले कैरेबियन अंदाज से फैंस के दिलों में जगह बनाई थी। वह दो बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब उठाने वाली पहली टीम थी। लेकिन अब वही टीम इस फॉर्मेट में जूझती नजर आ रही है। दुनिया भर की टी20 लीग को सबसे बड़े खिलाड़ी देने वाली यह टीम अब पहचान ही खोती जा रही है। पिछले साल अक्टूबर से खेले 22 में से 18 टी20 मैचों में कैरेबियन टीम को शिकस्त झेलनी पड़ी है। इस बीच, पिछले महीने के अंत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की घरेलू सीरीज में टीम को 0-5 से करारी शिकस्त मिली। वहीं, शुक्रवार से पाक के खिलाफ शुरू होने वाली वनडे सीरीज से पहले कैरेबियन टीम ने उसके खिलाफ पिछले हफ्ते ही 1-2 से टी20 सीरीज गंवाई है। यह प्रदर्शन इसलिए और चौंकाने वाला है क्योंकि कैरेबियाई देशों से आने वाले खिलाड़ी दुनियाभर की टी20 फ्रेंचाइजी लीग के प्रमुख चेहरे हैं। लेकिन उनकी राष्ट्रीय टीम लगातार फेल हो रही है।




### 2020 से 58% सीरीज गंवा चुकी है टीम

एसोसिएट देशों को छोड़कर, साल 2020 की शुरुआत से वेस्ट इंडीज की टीम ने सबसे ज्यादा 58 मैच गंवाए हैं। उसने कुल 109 टी20 मैच खेले हैं, जिनमें से केवल 44 में उसे जीत नसीब हुई है। वेस्ट इंडीज 100+ मैच खेलने के बाद सबसे कम मैच जीती है। इस दौरान कुल 26 द्विपक्षीय टी20 श्रृंखलाओं में से 15 यानी 58% में टीम को शिकस्त झेलनी पड़ी है। घर से बाहर 9 सीरीज में से 7 में टीम को हार मिली है।

### तीन वर्ल्ड कप में नॉक-आउट तक नहीं पहुंची

विंडीज ने साल 2012 और 2016 में दो बार टी20 वर्ल्ड कप का खिताब उठाया। हालांकि, उसके बाद से खेले तीन टी20 वर्ल्ड कप में वह एक बार भी नॉक-आउट राउंड तक नहीं पहुंच सकी है। इस दौरान साल 2022 में कैरेबियन टीम मेगा इवेंट के मुख्य सुपर-12 राउंड के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। वहीं, पिछले साल अपनी मेजबानी में हुए टी20 वर्ल्ड कप में टीम सुपर-8 राउंड से बाहर हो गई थी।

### ...इधर, दुनिया भर की टी20 लीग में कैरेबियाई खिलाड़ियों का दबदबा, सबसे ज्यादा मैच खेलने से लेकर रन बनाने के रिकॉर्ड्स इन्हीं के नाम

- **सबसे ज्यादा मैचः** 38 वर्षीय ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड ने 17 साल में टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक 707 मैच खेले हैं।
- **सबसे ज्यादा रनः** 'यूनिवर्स बॉस' नाम से मशहूर 45 साल के क्रिस गेल ने टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक 14 हजार 562 रन बनाए हैं।
- **सबसे ज्यादा विकेटः** ड्वेन ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में दूसरे सर्वाधिक 631 विकेट झटके हैं।
- **सबसे ज्यादा छक्केः** क्रिस गेल ने टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक 1056 छक्के जड़े हैं।
- **सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैचः** गेल ने टी20 में सर्वाधिक 60 बार मैच जिताऊ प्रदर्शन किया है।
- **सबसे ज्यादा ट्रॉफीः** ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड ने सर्वाधिक 17-17 ट्रॉफी जीती हैं।
- **सबसे ज्यादा टीमः** ड्वेन ब्रावो टी20 में सर्वाधिक 30 टीमों के लिए खेले हैं।
- **सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोरः** गेल ने टी20 में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर 175* बनाए हैं।
- **मेडन सुपर ओवरः** सुनील नरेन ने सुपर ओवर की छह गेंदों पर कोई भी रन नहीं खर्चा था।
- **सबसे ज्यादा शतकः** गेल ने टी20 फॉर्मेट में सर्वाधिक 22 शतक लगाए हैं।
- **सबसे ज्यादा कैचः** पोलार्ड के नाम टी20 में सर्वाधिक 392 कैच पकड़ने का रिकॉर्ड है।



**साल 2024 से टीमों से ज्यादा छक्के लगा रहे निकोलस पूरन**

| टीम/खिलाड़ी | छक्के |
|---|---|
| वेस्ट इंडीज | 373 |
| भारत | 283 |
| पाकिस्तान | 260 |
| **निकोलस पूरन** | **244** |
| ऑस्ट्रेलिया | 237 |

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में अर्जुन एरिगैसी का जीत से आगाज



**चेन्नई|** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में भारत के अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के अवोंडर लियांग को हराया। वहीं, निहाल सरीन को जर्मनी के विंसेंट केमर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चैलेंजर्स सेक्शन में आर. वैशाली, अभिमन्यु पुराणिक और इनियन पी ने ड्रॉ खेले, जबकि डी. हरिका को हार झेलनी पड़ी।

### गुकेश के स्कूल ने जीती वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप

**वर्जीनिया|** चेन्नई के वेलाम्मल विद्यालय ने अमेरिका के वर्जीनिया में आयोजित वर्ल्ड स्कूल टीम चेस चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। यह वही स्कूल है, जहां से वर्ल्ड चैम्पियन डी. गुकेश और ग्रैंडमास्टर आर. प्रागनानंदा जैसे युवा शतरंज सितारे निकले हैं। अमेरिका का हार्कर स्कूल तीसरे पर रहा।

### फुटबॉलः आईएसएल को लेकर संदेह बरकरार

**नई दिल्ली|** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने गुरुवार को कहा कि सुपर कप सितंबर से हो सकता है। हालांकि, आईएसएल को लेकर संदेह है। लीग के आगामी सीजन को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया है, क्योंकि लीग आयोजकों और फेडरेशन के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट को लेकर अनिश्चितता है।

## माइंड गेम # 171

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | | |
| 1 | 3 | | | 5 | | | | |
| | | | 7 | | 9 | | 2 | |
| | 4 | 3 | | | | 1 | | |
| 5 | | 6 | 8 | | | 4 | | 2 |
| 8 | | | 2 | | | | 6 | |
| | 5 | | 6 | 7 | | 2 | | 9 |
| | 8 | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | 4 | | 8 | | |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है।
- हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

**माइंड गेम 170 का जवाब**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 7 | 1 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 4 | 2 | 5 | 7 | 6 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 9 | 4 | 3 | 2 |
| 7 | 8 | 6 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 8 | 7 | 2 | 1 | 9 |
| 1 | 2 | 9 | 3 | 5 | 4 | 8 | 7 | 6 |

## वर्ड-लूप # 171




मिसिंग अक्षर भरें, जिससे 8 अक्षरों का एक नया शब्द बने, जिसे आप क्लॉकवाइज या एंटी क्लॉकवाइज किसी एक तरह से पढ़ सकें।

वर्ड-लूप 170 का जवाबः UNBROKEN

## क्रॉसवर्ड # 961



**बायें से दायें:**

1. अनशन (2,4)। 6. पराजय, शिक्स्त (2)। 8. आकशीय विद्युत (3)। 9. बाप, पूज्य (2)। 10. चेप, लस (2)। 11. शरीर, देह (2)। 12. विभूति भूषण बंधोपाध्याय के उपन्यास पर 1955 में बनी सत्यजीत रे की फिल्म (3,3)। 14. एक वाध्य यंत्र,एक सब्जी (3)। 15. जम्मू-कश्मीर की झील (2)। 16. सफेद/पीला कमल (3)। 17. कीमत (2)। 19. बाधा (3)। 20. धब्बा, कलंक, दाह (2)। 21. गोदी, क्रोड़, अंक (2)। 22. ताया का उल्टा क्रम, पति के भाई की स्त्री (2)। 23. कमल पंखुडी सी आंखो वाला (5)। 24. नरकट (4)। 26. नया (2)। 27. पगार (4)। 28. उर्दू में स्वयंसेवक/स्वेच्छा से काम करने वाला (4)।

**ऊपर से नीचे:**

1. अतीत (4)। 2. सफेद मुलायम मिट्टी (3)। 3. मारा/वध किया हुआ (2)। 4. नाचने के पदविक्षेप का शब्द (4)। 5. बेल, लता (3)। 6. समाचार, कुशलक्षेम (4)। 7. रस से भरी हुई (3)। 12. परा (3)। 13. पांडु पुत्र (3)। 14. कोलाहल (3)। 16. वंश का उद्धार करने वाला (5)। 17. बिहार की सिल्क सिटी (5)। 18. तोरण (5)। 19. अमानत रखी वस्तु चुरा लेना (4)। 20. कीमत (2)। 21. '...' बिजनेस ग्रुप जिसे RPG ग्रुप कहा जाता है (4)। 23. लड़ाई-झगड़ा (3)। 25. मित्र (2)।

**क्रॉसवर्ड 960 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | सु | | च | क | | भा | व | ज |
| मु | ल्ता | नी | मि | ट्टी | | त | न | य |
| फ | न | | न्डा | | शा | | श्री | श्री |
| लि | | ह | वा | म | ह | ल | | रा |
| स | म | र | स | ता | | ह | ज | म |
| | ग | मी | | धि | क्का | र | ना | |
| तो | र | त | री | का | | उ | जा | ला |
| | म | | ति | र | स | ठ | | व |
| क | च्छ | पि | का | | दा | ना | पा | नी |

बिहार में 29 अगस्त से होना है हॉकी टूर्नामेंट

# एशिया कपः सुरक्षा कारणों से पाक ने नाम वापस लिया

भास्कर न्यूज़ | चेन्नई

पाकिस्तान ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए आगामी एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। एशिया कप बिहार के राजगीर में 29 अगस्त से 7 सितंबर तक खेला जाना है। हॉकी इंडिया के एक अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि अब बांग्लादेश को टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। हॉकी इंडिया के सूत्रों के अनुसार, भारत सरकार पाकिस्तान की टीम को वीसा देने के लिए तैयार थी, लेकिन पाकिस्तान हॉकी फेडरेशन ने एशियन हॉकी फेडरेशन को पत्र लिखकर सुरक्षा चिंताओं के कारण टूर्नामेंट में भाग नहीं लेने की जानकारी दी है। यह टूर्नामेंट 2026 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाइंग इवेंट भी है। पाक फेडरेशन ने पहले यह सुझाव भी दिया था कि टूर्नामेंट को किसी अन्य देश में आयोजित किया जाए। जुलाई की शुरुआत में भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की टीम को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। पाक के टूर्नामेंट से हटने के फैसले से नवंबर-दिसंबर में चेन्नई व मदुरै में होने वाले जूनियर वर्ल्ड कप में उसकी संभावित भागीदारी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

### महिला टी20: पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से हारी इंडिया ए

भास्कर न्यूज़ | मैक्के

लेग स्पिनर प्रेमा रावत के तीन विकेटों के बावजूद इंडिया ए को पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 13 रन से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अनिका लेरॉयड (50*) की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 137/6 रन बनाए। प्रेमा रावत ने 4 ओवर में 14 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि सजीवन और राधा को एक-एक सफलता मिली। जवाब में इंडिया ए कप्तान राधा (26*) की अगुआई में 124/5 तक ही पहुंच सकी। उमा छेत्री (31) और राघवी बिष्ट (33) ने संघर्ष किया, लेकिन शेफाली (3 रन) के जल्दी आउट होने से टीम पर दबाव बना रहा।

**टेनिस** • नौवीं सीड रायबकिना को कनाडा ओपन में तीन सेट में हराया

# 18 साल की विक्टोरिया पहले फाइनल में



### अब नाओमी ओसाका से खिताबी मुकाबला

भास्कर न्यूज़ | मॉन्ट्रियल

कनाडा की टीनएज टेनिस प्लेयर विक्टोरिया एमबोको ने कनाडा ओपन के फाइनल में जगह बना ली है। 18 साल की विक्टोरिया ने सेमीफाइनल में बड़ा उलटफेर करते हुए नौवीं सीड एलिना रायबकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया। वर्ल्ड रैंकिंग में 85वें स्थान की विक्टोरिया ने इस मुकाबले के तीसरे सेट में एक मैच प्वाइंट बचाया और दो बार रायबकिना की सर्विस तोड़ी। यह मुकाबला करीब 2 घंटे 46 मिनट तक चला। विक्टोरिया पहली बार किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। वे टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाली ओपन एरा में सबसे युवा कनाडाई महिला खिलाड़ी बन गई हैं। अब फाइनल में विक्टोरिया का सामना जापान की 4 बार की ग्रैंड स्लैम विजेता नाओमी ओसाका से होगा। ओसाका ने डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 6-2, 7-6 से हराया। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 ओसाका 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद पहले टूर लेवल टाइटल की तलाश में हैं।

**भास्कर खास** भारत के खिलाफ ओवल टेस्ट में डिसलोकेट कंधे के साथ मैदान पर उतरे थे इंग्लैंड के वोक्स

# हड्डी टूटी, हौसला नहींः फ्रंट पेज पर खिलाड़ी इस दशा में तो नहीं छपना चाहता; बैटिंग को नहीं उतरता तो खुद को माफ नहीं कर पाताः वोक्स

भास्कर न्यूज़ | लंदन

इंग्लैंड के पेसर क्रिस वोक्स भारत के खिलाफ ओवल में डिसलोकेट कंधे के बावजूद बल्लेबाजी करने उतरे थे। 36 वर्षीय वोक्स ने दर्द को नजरअंदाज करते हुए बाएं हाथ को स्लिंग में लटकाया, बल्ला थामा और मैदान पर उतर गए। हालांकि, इंग्लैंड को 374 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 6 रन की करीबी हार झेलनी पड़ी। लेकिन वोक्स के इस साहसिक फैसले ने दुनिया भर के फैंस का दिल जीत लिया। इतनी गंभीर चोट और दर्द के बावजूद बल्लेबाजी करने के अपने इस फैसले को लेकर वोक्स ने कहा, 'अगर मैंने कोशिश नहीं की होती, तो मैं खुद को माफ नहीं कर पाता। लेकिन कोई भी इस तरह फ्रंट पेज पर नहीं छपना चाहता। मैं चाहता था कि यह पांच विकेट या शतक के लिए हो।' वोक्स ने कहा, 'आप सिर्फ अपने लिए नहीं खेल रहे। यह आपके साथियों, दर्शकों और देश के लिए है। यह एक कर्तव्य है।' ओवल में दर्शकों ने खड़े होकर उनका स्वागत किया और भारतीय खिलाड़ियों ने भी उनकी हिम्मत की सराहना की। वोक्स ने अंतिम विकेट के लिए गस अटकिंसन के साथ 10 रन की अहम साझेदारी निभाकर



मुकाबले को रोमांचक बनाने का काम किया था। वोक्स आउटफील्ड में गेंद को रोकने की कोशिश में कंधा चोटिल कर बैठे थे। उन्होंने बताया, 'मेरा हाथ लटक रहा था। मैं डर गया था कि शायद करियर खत्म हो जाए। ड्रेसिंग रूम में 30 मिनट तक फिजियोथेरेपिस्ट और डॉक्टर ने कंधे को वापस जोड़ने की कोशिश की। आखिरकार कंधा अपनी जगह आया, लेकिन दर्द कम नहीं हुआ।'

हालांकि, जब चौथे दिन के अंत में मुकाबला रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया, तब वोक्स ने कोच ब्रेंडन मैक्कुलम से कहा कि वे बल्लेबाजी के लिए तैयार हैं। इसके लिए उन्होंने असिस्टेंस कोच मार्कस ट्रेस्कोथिक के साथ एक हाथ से बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। वोक्स को तैयार होने के लिए साथी खिलाड़ियों की मदद लेनी पड़ी। वोक्स को 140+ रफ्तार वाले बाउंसर का सामना करने का डर भी था। हालांकि, वोक्स को एक भी गेंद का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन रन दौड़ते समय वोक्स को झटका लगने के कारण बहुत तकलीफ हो रही थी, जो उनके चेहरे पर साफ नजर आ रही थी। उन्होंने कहा, 'हाथ पर पट्टी बांधे होने के बावजूद, दौड़ते समय एक बार मुझे लगा कि मेरा कंधा फिर से उखड़ गया है। इसलिए मैंने हेलमेट उतार दिया, दांतों से दस्ताने फाड़ दिए और फिर चेक किया कि सब ठीक है या नहीं।' वोक्स ने टेस्ट में चोटिल खिलाड़ी के सब्स्टीट्यूशन देने के नए नियम को लेकर कहा कि वह इस फैसले के खिलाफ हैं। हर हाल में लड़ना ही खेल की खूबसूरती है।

### कोनस्टास ऑस्ट्रेलिया ए में एकमात्र टेस्ट खिलाड़ी

भास्कर न्यूज़ | सिडनी

सितंबर में होने वाले भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित हुई। टीम में ओपनर सैम कोनस्टास और नाथन मैकस्वीनी को शामिल किया गया है। यह सीरीज 2026-27 में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को ध्यान में रखते हुए अहम मानी जा रही है। 19 वर्षीय कोनस्टास इस स्क्वॉड में एकमात्र मौजूदा टेस्ट खिलाड़ी हैं। कूपर कॉनॉली और अनुभवी स्पिनर टॉड मर्फी भी टीम का हिस्सा हैं। इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ए और इंडिया ए के बीच लखनऊ में दो 4-दिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके अलावा तीन वनडे कानपुर में होंगे।






## लंदनः कैंसर सेंटर में डिजिटल स्क्रीन पर हुनर दिखाते हैं बच्चे

**लंदन** | तस्वीर लंदन के टॉटनहम कोर्ट रोड स्थित कैंसर सेंटर की है, जहां इन दिनों बच्चों को अपना हुनर दिखाने का अनूठा अवसर मिल रहा है। यहां लगी आउटनेट कंपनी की विशाल स्क्रीन पर 'द बिग बिल्ड एडवेंचर' नामक एक इंटरऐक्टिव शो चल रहा है, जिसमें बच्चे स्क्रीन पर अपनी बिल्डिंग स्किल्स और पेंटिंग जेस्चर्स का प्रदर्शन कर रहे हैं। 6 अगस्त से 31 अगस्त तक चलने वाले इस इवेंट में बच्चों को डिजिटल बिल्डिंग टूल्स और वर्चुअल पेंट उपलब्ध कराए जा रहे हैं। खास बात यह है कि मोशन-ट्रैकिंग कैमरे बच्चों की हरकतों को पकड़कर उन्हें स्क्रीन पर रंग-बिरंगे चित्रों में बदल देते हैं। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को रचनात्मक अनुभव देना ही नहीं, बल्कि कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाना है। इस स्क्रीन को मशहूर इलस्ट्रेटर डेविड वलाडे ने डिजाइन किया है इस पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन करके नए चिल्ड्रन कैंसर हॉस्पिटल के लिए दान भी कर सकते हैं।

**तनाव** • यहां सिर्फ 11 मुस्लिम, 25 करोड़ से इस्लामिक सेंटर बनाने की योजना

# ब्रिटेनः मेगा मस्जिद प्रोजेक्ट के खिलाफ दक्षिणपंथी संगठन, आज बड़ा आंदोलन

भास्कर न्यूज़ | लंदन

ब्रिटेन के लेक डिस्ट्रिक्ट क्षेत्र के डाल्टन-इन-फर्नेस कस्बे में एक मेगा मस्जिद प्रोजेक्ट (साउथ लेक्स इस्लामिक सेंटर) की योजना ने सामाजिक तनाव बढ़ा दिया है। इस कस्बे की जनसंख्या लगभग 7,500 है, जिसमें मुस्लिमों की संख्या महज 11 है। ऐसे में 25 करोड़ रुपए की लागत से एक तीन मंजिला इस्लामिक सेंटर बनाए जाने के फैसले ने स्थानीय निवासियों में भारी असंतोष पैदा कर दिया है।

मस्जिद के समर्थन और विरोध में दो धड़े आमने-सामने आ चुके हैं। जहां समर्थक इसे धार्मिक स्वतंत्रता का प्रतीक बता रहे हैं, वहीं विरोधी इसे 'इलाके की पहचान और संस्कृति पर खतरा' मान रहे हैं।

मेगा मस्जिद का विरोध कर रहे लोगों ने शुक्रवार को बड़े विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी है, जिससे इलाके में टकराव की संभावना बढ़ गई है। प्रशासन ने हालात को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की तैयारी की है। यह मामला अब धार्मिक विवाद नहीं रहा, बल्कि ब्रिटेन में सांस्कृतिक पहचान और आप्रवास पर बहस का प्रतीक बनता जा रहा है।

### दक्षिणपंथी संगठनों ने कहा- इससे अवैध प्रवासियों और अपराध में इजाफा होगा



मेगा मस्जिद का विरोध करते दक्षिणपंथी समर्थक।

- मेगा मस्जिद का विरोध स्थानीय नागरिक, खासकर महिलाएं और व्यापारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि इलाके में मुस्लिम आबादी सिर्फ 11 है, ऐसे में इतने बड़े इस्लामिक सेंटर की जरूरत नहीं। उन्हें डर है कि इसके जरिए प्रवासियों को बसाने की योजना है, जिससे सांस्कृतिक पहचान पर असर पड़ेगा।
- ब्रिटेन फर्स्ट और यूकेआईपी जैसे दक्षिणपंथी संगठन विरोध में सामने आए हैं। यूकेआईपी नेता निक टेनकोनी ने दावा किया कि मस्जिद के चलते अवैध प्रवासी और अपराध में इजाफा होगा। सोशल मीडिया पर भी मस्जिद के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले, जून में भी विरोध प्रदर्शन हुआ था, अब शुक्रवार को बड़े विरोध प्रदर्शन की तैयारी है।
- वेस्टमोरलैंड और फर्नेस काउंसिल ने अफवाहों को खारिज करते हुए तथ्य पत्र जारी किया है और सुरक्षा के लिए पुलिस तैनाती बढ़ाई गई है। वहीं, लेबर सांसद मिशेल स्क्रॉघम ने मस्जिद का समर्थन करते हुए कहा कि कमब्रिया में नस्लवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

### नजदीकी मस्जिद 77 किमी दूर इसलिए 11 डॉक्टरों ने शुरू किया था यह प्रोजेक्ट



साउथ लेक्स इस्लामिक सेंटर 3 मंजिला होगा।

- साउथ लेक्स इस्लामिक सेंटर (एसएलआईसी) की योजना 2021 में उन मुस्लिम डॉक्टरों ने बनाई जो बारो के फर्नेस जनरल अस्पताल में कार्यरत हैं। उनका कहना था कि इलाके में धार्मिक गतिविधियों के लिए कोई सुविधा नहीं है और नजदीकी मस्जिद 77 किमी दूर लैंकेस्टर में है। अस्पताल के पास भूमि न मिलने पर डाल्टन-इन-फर्नेस को विकल्प के रूप में चुना गया, जो अस्पताल से 7 किमी दूर है।
- यह तीन मंजिला केंद्र 1,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में बन रहा है, जिसमें भूतल पर सामुदायिक हॉल, पहले तल पर प्रार्थना स्थल, दूसरे पर कार्यालय और छत पर एक शांत गार्डन होगा। इसकी फंडिंग एसएलआईसी नामक चैरिटी द्वारा की जा रही है।
- इस प्रोजेक्ट को दिसंबर 2021 में मंजूरी मिली थी और 2024 में निर्माण कार्य शुरू हुआ, लेकिन स्थानीय विरोध से निर्माण कार्य में बाधा आई। एसएलआईसी का कहना है कि हम इन चुनौतियों का समाधान शांतिपूर्वक करना चाहते हैं।

**संसद** • इस साल घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 7.34% बढ़ी

# 2025 में जून तक 2,458 उड़ानें कैंसिल या रि-शेड्यूल हुईंः सरकार

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने गुरुवार को लोकसभा में बताया कि इस वर्ष अब तक कुल 2,458 उड़ानों को विनियामकीय और भू-राजनीतिक कारणों से कैंसिल या रि-शेड्यूल किया गया है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक लिखित उत्तर में बताया कि उड़ानों की देरी या रद्द होने की स्थिति में एयरलाइंस को ईंधन, क्रू का ओवरटाइम, रखरखाव, हवाई अड्डा शुल्क और रीबुकिंग जैसी लागतों का सामना करना पड़ता है। साथ ही, मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति में एयरलाइंस को यात्रियों को रिफंड या मुआवजा देना अनिवार्य होता है, विशेषकर अगर देरी अधिक हो या उड़ान रद्द की जाए।

### सबसे ज्यादा इंडिगो की उड़ानें रद्द या रि-शेड्यूल

| एयरलाइंस | उड़ानें |
|---|---|
| इंडिगो | 1,017 |
| एअर इंडिया | 662 |
| एअर इंडिया एक्सप्रेस | 427 |
| स्पाइसजेट | 334 |
| अकासा एयर | 18 |

- 2025 के जनवरी से जून के बीच घरेलू एयरलाइनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 7.34% की वृद्धि दर्ज की गई है।

### नागरिक उड्डयनः इस साल 190 विमानों में तकनीकी गड़बड़ी दर्ज

देश में इस साल 21 जुलाई तक एयरलाइंस ने कुल 190 तकनीकी गड़बड़ियों की रिपोर्ट दी है। लोकसभा में एक लिखित उत्तर में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने बताया कि 2024 में कुल 421 तकनीकी गड़बड़ियां दर्ज की गई थीं। मंत्री ने बताया कि विमान में तकनीकी खामियां सामान्य घटनाएं हैं, जो विमान के विभिन्न हिस्सों या प्रणालियों में खराबी के कारण हो सकती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उड़ान से पहले सभी गड़बड़ियों को ठीक करना एयरलाइंस की जिम्मेदारी होती है।

### यूपीएससी इंटरव्यूः 52,910 में से 33,950 उम्मीदवारों का चयन नहीं

राज्यसभा में सरकार ने बताया कि संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के इंटरव्यू में में शामिल हुए 52,910 में से लगभग 33,950 उम्मीदवारों का चयन नहीं हो सका। कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने एक लिखित उत्तर में बताया कि ऐसे उम्मीदवारों को अन्य रोजगार अवसरों से जोड़ने के लिए सरकार ने जून 2016 में पब्लिक डिस्क्लोजर स्कीम शुरू की थी।

### एकलव्य स्कूलः 4 साल में बच्चों के ड्रॉपआउट मामले पांच गुना बढ़ गए

एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों से छात्रों के ड्रॉपआउट मामलों में 4 वर्षों में 5 गुना वृद्धि हुई है। 2021-22 में जहां 111 छात्र स्कूल छोड़ रहे थे, वहीं 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 552 हो गई। जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि वर्ष 2021-22 से 2024-25 के बीच कुल 1,233 छात्रों ने स्कूल छोड़ा। सबसे अधिक ड्रॉपआउट छत्तीसगढ़ (88), ओडिशा (87) और मध्य प्रदेश (71) से दर्ज किए गए।

**भास्कर नॉलेज**

## गर्मी और उमस में माइग्रेन की दिक्कत क्यों बढ़ती है?



**मेलिंडा वेनर मोयर, न्यूयॉर्क** | गर्मियों में अक्सर लोग सिरदर्द या माइग्रेन की शिकायत करते हैं। तापमान बढ़ते ही कई लोगों को सिर में तेज दर्द, थकान या चक्कर जैसी दिक्कतें होने लगती हैं। पर क्या इसका कारण सिर्फ गर्मी है? विशेषज्ञों की मदद से समझते हैं इसकी वजह और इससे बचाव के तरीके...

- **क्या गर्मी और उमस से सिरदर्द बढ़ जाते हैं?** हां। कई स्टडीज में यह सामने आया है कि गर्म और उमस भरे मौसम में सिरदर्द के मामले बढ़ जाते हैं। एक रिसर्च के अनुसार, हर 6 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने पर सिरदर्द की संभावना 6% तक बढ़ जाती है।
- **सिरदर्द के पीछे कौन-कौन से मौसमीय कारण?** तेज तापमान से शरीर में मौजूद ताप-संवेदनशील नसें एक्टिव हो जाती हैं। नमी और उमस से शरीर की कूलिंग मैकेनिज्म गड़बड़ा जाती है। धूप से आंखों और दिमाग पर असर होता है, खासकर माइग्रेन रोगियों में। एयर प्रेशर में गिरावट भी सिरदर्द को ट्रिगर कर सकती है।
- **तेज धूप कैसे माइग्रेन को ट्रिगर करती है?** तेज धूप ऑक्सिपिटल कॉर्टेक्स (दिमाग का विजुअल सेंटर) को ज्यादा सक्रिय करती है, इससे माइग्रेन होता है।
- **क्या गर्मियों में प्रदूषण भी सिरदर्द की वजह?** जी हां। गर्मी में ओजोन व अन्य प्रदूषक बढ़ते हैं, जो नसों में सूजन व जलन पैदा करते हैं, जिससे सिरदर्द होता है।
- **सिरदर्द से बचने के लिए क्या सावधानियां?** पर्याप्त मात्रा में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। धूप में निकलते वक्त सनग्लास या वाइड-ब्रिम हैट पहनें। धूप में लंबा समय न बिताएं। यदि माइग्रेन बार-बार होता है, तो डॉक्टर से सलाह लेकर प्रिवेंटिव मेडिकेशन शुरू करें।
- **क्या सिरदर्द का कारण सिर्फ मौसम होता है?** नहीं, ऐसा नहीं है। तेज गर्मी एक बड़ा कारण हो सकती है लेकिन अकेला कारण नहीं। कई और भी कारण हैं।

**भंडाफोड़** • स्थानीय पुलिस बेखबर; महाराष्ट्र, गुजरात पुलिस की कार्रवाई

# राजस्थानः थाने से 700 मीटर दूर ड्रग्स फैक्ट्री; 100 करोड़ रु. का केमिकल जब्त

भास्कर न्यूज़ | प्रतापगढ़

राजस्थान के प्रतापगढ़ में थाने से सिर्फ 700 मीटर दूर एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ हुआ। हद यह कि प्रतापगढ़ पुलिस को इस बारे में पता ही नहीं चला। महाराष्ट्र और गुजरात पुलिस ने पूरे नेटवर्क का खुलासा किया। फैक्ट्री से 100 करोड़ रुपए के ड्रग्स बनाने का केमिकल बरामद हुआ है।

फैक्ट्री का खुलासा तब हुआ जब बाड़मेर के सेड़वा क्षेत्र में इसी सिंडिकेट से जुड़ी फैक्ट्री पकड़ी गई और मास्टरमाइंड बिरजू शुक्ला गिरफ्तार हुआ। बिरजू की गिरफ्तारी के बाद प्रतापगढ़ में सक्रिय नेटवर्क ने फैक्ट्री बंद कर दी। केमिकल, मशीनरी और अवैध माल जंगल में 20 फीट गड्ढा खोदकर दबा दिया। कार्रवाई के बाद इतना केमिकल, भारी मशीनें, हाई-प्रोफाइल आरोपी और फिर भी थाना सिर्फ तमाशबीन बना रहा।

**बाड़मेर में पकड़ा 40 लाख का केमिकलः** नेटवर्क का खुलासा तब हुआ जब बाड़मेर के घोलकिया में ड्रग्स फैक्ट्री पर छापा मारा। वहां से 40 लाख का केमिकल जब्त किया। मास्टरमाइंड बिरजू शुक्ला और मांगीलाल सहित दो आरोपियों को पकड़ा। उसी गिरोह के तार प्रतापगढ़ के हथुनिया क्षेत्र से जुड़े मिले। जैसे ही बाड़मेर में गिरफ्तारी हुई, प्रतापगढ़ में सिद्दीक और गैंग ने यहां फैक्ट्री बंद कर दी। नेटवर्क के पीछे दो मुख्य चेहरे महाराष्ट्र का मछिंद्र भोसले और मुंबई का बिरजू शुक्ला हैं।

## फ्रांसः जंगल की आग से 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र खाक



**पेरिस** | दक्षिणी फ्रांस के कॉर्बिएर पहाड़ी इलाके में लगी जंगल की आग ने महज 24 घंटे में 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को राख में बदल दिया है। इस भीषण आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत और दो लोग घायल हुए हैं। स्थिति पर काबू पाने के लिए 2,500 फायरफाइटर्स को तैनात किया गया है। अब तक 900 से ज्यादा घर भी जलकर खाक हो गए हैं।

## गाजा पर कब्जा कर लोगों को हमास के आतंक से मुक्त कराएंगेः नेतन्याहू

भास्कर न्यूज़ | तेल अवीव

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में कहा 'इजराइल गाजा पट्टी पर पूर्ण नियंत्रण चाहता है, लेकिन उसका उद्देश्य वहां शासन करना नहीं है।' उन्होंने कहा कि हम गाजा पर कब्जा करेंगे और लोगों को हमास से मुक्त कराएंगे और हमारे बंधकों को वापस लाएंगे। यह बयान ऐसे समय आया है जब इजराइली कैबिनेट गाजा को लेकर एक अहम बैठक करने जा रही है। नेतन्याहू ने कहा कि हम गाजा पर नियंत्रण इसलिए चाहते हैं ताकि हम हमास को समाप्त कर सकें और वहां एक ऐसा नागरिक शासन स्थापित हो, जो न हमास हो और न ही इजराइल के विनाश की बात करता हो।'

नेतन्याहू ने स्पष्ट किया कि इजराइल गवर्निंग बॉडी के रूप में गाजा में नहीं रहना चाहता, बल्कि सुरक्षा घेरा चाहता है। इस बीच, गाजा में भुखमरी से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 197 हो गया है, जिनमें 96 बच्चे शामिल हैं। गाजा युद्ध शुरू होने के बाद 61,258 फिलिस्तीनी नागरिक मारे जा चुके हैं और 152,045 घायल हुए हैं।

**न्यूज विंडो**

### पीएम मोदी 4 माह में 9 बार बिहार आएंगे, प्रत्येक प्रमंडल में जनसभा-रोड शो करेंगे

**पटना** | पीएम नरेंद्र मोदी 4 महीने में 9 बार बिहार आएंगे। यानि हर महीने औसतन 3 बार बिहार का दौरा करेंगे। इस दौरान वह प्रत्येक प्रमंडल में जनसभा, रोड शो करेंगे। आचार संहिता घोषित होने से पहले वह विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। वहीं, गृहमंत्री अमित शाह के 11 बार बिहार आने की योजना बनाई जा रही है। हालांकि अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।

### अमेरिकाः फ्यूलिंग सिस्टम में खराबी से यूनाइटेड एयरलाइंस की 800 उड़ानें रद्द

**ह्यूस्टन** | यूनाइटेड एयरलाइंस की तकनीकी खराबी के कारण अमेरिका में बुधवार को 800 से अधिक उड़ानें रद्द हुई और सैकड़ों में देरी हुई। ह्यूस्टन के जॉर्ज बुश इंटरकांटिनेंटल एयरपोर्ट पर यात्री परेशान दिखे। समस्या फ्यूलिंग और डिस्पैच सिस्टम में आई थी। एफएए ने बताया कि ग्राउंडिंग यूनाइटेड एयरलाइंस ने खुद शुरू की थी। दिल्ली, मुंबई, लंदन सहित कई मार्गों पर देरी हुई है।

**भास्कर खास** कॉलेज ड्रॉप कर एरिक ने बनाई इंजेक्टिव; चाहत- क्रिप्टो को पारदर्शी, तेज और स्वतंत्र बनाना

# एरिक ने 19 की उम्र में हॉस्टल से शुरू की ब्लॉकचेन कंपनी, 7 साल में ₹11 हजार करोड़ का साम्राज्य, छुट्टी नहीं लेते, दिग्गज भी नेटवर्क से जुड़े

भास्कर न्यूज़ | न्यूयॉर्क

19 की उम्र में जब ज्यादातर लोग परीक्षा और इंटर्नशिप में उलझे रहते हैं, तब चीन के एरिक चेन ने न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के हॉस्टल रूम से इंजेक्टिव लैब्स नाम से एक ब्लॉकचेन प्रोजेक्ट शुरू किया। ये वो दौर था जब क्रिप्टोकरेंसी को लेकर भ्रम ज्यादा था, भरोसा कम। लेकिन एरिक ने एक ऐसा प्लेटफॉर्म खड़ा किया जो न केवल भरोसे का नाम बना, बल्कि वॉल स्ट्रीट की पारंपरिक वित्तीय संस्थाएं भी उसके नेटवर्क का हिस्सा बनने लगीं।

सात साल बाद अब इंजेक्टिव नेटवर्क का वैल्यूएशन करीब 11 हजार करोड़ रु. है। एरिक ने अब तक एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है।

### क्रिप्टो सिर्फ अमीरों का खेल न रह जाए, यही हमारी चिंता है- एरिक



*मैं जब 19 का था, तब हॉस्टल में यह सोचता था कि क्या हम एक ऐसा फाइनेंशियल सिस्टम बना सकते हैं जो किसी गेटकीपर के भरोसे न हो? जहां कोई बैंक, कोई गुप्त संस्था बीच में न हो। मैं नहीं चाहता था कि क्रिप्टो वॉल स्ट्रीट या कुछ 'इनसाइडर्स' का क्लब बन जाए। क्रिप्टो की असली ताकत इसमें है कि यह बिना सीमा और बिना कंट्रोल के है। लेकिन जब आप देखते हैं कि अमीर लोग अपनी ताकत से इसमें भी अपनी दीवारें खड़ी करने लगे हैं, तो डर लगता है। इसी वजह से हमने इंजेक्टिव को एक पब्लिक लेयर-1 के तौर पर डिजाइन किया, जो पूरी तरह से ओपन है और किसी के कंट्रोल में नहीं है। क्रिप्टो सिर्फ अमीरों का खेल न रह जाए, यही हमारी चिंता है।'*

**क्रिप्टो को आम लोगों के लिए सुलभ व निष्पक्ष बनाना मकसद**

इंजेक्टिव लैब्स की शुरुआत एरिक चेन और उनके को-फाउंडर एल्बर्ट चेंग ने मिलकर की थी। इन दोनों का सपना था एक ऐसा ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म तैयार करना जो किसी सेंट्रल अथॉरिटी पर निर्भर न हो, बेहद तेज हो, और पूरी तरह पारदर्शी हो। यही विचार कंपनी का आधार बना।

**मार्क क्यूबन जैसे दिग्गज निवेशक भी इसके समर्थकों में शामिल हैं**

इंजेक्टिव को सिर्फ स्टार्टअप नहीं कहा जा सकता है। इसने खुद को ऐसे स्थापित किया है कि बड़े-बड़े पारंपरिक फाइनेंस हाउस भी इससे प्रभावित हुए बिना नहीं रह पाए। बिनेंस, पैन्टेरा कैपिटल, मार्क क्यूबन जैसे दिग्गज इन्वेस्टर्स भी नेटवर्क से जुड़े हैं। ट्रेडिंग फर्म्स, बैंक और डेवलपर्स ने भी इंजेक्टिव का इस्तेमाल कर एप्लिकेशन बनाए हैं।

**एरिक का अगला मिशनः एआई और ब्लॉकचेन को साथ लाना**

एरिक अब क्रिप्टो के आगे की दुनिया की तैयारी में जुटे हैं। उनके अनुसार अगली चुनौती है, ब्लॉकचेन और एआई को साथ लाना। इंजेक्टिव टीम अब ऐसे टूल्स बना रही है जो एआई संचालित फाइनेंसियल एप्लिकेशन्स के लिए प्लेटफॉर्म दे सकें। एरिक ने ब्लॉकचेन-एआई कोडेशन के लिए हाल ही में प्लेटफॉर्म का ऐलान किया।

## कर्नाटक में 4 यूट्यूबर्स पर हमला; दो एफआईआर दर्ज

एजेंसी | मंगलुरु

कर्नाटक के धर्मस्थल में बड़ी भीड़ ने तीन यूट्यूब चैनलों से जुड़े चार लोगों और एक न्यूज चैनल रिपोर्टर पर हमला कर दिया। ये लोग एक व्यक्ति का इंटरव्यू कर रहे थे, जब उन पर हमला हुआ। पुलिस ने इस घटना को लेकर दो एफआईआर दर्ज की हैं। पहली एफआईआर में हमले और वाहनों को नुकसान पहुंचाने का मामला है, जबकि दूसरी एफआईआर अवैध जमावड़े के संबंध में है। प्राथमिक मेडिकल जांच में किसी के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने बताया कि वीडियो फुटेज की जांच जारी है और कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस सभी मामलों में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है और जांच जारी है।

**जम्मू-कश्मीर** • इस साल का सबसे लंबा अभियान बना

# कुलगाम एनकाउंटरः 7वां दिन; दो आतंकी ढेर, 3 जवान घायल

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के अखल गांव में चल रहा आतंक विरोधी अभियान गुरुवार को सातवें दिन में प्रवेश कर गया, जो इस साल का सबसे लंबा अभियान है। अभियान के दौरान ताजा मुठभेड़ में 3 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जिससे अब तक कुल घायलों की संख्या 7 हो गई है। वहीं, 2 आतंकियों को मार गिराया गया है, हालांकि उनकी पहचान और संगठन का पता नहीं चल सका है। सेना ड्रोन और हेलिकॉप्टर सहित सभी तकनीकी संसाधनों का इस्तेमाल कर रही है। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात कुलगाम मुठभेड़ स्थल पर पहुंचे, जहां चल रहे अभियान की उन्होंने समीक्षा की। उनके साथ कश्मीर के आईजीपी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारी मौके पर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और ऑपरेशन की निगरानी कर रहे हैं।

### कई दिनों से सो नहीं पाए, पानी की किल्लतः ग्रामीण

लगातार गोलाबारी से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। गांववालों ने बताया कि वे सात दिनों से सो नहीं पाए हैं और राशन, पानी व दवाओं की भारी किल्लत झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पुनर्वास की मांग की है। कई घर खाली हो गए हैं और ग्रामीणों में भय का माहौल है। अधिकारियों ने राहत पहुंचाने के प्रयास शुरू किए हैं।

SAMSUNG

Galaxy Z Fold7

Galaxy AI



Critics praise it. Users love it. It's something else.

Slimmer, smarter, and closer to perfection.
ET The Economic Times

Folds slim, still thinks big!
businessline.

By far, the most mature and refined foldable.
HT

Own now at ₹4862/month*

Samsung Care+ Starting ₹638/month#

Pair up Galaxy Watch8 Classic Get ₹15000~ off

Samsung Upgrade up to ₹12000** or Bank cashback up to ₹12000**

HDFC BANK | AXIS BANK | HSBC | Samsung Finance+™

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267664 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated, actual may vary. Actual UX/UI may vary. Color and features as per availability. Samsung account login is required for certain AI features. Samsung does not make any promises, assurances, or guarantees as to the accuracy, completeness or reliability of the output provided by AI features. Samsung promotes responsible use of Artificial Intelligence (AI) features. Samsung disclaims any and all liabilities thereof. *T&C apply. ₹ 4862/month EMI computed on 12 months down payment and 24 months no cost EMI on the price of ₹ 174999 (inclusive of taxes) for 1 unit of Galaxy Z Fold7 12|256GB. #Samsung Care+ T&C apply. 1 unit of Samsung Care+ 2 year Screen protection plan worth ₹ 17999 available at ₹ 638 per month, only when purchased with Galaxy Z Fold7 through Samsung Finance+. Customers eligible for 2 claims/ year for 2 years under Screen protection plan, as per applicable terms of Samsung Care+. Samsung Care+ EMI amount calculated post 15% up-front down payment on the balance 85% amount. ~Discount amount of ₹ 15000 applicable only when purchasing 1 Unit of Galaxy Watch8 Classic together with 1 unit of Galaxy Z Fold7. **Additional upgrade bonus as per Samsung Upgrade program, provided by brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. Bank cashback at the sole discretion of issuer/Bank/ NBFCs/Financiers including those listed on Samsung Finance+ (Financier T&C applies) and vary model wise. Bank cashback only available with HDFC Bank, HSBC and Axis Bank. 24 months no cost EMI only applicable on NBFC. Eligibility for EMI at the sole discretion of the financiers including those listed on Samsung Finance+ (Financier T&C applies). Offer can be revised or withdrawn without prior notice. All third party logos/brands are trademarks/registered trademarks of the respective brand/company.

Scan and experience Galaxy AI

Or WhatsApp "Hi" to 9870 494949 to buy at Samsung Experience Store

Cheil-27848/25

प्रकाशक एवं मुद्रक भारत भूषण द्वारा मालिक मैसर्स डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए 105, INS बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित | संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001